CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, सोमवार 9 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 176 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असम भाजपा के एक्स हैंडल पर वीडियो को लेकर बवाल पेज 2





रातों रात भारत के विश्व कप स्टार बने मोहम्मद सिराज खेल टाइम्स



मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती सम्पादकीय



गलवान तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण पेज 12

# भारत बनेगा 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत और अमेरिका** के बीच हालिया व्यापार समझौता दोनों देशों के रिश्ते को और बेहतर व नई दिशा देने की संभावना के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में अब केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

रविवार को उन्होंने कहा कि भारत को अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है। गोयल ने बताया कि वर्तमान में भारत 300 अरब डॉलर का सामान अमेरिका से खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पार्ट्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि



**कहा: भारत पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में सक्षम**

**भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को दिया अंतिम रूप**

अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा। गोयल ने कहा कि आज भारत व्यापार समझौतों की बातचीत ताकत और आत्मविश्वास के साथ कर रहा है। उनका मानना है कि भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है, और यही हमारी सबसे बड़ी वार्ता ताकत है। गोयल ने यह बात भारत-अमेरिका के बीच शुल्क समझौते के बाद अपने पहले इंटरव्यू में कही। यह समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की ओर पहला कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल के अनुसार यह भविष्य की संभावनाओं को लेकर भारत की रणनीति और ताकत का परिचय है, जिससे देश के लिए नए निवेश और व्यापार के अवसर खुलेंगे। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। यह समझौता किसानों को और अधिक निर्यात अवसर और बेहतर लाभ दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बाजार में नए अवसर किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेंगे।

# गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार



- **सीएम हिमंता ने लगाया गंभीर आरोप**
- **कहा: कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध**

**गुवाहाटी।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी, क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था। असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया, तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा। गौरव गोगोई-एलिजाबेथ पर सीएम हिमंता के 10 आरोप लगाए गए हैं, आरोपों के अनुसार एलिजाबेथ ने आईबी सूत्रों से क्लाइमेट एक्शन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीं। गौरव गोगोई ने चुनावी हलफनामे में पत्नी के पाकिस्तानी बैंक खाते के बारे में नहीं बताया। गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को पेमेंट करने के लिए एफसीआरए नियमों को दरकिनार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान समेत पांच राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है। जबकि दिन के समय कई जिलों में पारा 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर रहा है। इन राज्यों में फरवरी में ही मार्च जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल में मौसम विभाग ने 9 फरवरी से ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। 10 फरवरी को दोनों ही प्रदेशों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

### स्कूली छात्रों के एक करोड़ अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण पूरे

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने मिशन-मोड के अंतर्गत चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर के 83 हज़ार स्कूली छात्रों के लिए एक करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण (एमबीयू) को पूरा करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूआईडीएआई ने सितंबर 2025 में स्कूली छात्रों के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया था। यह अभियान शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस एप्लीकेशन के साथ सफल तकनीकी एकीकरण के बाद शुरू किया गया था। इससे स्कूलों में बच्चों के एमबीयू की स्थिति को देखना संभव हुआ था।

### स्टेट्समैन विंटेज कार रैली में दिखा 'पुराने दौर' का वैभव

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को आयोजित हुई 59वीं वार्षिक 'स्टेट्समैन विंटेज कार रैली' का शानदार समापन हो गया। इस रैली में पुरानी कारों में शुमार 1906 की शानदार 'रेनो' कार ने चार चांद लगा दिए। यह रैली बाराखंभा रोड स्थित 'स्टेट्समैन हाउस' से शुरू होकर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम तक निकली, तो लगा मानो वक्त का पहिया पीछे घूम गया हो।

# आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं: मोदी

## हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसे देशों की असलियत उजागर हो चुकी

कुआलालंपुर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का रविवार को मलेशिया की प्रशासनिक राजधानी पुत्रजाया के पर्दाना पुत्र भवन में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया।

वहीं इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी और मलेशियाई पीएम ने द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत का रुख साफ है, कोई दोहरा मापदंड और समझौता नहीं किया जा सकता, हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसा रवैया अपनाने वाले देशों की असलियत उजागर हो चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशियाई प्रधानमंत्री और वहां की सरकार का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया, वह हमेशा यादगार रहेगा।

**मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की**



### आजाद हिंद फौज के वरिष्ठ सेनानी जयराज राजा राव से मिले पीएम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान आजाद हिंद फौज के पूर्व सैनिक जयराज राजा राव से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आईएनए की ऐतिहासिक भूमिका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बसे भारतीय समुदाय के बीच उसकी स्थायी विरासत को रेखांकित किया।

**भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा : मोदी**

### सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक हुए बड़े समझौते

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे पर कुआलालंपुर से विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने हमारी पार्टनरशिप के पूरे दायरे में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान- प्रदान शामिल हैं। भारत और मलेशिया के बीच अहम समझौतों का विवरण-भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग पर मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग के लिए मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय बिग -**शेष पृष्ठ दो पर**

# सूरजकुंड मेला हादसा: कार्रवाई तेज

- **पुलिस ने संचालक कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला परिसर में 7 फरवरी को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रो. मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट को गिरफ्तार किया है। अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है।

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री रमेश चंद्र सेन की हिरासत में मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता और पूर्व जल संसाधन मंत्री रमेश चंद्र सेन का शनिवार सुबह हिरासत में निधन हो गया। 83 वर्षीय सेन दिनाजपुर जिला जेल में बंद थे। जेल अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तड़के उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह करीब 9:29 बजे डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव होने वाले हैं।

# कुत्ता मुक्त गांव के नाम पर चली हत्या की मुहिम

**हैदराबाद।** तेलंगाना के गांवों में अब अजीब सन्नाटा है। कुछ दिन पहले तक गांव में कोई अजनबी आता था, तो आवारा कुत्ते भौंक-भौंक कर गांव को चेता देते थे। अब यहां कोई हलचल नहीं होती। यह हालात किसी एक गांव के नहीं। राज्य के छह जिलों के 12 से ज्यादा गांवों में इस साल की शुरुआत से अब तक 1600 से अधिक कुत्ते मार दिए जाने के आरोप सामने आए हैं। शुरुआत में यह संख्या कम थी। धीरे-धीरे आंकड़ा बढ़ता गया।

दरअसल, गांवों में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ीं, तो दिसम्बर में हुए सरपंच चुनाव में यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। कई जनप्रतिनिधियों ने 'कुत्ता मुक्त गांव' बनाने का वादा किया। इसके बाद गांव से कुत्ते गायब होने लगे। गांव के बाहर सामूहिक कब्र मिलीं, तो संदेह गहराया। जांच में साफ हो गया कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से किया गया। आरोप है कि आंध्र प्रदेश से डॉग कैचर्स बुलवाए और 500 रुपये प्रति कुत्ते के हिसाब से जहरीले इंजेक्शन दिए गए। हनुमानकोंडा जिले के श्यामपेट और अरपेल्ली गांवों में 300 कुत्तों की हत्या की शिकायत दर्ज कराई गई है। कामारेड्डी जिले के वाड़ी, फरीदपेट, बंदारमश्वेरपल्ली, भवानीपेट और पलवनचा गांवों में 200 कुत्ते मारे गए।



- **तेलंगाना में 1600 कुत्तों को दी मौत, आंध्र से डॉग कैचर्स बुलाकर दिए जहरीले इंजेक्शन**

### कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

**वियजवाड़ा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे। मल्होत्रा रेडबर्ड एविएशन में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर (एएफआई) हैं। वहीं, ट्रेनी पायलट की पहचान गौतम शंकर पीआर के रूप में हुई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड का सेसना 172 विमान, वीटी- ईयूसी (एमएसएन- 17265717) था। इसने बेलगावी एयरपोर्ट से 100 किमी पूर्व में बागलकोट के पास एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग की। इंस्ट्रक्टर और कैडेट दोनों सुरक्षित हैं।

# आरएसएस कहे, तो पद छोड़ दूंगा: मोहन भागवत


**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी। भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा। आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है।

- **संघ प्रमुख ने कहा: कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है**
- **सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी**

### बांग्लादेश में 1.25 करोड़ हिंदू, एकजुट हो जाएं तो...

**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। यदि वे एकजुट हो जाएं, तो वे वहां की राजनीतिक व्यवस्था उपयोग अपने हित और अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं। लेकिन उन्हें एकजुट होना होगा। अच्छी बात यह है कि इस बार उन्होंने वहां से भागने का नहीं, बल्कि वहीं रहकर लड़ने का फैसला किया है। अगर अगर उन्हें लड़ना है , तो एकता जरूरी होगी। जितनी जल्दी वे एकजुट होंगे, उतना ही बेहतर होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### कोडीन युक्त सिरप तस्करी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में कोतवाली पुलिस, एसआईटी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के पांच साथियों को मिर्जापुर के भोरसर लिक रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 25-25 हजार रुपये के इनामी अमित जायसवाल (सोनिया), दिवेश जायसवाल (खोजवा), अंकुश सिंह (खोजवा) तथा अभिनव कुमार यादव और घनश्याम मौर्या शामिल हैं। पुलिस के अनुसार से सभी नेपाल भागने की फिराक में थे। उनके पास से 46 विदेशी मुद्रा नोट और एक आईफोन बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंशवाल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### संगम में प्रवाहित की गई पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित की अस्थियां

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। उनके पुत्र जय पवार ने विधि-विधान से अस्थि विसर्जन किया। इस दौरान परिवार के सदस्य और पार्टी कार्यकर्ता भावुक नजर आए। परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से बारामती से प्रयागराज पहुंचा था। जय पवार पिता की अस्थियों का कलश लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। एयरपोर्ट से संगम तक लंबा काफिला घाट पहुंचा, जहां भाजपा और राकांपा के कई नेता भी मौजूद रहे। राकांपा की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी।

# चुनाव आयोग भाजपा का सहयोगी: सपा

## एसआईआर पर फिर बरसे अखिलेश यादव, केवल फॉर्म-6 लागू हो

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और बीजेपी पर फिर हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा का सहयोगी होने का गंभीर आरोप लगाया है, खासकर फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची में धांधली को लेकर उन्होंने इसे लो.कतंत्र के लिए खतरा बताया। वह यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है, लेकिन भाजपा की काली करतूतों के खिलाफ मजबूरी में काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। उन्होंने ने आरा.प लगाया कि उपचुनावों में जिस तरह की गतिविधियां देखने को मिलीं, उससे साफ है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, यहां तक कि आयोग पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म-7 के जरिये फर्जी दस्तक, अंगूठा लगवाना और हस्ताक्षर कराना गंभीर अपराध है, जो चुनाव नियमों की धारा 31 और 32 का खुला उल्लंघन है। इस दौरान उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के संगठन, पीडीए पहरी और जिम्मेदार नेताओं द्वारा समय-समय पर जो फॉर्म उपलब्ध कराए गए, उनसे कई फर्जी मामलों की पहचान हुई। नंदलाल जैसे लोग आज सच्चाई के साथ सामने आए हैं। उन्होंने सहयोग स्वरूप नंदलाल को 1,00,000 की सहायता दी है और उनके घर में दुर्गा माता के मंदिर निर्माण में भी पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कई बीएलओ के बयान सामने आ रहे हैं कि उन्हें दबाया और धमकाया जा रहा है, बावजूद इसके बड़ी संख्या में बीएलओ लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूती से खड़े हैं। सपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्ष रहकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करे, न कि सिस्टम को कमजोर करने का माध्यम बने।

# भारत-अमेरिका टैरिफ समझौता उप्र के लिए अवसर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारतीय निर्यातकों व श्रम प्रधान उद्योगों को वैश्विक विस्तार करेगा

**लखनऊ।** भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा।

उन्होंने कहा कि समझौते में किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा गया है, साथ ही 'मेक इन इंडिया' को मजबूती मिलेगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में प्रस्तावित कटौती से उत्तर प्रदेश के निर्यात-आधारित क्लस्टर्स को संरचनात्मक बढ़त मिलेगी। भदोही-मिर्जापुर कार्पेट, वाराणसी सिल्क, कानपुर-आगरा लेदर, मेरठ-मुरादाबाद होम डेकोर तथा पूर्वांचल के टेक्सटाइल उद्योग को लागत प्रतिस्पर्धा में लाभ होगा। चुनिंदा कृषि उत्पादों और प्रोसेस्ड फूड पर शून्य शुल्क से मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, जबकि फार्मा, मशीनरी और ऑटो कंपोनेंट्स को वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे एमएसएमई इकाइयों की सीधे निर्यात में भागीदारी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और डेटा सेंटर निवेश को भी इस समझौते से प्रोत्साहन मिलेगा। संवेदनशील कृषि क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखते हुए किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन के लिहाज से दीर्घकालिक अवसर करार देते हुए कहा कि यह समझौता राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से, हुई सर्वदलीय बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के साथ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में सदन के सुचारु संच.ालन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 11 फरवरी को पेश करेगी। इस बार बजट का आकार करीब 9 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सरकार का फोकस प्रदेश के समग्र विकास और आम लोगों की सुविधाओं को मजबूत करने पर रहेगा।

## पीक ऑवर में प्रदेश में मिल रही भरपूर सप्लाई

# गर्मियों में यूपी में नहीं होगा बिजली संकट!

लखनऊ, वार्ता



■ ग्रामीण इलाकों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिये बड़े स्तर काम किया गया, छोटे उद्योगों को नई गति मिली

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में कई काम कराए जा रहे हैं। इसके चलते अब यूपी में बिजली संकट पिछले सालों की तुलना में कम होने लगा है। इस योजना के तहत नई लाइनें बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। विद्युत उपकरण भी उच्च क्वालिटी के इंस्टॉल कराए जा रहे हैं। नए उपकेंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब जर्जर लाइनें कम हो गई हैं। उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगने के चलते बिजली संकट की स्थिति काफी कम पैदा हो रही है। प्रदेश सरकार की तरफ से भी लगातार बिजली सप्लाई को लेकर पावर कारपा.रेशन को निर्देश दिए जा रहे हैं।

गर्मी में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसे ध्यान में रखकर तेजी से अनुरक्षण का काम कराया जा रहा है। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है। एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता एक लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी, योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति एक लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में बड़ा सुधार हुआ है। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से काफी कम हो गई है। सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया।

### वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई



इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का मानना है कि बिजली, जहां आम जनता की आधारभूत आवश्यकता है। वहीं प्रदेश की आर्थिक रफ्तार में भी बिजली का बड़ा योगदान है। उद्योग-धंधों को ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध हो सके, जिससे वह ज्यादा से ज्यादा उत्पादन कर सकें, इस ओर सरकार ने ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति हो रही है। आम जनता को भी भरपूर बिजली मिल रही है, तो इंडस्ट्री को भी भरपूर बिजली सप्लाई की जा रही है। इससे उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

# असम बीजेपी के पोस्ट पर बवाल, भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ पार्टी ने बताया नरसंहार जैसा

■ सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में रहते हैं। अब असम से एक और कथित नफरत से भरा वीडियो सामने आया है, जिसने राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है।

आरोप है कि असम भाजपा यूनिट के आधिकारिक एक्स हैंडल से साझा किए गए एक वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को प्रतीकात्मक रूप से मुसलमानों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है। वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसकी कड़ी निंदा शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ खुला उकसाव करार दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह वीडियो 'अल्पसंख्यकों की लक्षित, पॉइंट-ब्लैंक हत्या' को दर्शाता है और यह सीधे तौर पर 'नरसंहार का आह्वान' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई साधारण ट्रोल कंटेंट नहीं, बल्कि सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर है। वेणुगा.पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पर कार्रवाई या निंदा की उम्मीद नहीं है, लेकिन न्यायपालिका को स्वत: संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए और किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। मामले को लेकर राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

सेंसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80
सोना 154570 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार देश

चांदी रु. 300000 प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का असर

मुंबई, वार्ता



पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जाएगा।

अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जाएगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमे.रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौता होने की घोषणा की गई थी, जिससे सेंसेक्स एक दिन में दो हजार अंक (ढाई प्रतिशत) से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ था। आने वाले सप्ताह में गुरुवार को आधार वर्ष 2024 की सीरीज पर पहली बार खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। निवेशकों की नजर इस पर भी होगी। वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। पिछले सप्ताह रविवार को आम बजट के दिन विशेष सत्र के कारण शेयर बाजारों में छह दिन कारोबार हुआ। यह पूरा सप्ताह बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,310.62 अंक (1.59 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजट के दिन रविवार को सेंसेक्स 1,547 अंक टूट गया। अगले ही दिन सोमवार को इसमें 944 अंक की तेजी देखी गई। मंगलवार सुबह अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की जानकारी आने के बाद सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ा



**मुंबई।** बीएसई के सेंसेक्स में रही डेढ़ फीसदी की तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 1,32,206 करोड़ रुपये घट गया।

विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 74,361 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 48,734 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 40,057 करोड़ रुपये बढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 37,063 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 31,797 करोड़ रुपये की बढ़त देखी गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,271 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनीलि.वर का 11,771 करोड़ रुपये बढ़ा। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को एमकैप में 66,428 करोड़ रुपये और इंफोसिस को 55,486 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। भारतीय स्टेट बैंक के बाजार पूंजीकरण में 10,292 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,63,359 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बनी रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,48,250 करोड़ रुपये रहा और यह दूसरे स्थान पर रहा। भारती एयरटेल ने टीसीएस को पछाड़कर एक बार फिर तीसरा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को इसका बाजार पूंजीकरण 10,64,242 करोड़ रुपये रहा।

# चावल, दाल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं में नरमी रही। दालों और चीनी के दाम भी बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा नौ रुपये चढ़कर 3,337 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। पाम ऑयल की औसत कीमत 93 रुपये और मूंगफली तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 34 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 17 रुपये और सोया तेल में छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 189 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 79 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये बढ़ गई। चना दाल में 22 रुपये और मसूर दाल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पीडीपी ने अमेरिकी डील को बताया विनाशकारी

■ जम्मू-कश्मीर में सेब और अखरोट पर मंडराया संकट

**श्रीनगर।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का बयान सामने आया है। पार्टी ने दावा किया है कि अगर अमेरिका से आयातित कृषि और बाग.वानी उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाया गया, तो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगा। पीडीपी के प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल ट्रंबू ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीएम ने जम्मू-कश्मीर के बागवानी क्षेत्र पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रभाव के बारे में नहीं सोचा है। अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर शून्य शुल्क होगा, जम्मू-कश्मीर में उत्पादित सेब और अखरोट का क्या होगा?' मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा पेश किए गए जम्मू-कश्मीर के बजट पर टिप्पणी करते हुए पीडीपी नेता ने कहा कि यह साधारण है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान प्रदान करने में विफल रहा है। उन्होंने बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बजट में बेरोजगारी को दूर करने के लिए कुछ भी नहीं है, जो जम्मू-कश्मीर में एक प्रमुख समस्या है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुरक्षा से लेकर...** कैट्स एलायंस पर ढांचागत समझौता/कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर सहयोग ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मलेशिया के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के बीच सुरक्षा सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान , 10वें मलेशिया-भारत सीईओ फोरम की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण शामिल है। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने आगे कहा कि क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर आधारित भुगतान और यूपीआई लिंक पर काम जारी है। इससे पर्यटकों, कामगारों और व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा। हवाई संपर्क बढ़ाने और नए रूट खोलने पर भी सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने आसियान के साथ सहयोग, भारत की एक्ट ईस्ट नीति, इंडो-पैसिफिक विजन और ब्रिक्स में मलेशिया की भागीदारी का भी जिक्र किया और भविष्य में संबंध और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# आयकर के नए नियम, प्रपत्रों पर सुझाव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित नियमों और प्रपत्रों को सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया है और इस पर हितधारकों की राय और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। नए आयकर अधिनियम को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। यह अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। वित्त मंत्रालय की रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयकर नियमों और प्रपत्रों की अंतिम अधिसूचना से पहले, हितधारकों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रस्तावित आयकर नियम और प्रपत्र भारतीय आयकर विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। संबंधित आयकर नियम और प्रपत्र व्यापक परामर्श के बाद तैयार किए गए हैं, ताकि वे आयकर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप हों। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी हितधारकों को इसका अध्ययन करने और सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे किसान

## व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण के समान बताया

नई दिल्ली, वार्ता



भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने समझौते को भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने 'पूरी तरह आत्मसमर्पण' बताया है। एसकेएम और अन्य किसान संगठनों ने इस समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए वाणिज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इस डील के विरोध में 12 फरवरी की देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का समर्थन कर रहे हैं। किसान संगठनों की तरफ से कहा गया कि सरकार किसानों की पीठ में छुरा घोपने का काम कर रही है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से कहा गया कि इस डील की वजह है कि कृषि और डेयरी उत्पादों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंत.रम व्यापार समझौता भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने पूरी तरह से आत्मसमर्पण है। इस तरह के फैसलों के लिए पीयूष गोयल को इस्तीफा दे देना चाहिए। एसकेएम नेताओं ने कहा कि देशभर के गांवों में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले जलाएंगे। एसकेएम ने 12 फरवरी की आम देशव्यापी को भी अपना समर्थन दिया। अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) के नेता कृष्णा प्रसाद ने कहा कि यह व्यापार समझौता सूखे डिस्टिलर अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार और सोयाबीन तेल जैसी वस्तुओं के लिए बाजार खोलकर कृषि क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डालेगा। यह भी दावा किया कि यह डेयरी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका साथ ही यूरा.पीय संघ (ईयू) के साथ ये समझौते उनकी स्थिर अर्थव्यवस्थाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किए जा रहे हैं और भारत के लिए फायदेमंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन किसानों को और प्रभावित करेगा जो पहले से ही कम आय की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोला है। किसान नेताओं का कहना है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल यह दावा कर रहे हैं कि कृषि और डेयरी सेक्टर को इस समझौते से बाहर रखा गया है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान से साफ है कि भारत ने अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर लगी गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने पर सहमति जताई है। इससे भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खुल जाएगा और भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा।

# दो लकड़ी माफिया गिरफ्तार

## ट्रेक्टर- टिपलर सीज, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना क्षेत्र के वादीगढ़ चौराहे के पास एक बाग में अवैध रूप से आम के हरे भरे पेड़ों को काटते हुए वन विभाग की टीम ने दो लकड़ी माफियाओं को रंगे हाथ पकड़ लिया। जबकि दो फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने चार लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आम की लड़कियों से भरे ट्रैक्टर - टिपलर को सीज कर दिया है।

आज सुबह लकड़ी माफियाओं द्वारा बिना परमिट के वादीगढ़ चौराहे के पास एक बाग में अवैध रूप से आम के हरे-भरे पेड़ कटवाए जा रहे थे। इसी दौरान गोपनीय रूप से मिली सूचना पर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने रईस अहमद पुत्र गरीबा निवासी ग्राम रेहड़ एवं मेहर आलम पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी, थाना अफजलगढ़ को रंगे हाथों पकड़ लिया जबकि फरीद पुत्र अब्दुल रशीद और नईम खां पुत्र छुन्नू खां निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी, थाना अफजलगढ़ फरार हो गए। मौके पर मिले आम की लड़कियों से भरे ट्रैक्टर टिपलर को वन विभाग की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बताया कि लकड़ी माफिया रईस अहमद पुत्र गरीबा निवासी ग्राम रेहड़, मेहर आलम पुत्र खुर्शीद, फरीद पुत्र अब्दुल रशीद व नईम खां पुत्र छुन्नू खां निवासीगण ग्राम कासमपुर गढ़ी, थाना अफजलगढ़ के विरुद्ध अवैध कटान व अवैध परिवहन का मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर-टिपलर को सीज कर दिया गया है। वन विभाग की कार्यवाही से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## कार की चपेट में आकर महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चंपा देवी मंदिर के समीप रहने वाली एक महिला की रविवार सुबह कार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतरा रेलवे फाटक क्षेत्र निवासी दीपक सैनी की पत्नी सोनी सैनी रविवार सुबह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। उसी दौरान घर के गेट पर खड़ी एक कार को हटाने की बात कही गई। परिजनों के अनुसार सोनी ने अपने देवर से वाहन हटाने को कहा और स्वयं सफाई में लग गईं। बताया गया कि वाहन चालक ने जैसे ही गाड़ी में रिवर्स गियर लगाया। अचानक ब्रेक फेल होने से कार पीछे की ओर तेजी से चली गई और सोनी सैनी उसकी चपेट में आ गईं। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतका अपने पीछे पांच वर्षीय पुत्र और एक वर्षीय पुत्री को छोड़ गई है। परिजनों ने बताया कि रविवार को ही बाबा पानप दास की समाधि स्थल पर उनकी एक वर्षीय पुत्री का मुंडन संस्कार होना था, लेकिन हादसे के चलते परिवार में मातम पसर गया और सभी धार्मिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए।

परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर बताई जा रही है। मृतका के पति दीपक सैनी जैतरा रेलवे फाटक पर ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। अचानक हुई इस दुखद घटना से मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

## एक नजर

### सर्प रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा



**नहटौर।** ग्राम करीमपुर मुबारक में लवकुश के घर के अंदर रखे उपलों के बीच एक सर्प छिपा हुआ बैठा था। सूचना मिलते ही सर्प मित्र बी भास्कर मौके पर पहुंचे। सर्प मित्र ने बताया कि यह रैट स्नेक (घोड़ा पछाड़) प्रजाति का सर्प है। रेस्क्यू के दौरान बी भास्कर ने ग्रामीणों को धैर्य रखने की सलाह दी और बताया कि रैट स्नेक आमतौर पर विषैले नहीं होते और पर्यावरण के लिए मित्र के समान हैं। क्योंकि यह चूहों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखने पर उसे मारें नहीं, बल्कि विशेषज्ञों को सूचित करें। सफलतापूर्वक रेस्क्यू करने के बाद सर्प मित्र ने सांप को सुरक्षित स्थान छोड़ दिया है, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### बाइक सवार तीन घायल, एक गंभीर

**नहटौर।** ग्राम रायपुर लकड़ा निवासी सत्यपाल सैनी पुत्र दयाराम (35 वर्ष) पत्नी ज्योति (28 वर्ष) व सास मुनेश देवी के साथ नहटौर से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। नहटौर पैजनिया मार्ग पर बलराम कुंवर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास उनकी बाइक पीआरवी 112 से टकरा गई। घटना में सत्यपाल गंभीर रूप से व दोनों महिलाएं मामूली रूप से घायल हो गए। बताया जाता कि एक अन्य महिला भी बाइक पर सवार थी। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से सत्यपाल को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

### मीनू रानी को पीएचडी की उपाधि



**धामपुर।** मीनू रानी ने हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर उत्तराखण्ड से संस्कृत विषय में 'महाकवि अशोक कुमार डबराल के संस्कृत कथा संग्रह 'दुधुक्षा का समीक्षात्मक अध्ययन' टॉपिक पर शोध करते हुए पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। मीनू रानी का कहना है कि स्त्रियों को भारतीय संस्कृति की परम्पराओं का पालन करते हुए एक सुदृढ़ समाज का निर्माण करना चाहिए। प्रत्येक महिला को अपने सभी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, जिससे समाज में वह अपनी एक श्रेष्ठ पहचान बना सके और अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हो सके।

### जरीना खातून का इंतकाल

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी समाजसेवी मुरादाबाद कमिश्नरी के वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद एड. की वालिदा जरीना खातून 95 वर्षीय का बीती रात अचानक इंतकाल हो गया। इंतकाल की खबर सुनकर परिवार वालों में हड़कंप मच गया था। जरीना खातून एक नेक दिल मिलनसार महिला थी। इंतकाल की खबर सुनकर परिवार में गम का माहौल पैदा हो गया। हर तरफ उनकी मौत से उदासी छा गई। उनके इंतकाल की खबर सुनकर उनको देखने वालों की सैकड़ों लोग की भीड़ जमा हो गई। वह एक नेक दिल मिलनसार महिला थी। वह हर किसी के दुख दर्द में साथ खड़ी रहती थी। उन्होंने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उनके जनाजे की नमाज जोहर की नमाज के बाद मदरसा इस्लामिया रहमानिया के वसी मैदान में अदा की गई। जनाजे में सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी, पूर्व बसपा प्रत्याशी गौहर इकबाल, पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, हाजी सुलेमान फरीदी, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, जिला पंचायत सदस्य इमरान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा इंद्रजीत उर्फ राजा, हाजी शमशाद फरीदी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। वह अपने पीछे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गई है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क



**धामपुर।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार के साथ कांवड़ यात्रा रूट का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कांवड़ यात्रा के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया तथा निरंतर पेट्रोलिंग और सीसीटीवी कैमरा से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा की कांवड़ यात्रा के दौरान आमजन को कोई असुविधा न हो, जिसके लिए यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न करना ही, प्राथमिक लक्ष्य है। इसके लिए सभी पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे और निरंतर निगरानी बनाए रखेंगे।

### आरबीएस में प्रबंध समिति निर्विरोध निर्वाचित

**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कालेज नांगल सोती में प्रबंध समिति के पांच वर्षीय चुनाव में प्रबंध समिति निर्विरोध निर्वाचित हो गयी। एक फरवरी को प्रबंध समिति के चुनाव हेतु पांच पदाधिकारी व सात कार्यकारिणी सदस्य पद पर एक एक नामांकन दाखिल होने से प्रबंध समिति निर्विरोध निर्वाचित हो गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी व प्रधानाचार्य एमडीएस इंटर कालेज नजीबाबाद अनुपम माहेश्वरी व पर्यवेक्षक व प्रधानाचार्य जीआईसी भागूवाला पंकज कुमार की देखरेख में नामांकन सहित चुनाव प्रारंभ हुई थी। प्रबंध समिति के चुनाव में एक पद पर एक नामांकन भरा गया था। जांच के दौरान सभी नामांकन पत्र वैध पाएं गये थे। पीठासीन अधिकारी अनुपम माहेश्वरी ने आज प्रबंध समिति चुनाव की विधिवत घोषणा की है। उनके अनुसार अध्यक्ष पद पर -यशवीर सिंह पुन: निर्वाचित हुए जबकि ,उपाध्यक्ष- प्राची चौधरी, प्रबंधक -ऋषभ प्रताप सिंह एड, उप प्रबंधक - यशवीर सिंह कोषाध्यक्ष - कावेन्द्र सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य के पद पर जितेन्द्र सिंह, अभयराम सिंह, जाकिर अली, कुलवीर सिंह, आकाशदीप, मैनपाल सिंह, लक्ष्मी देवी निर्वाचित हुए हैं। प्रबंध समिति के पूर्व प्रबंधक व कोषाध्यक्ष राघव प्रताप ने प्रबंध समिति के निर्विरोध निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आशा व्यक्त की है। निर्वाचित प्रबंध समिति बेहतर तालमेल व समर्पित प्रयास से विद्यालय को ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

## कार अनियंत्रित होकर ट्रिपलर से टकराई, महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** कार अनियंत्रित होकर ट्रिपलर से टकरा गई। जिसमें मां की मौत हो गई। अपने घर जाते समय कार स्वामी की कार अनियंत्रित होकर पास में खड़े ट्रिपलर से टकरा गई। जिसमें कार में बैठे बच्चे सहित पांचों लोग घायल हो गए। सूचना पर 112 के पुलिस कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

कल शनिवार की शाम 5:30 बजे के करीब ग्राम रामजीवाला छकड़ा निवासी अमित कुमार अपनी कार से अपनी पत्नी स्वाति, माता कमलेश देवी पत्नी स्वर्गीय नरेश कुमार शर्मा एवं बहन नीतू व अपने छोटे बच्चे अक्षत उम्र पांच वर्ष के साथ मंडावर से अपने ग्राम रामजीवाला छकड़ा जा रहा थे। जैस ही उनकी कार बालावाली रोड पर ग्राम मोहद्दीनपुर के पास पहुंची, तो उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े खाली ट्रिपलर से टकरा गई। जिसमें बैठे सभी पांचों लोग घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर डायल 112 व मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर दादी और पोते की हालत को नाजूक देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेरठ के लिए भेज दिया। जिसमें रास्ते में ही दादी कमलेश की मौत हो गई और पोते अक्षत को मेरठ में भर्ती कराया। वहीं अमित पत्नी स्वाति और बहन नीतू की हालत ठीक है।

# गरीबों को साइकिल व कंबल वितरित

## पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज का स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम कल्याणपुर में न्यू विजन हेलपिंग सोसायटी नामक समा. जसेवी संस्था के कार्यालय पर आज सिलाई मशीन, साइकिल तथा कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर शरफत हुसैन ने तथा संचालन मशहूर शायर ऐजाज धामपुरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने सोसायटी की ओर से जरूरतमंद छात्राओं व महिलाओं को साइकिल और सिलाई मशीन वितरित कीं। पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी ने न्यू विजन हैलपिंग सोसायटी के अध्यक्ष, संयोजक व सभी सदस्याओं को बहुत मुबारकबाद दी और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने भी अपने संबोधन में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भरपूर मदद का आश्वासन दिया और संपन्न लोगों से इस प्रकार के कार्य करने का आह्वान किया। सोसायटी के अध्यक्ष मास्टर शरफत हुसैन व प्रबंधक इंजीनियर शहजाद हुसैन ने सोसायटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज संस्था लोगों द्वारा दिए गए अनुदान के कारण ही जरूरतमंदों की मदद कर पा रही है। सोसायटी के संयोजक इंजी. शहजाद हुसैन ने कहा कि संस्था क्षेत्र में निर्धन लड़कियों की शादियों में होने वाले खर्च को उठाने के लिए प्रयासरत है और आशा है कि जल्द ही सफलता प्राप्त कर ली जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सोसायटी के अध्यक्ष व संयोजक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन काजी अरशद मसूद, पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, इंजीनियर शहजाद हुसैन, शबेनूर आदि मौजूद रहे।

# पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह

## मिस फेयरवेल खुशबू एवं मिस्टर फेयरवेल फैसल चुने गए




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मैनेजमेंट सूर्य प्रताप सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती बविता गुप्ता द्वारा भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण, रिबन काटकर एवं केक काटकर विधिवत रूप से की गई।

इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी संभाली। स्वागत गीत के उपरांत कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य एवं भावपूर्ण नाट्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मिस फेयरवेल खुशबू एवं मिस्टर फेयरवेल फैसल रहे। जिसने समारोह में विशेष आकर्षण जोड़ा रहा।

कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय के एम.डी., प्रधानाचार्य श्रीमती बविता गुप्ता एवं समस्त शिक्षकों को पुरस्कार एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही वे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो पाए हैं।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती बविता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास की नींव पर टिका होता है। जो विद्यार्थी अपने मूल्यों और संस्कारों को साथ लेकर आगे बढ़ते हैं, वही जीवन में सच्ची सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं शिक्षक जैनब, वंदना, याशिका, हिमानी पाल, अमिता, विधि, अंशु पाल, कुसुम, सबिता, कंचन, ईशा, हिमानी कौशिक, तरन्नुम, सुरभि, लक्ष्मी, अनीता, नसीरीना, लक्षिका, रीना, दिव्या, प्रियंका, अंचल, प्रतिभा, अलका, पंकज, दीपक, पुलकित, मोहित एवं रवीता की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक, प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय बन गया।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर रामजी उर्फ तेलीपुरा में बुधवार को एक नाबालिग लड़की द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली गई थी। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर ग्राम के ही एक लड़के के विरुद्ध नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना अजीन पर मृतका के पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि उसके चार बच्चे है। जिनमें से एक 15 वर्षीय पुत्री जो कि कक्षा नौ की छात्रा थी। कुछ दिन से पड़ोस के रहने वाले सुरेन्द्र उर्फ मूला पुत्र हेतराम उर्फ गुड्डू से टेलीफोन पर बात करती थी। जब इस बात कि जानकारी मृतका के पिता व उसके परिवार वालों को हुई, तो उसने अपनी नाबालिग पुत्री तथा आरोपी को काफी समझाया। परन्तु दोनों ने मृतका के पिता की बात नहीं मानी एवं दोनों एक-साथ जीने-मरने की बाते करने लगे। लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसकी बेटी को मरने के लिए उकसाता था तथा कहता था कि या तो साथ में शादी करेंगें, नहीं तो मर जायेंगें। गत बुधवार को शाम के लगभग छह बजे आरोपी ने उसकी पुत्री को घर के पास खेतों की ओर बुलाया, जहां आरोपी के साथ मृतका के चाचा ने देख लिया था। आरोपी द्वारा मृतका के हाथ में जहर देकर यह कहते हुए उकसाया गया था कि उनके घर वाले उन्हें एक साथ नहीं देखना चाहते है, इससे अच्छा है कि वे दोनों अपनी जिन्दगी को खत्म कर लेते है। इसके बाद मृतका द्वारा बिना बताये चुपचाप जहर खा लिया गया तथा जिसके बाद में उसकी रात में तबियत खराब हो गयी और मृतका द्वारा यह सारी बाते बाद में पिता व परिवार वालों को बतायी गई थी। मृतका की रात में ही जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु हो गयी थी जिसका पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया था। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पड़ोस में ही रहने वाले लड़के पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बारात में आए युवक की पिटाई मुकदमा दर्ज

**नगीना।** थाना क्षेत्र के सेनवाला ग्राम में एक बारात में शामिल होने आए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना नगीना देहात के ग्राम चन्दनवाला निवासी गौरव कुमार पुत्र अमर सिंह ने पुलिस को बताया कि यह घटना पांच फरवरी की रात लगभग छह बजे हुई। वह सेनावाला ग्राम में बारात में शामिल होने पहुंचा था। शिकायत के अनुसार, जब पीड़ित गौरव धर्मशाला से जंगल की ओर पेशाब करने जा रहा था, तभी थाना नगीना देहात के ग्राम चन्दनवाला के रहने वाले रोहित उर्फ सोनू, दीपु पुत्र कुंवर, कृष्णु पुत्र भगत व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए बेरहमी से लात घुसों से मारपीट की तथा पीड़ित के कपड़े भी फाड़ दिए। झगड़े में पीड़ित गौरव को काफी चोट आयी। आरोपियों ने उसका ओप्पो कम्पनी का मोबाइल फोन भी फोड़ दिया। उसने बताया कि वंश, राजा, सागर व कई गांव वालों ने वाकया देखा और उसे आरोपियों से बचाया। आरोपियों ने आईन्दा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पीड़ित द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कुरान मुकम्मल करने पर दस्तारबंदी

## गैर इस्लामी लिबास, रसूमात व झूठ से परहेज करो : मौलाना शौकत अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका की मारूफ दीनी दर्सगाह दारुल उलूम अमीर माविया से हिफ्ज कुरआन ए करीम से फारिग छह तुलाबाओं हाफिज मौहम्मद यूसुफ, हाफिज मौहम्मद आदिल, हाफिज अब्दुल अजीम, हाफिज मौहम्मद शाकिर, हाफिज मौहम्मद अदनान और हाफिज मौहम्मद अनस की दस्तार बंदी के मौके पर एक अजीम उल शान जलसा का इनइकाद किया गया।

जलसे को खिताब करते हुए मारूफ आलम ए दीन मदरसा जामिया उल उलूम के मोहतमिम मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने कहा कि बरोज महशर नफसा नफसी का आलम होगा और कोई किसी के काम नहीं आएगा। सिर्फ आमाल काम आएंगे। जहन्नुम में जाना मुकद्दर बन जाएगा। ऐसी हालात में हुजूर अकदस सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सिफारिश काम आएगी और आखिर जन्नत का परवाना हासिल हो जाएगा। लेकिन यह सिर्फ उन्हीं के लिए मुमकिन हो सकेगा। जिन्होंने इस्लाम के मुताबिक जिन्दगी गुजारी होगी, जो पुरखुलूस नियत के साथ हुजूर ए सर्वर ए कौनेन पर दरूद शरीफ का नजराना पेश करेगा। उन्होंने कहा कि ऐ मुसलमानों मामला चाहे कारोबार का, लिबास का, खुशी का हो या गम का हर हाल में मुसलमान बन कर रहो, गैर इस्लामी लिबास और रसूमात, झूठ से परहेज और हुकूक की अदायगी करो। हर हाल में पंजगाना नमाज की पाबन्दी से आएगी करो। अपने बच्चों को कुरआन ए करीम की तालीम दिलाओ जो दुनिया और आखिरत में सरबुलन्दी हासिल होगी। बुजुर्ग आलम ए दीन जमीअतुल उलेमा ए हिंद के साबिक रियासती सदर मुफ्ती अब्दुल रहमान की सदारत और मदरसा इशाअतुल उलूम के उस्ताद हदीस मुफ्ती जुबैर आलम की निजामत में मुनाअकिद प्रोग्राम का आगाज कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत कुरान ए करीम और कारी हैदर अली व कारी जावेद अख्तर थेहपुरी की नात ए पाक से किया।

जलसा का इख्तताम मदरसा फैजुल उलूम के मोहतमिम हजरत मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी ने खुसूसी दुआ कराकर किया। मदरसा दारुल उलूम अमीर माविया के मोहतमिम मौलाना मौहम्मद इदरीस ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर खुसूसी तौर से कारी मौहम्मद हारुन, कारी नौशाद, कारी अली हुसैन, मौलाना तसलीम अहमद, कारी मुजाहिद, मौलाना मौहम्मद यूनुस, मौलाना अब्दुल जब्बार, कारी नासिर, हाफिज मौहम्मद अय्यूब, जल जमीयत उलेमा ए हिंद के सेक्रेटरी डॉ. अल्ताफ हुसैन साबरी, तसव्वर हुसैन वगैरा ने जलसे में शिरकत की।

करीबी ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला की सर जमीन पर भी मदरसा जामिया गौसिया अनशरूल इस्लाम में जलसा ए दस्तारबन्दी का इनइकाद हुआ। जिसमें एक तालिब ए इल्म हाफिज अजहरुद्दीन (अनवरपुर चण्डिका) को कुरआन ए पाक हिफ्ज करने पर मेहमान ए खुसूसी हजरत अल्लमा मौलाना मुफ्ती अशफाक ने दस्तारबन्दी कर सन्द से नवाजा। जलसे में उलेमाओं ने कुरआन की फजीलत बयान की। इस मौके पर मौजूद मौलाना शमीम अहमद, मौलाना जहीरूलहक, हफीज रियाज उलहक, मौलाना सरवर मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# हरे-भरे फलदार पेड़ों का कटान

## परमिट की आड़ में चल रहा अवैध खेल, वन विभाग की भूमिका संदिग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों के लगातार हो रहे कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला ग्राम मुकरपुरी का है, जहां फलदार आम के पेड़ों पर बेरहमी से कुल्हाड़ी चला दी गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मुकरपुरी में लगभग 29 आम के पेड़ मौजूद थे, जिनमें से 24 पेड़ों को काट दिया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। बताया जा रहा है पेड़ काट रहे व्यक्ति के पास वन विभाग द्वारा जारी परमिट है लेकिन ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि पूरी तरह हरे-भरे और फलदार आम के पेड़ों को काटने की अनुमति नियमों के विपरीत है। नियमानुसार ऐसे पेड़ों के कटान से पहले वन विभाग द्वारा स्थलीय निरीक्षणकर पेड़ों की वास्तविक स्थिति का आकलन और लिखित रिपोर्ट अनिवार्य होती है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या वास्तव में मौके पर जांच की गई या फिर कागजी कार्रवाई में ही परमिट जारी कर दिया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कम पेड़ों की अनुमति लेकर उससे कहीं अधिक पेड़ काटे जा रहे हैं। यह सब कुछ परमिट की आड़ में खुलेआम किया जा रहा है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि अवैध कटान एक सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्योहारा क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि लगभग हर रोज बड़ी तादाद में हरे-भरे पेड़ों का कटान हो रहा है। फलदार आम के पेड़ों का इस तरह कटना न केवल किसानों और ग्रामीणों की आजीविका पर असर डाल रहा है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और बदलते मौसम के दौर में पेड़ों का संरक्षण बेहद जरूरी है लेकिन यहां स्थिति इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में चर्चाएं हो रही है कि कि ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि वन विभाग के अधिकारी प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे अवैध कटान को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिल रहा है। यहां तक कि यह भी कहा जा रहा है कि हरे-भरे पेड़ काटने वालों को संरक्षण जैसा माहौल मिल रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि परमिट किन आधारों पर जारी किया गया, कितने पेड़ों की अनुमति थी और वास्तव में कितने काटे गए।

# पयाम-ए-इंसानियत व डॉ. मनोज वर्मा की पहल से मजबूर बंदी रिहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गरीबी और आर्थिक मजबूरी के चलते जेल की सलाखों के पीछे जीवन काट रहे एक और इंसान को आजादी नसीब हुई। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनोज वर्मा तथा पयाम-ए-इंसानियत संस्था की मानवीय पहल से मुरादाबाद जेल में बंद गूंगा उर्फ श्मशान पुत्र बजरंग निवासी जिला आजमगढ़ की रिहाई कराई गई। बंदी केवल जुर्माने की राशि अदा न कर पाने के कारण जेल में निरुद्ध था।

बताया गया कि मामला सामने आते ही डॉ. मनोज वर्मा ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तुरंत सहायता का निर्णय लिया और जुर्माने की राशि अदा कराकर एक गरीब व मजबूर व्यक्ति को जेल से बाहर निकलवाने में अहम भूमिका निभाई। इस नेक पहल से बंदी सहित उसके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

पयाम-ए-इंसानियत संस्था के प्रतिनिधि मौलाना अरशद हक्की ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. मनोज वर्मा अब संस्था के सक्रिय सदस्य भी बन चुके हैं और उनके सहयोग से लगातार ऐसे गरीब और बेसहारा बंदियों की मदद की जा रही है, जो केवल आर्थिक अभाव के कारण जेल में सजा काटने को मजबूर हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी पयाम ए-इंसानियत संस्था द्वारा कई जरूरतमंद बंदियों हिंदू व मुस्लिम दोनों समुदायों से की रिहाई जुर्माने की रकम अदा कराकर कराई जा चुकी है।

## एक नजर

### युवती को भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला कलालान निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती छह फरवरी को उसकी 19 वर्षीय भतीजी को मौहल्ला अकाबरान निवासी गुड्डू का लड़का उमैद बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी भतीजी दिमागी तौर पर बीमार है, जिसके कारण उसे युवती की जान व इज्जत का खतरा है। तहरीर में बताया गया कि जानकारी करने पर पता चला आरोपी के दोस्त फैज पुत्र नामालूम, जुनैद पुत्र नसीम मौहम्मद काजी सराय निकट छंगा वाला चौक, जैद पुत्र नामालूम शामिल है। प्राप्त तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोलर फेंसिंग लाइन की जानकारी दी



**कालागढ़।** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र में एक दिवसीय सोलर फेंसिंग रखरखाव सुरक्षा कार्यशाला सोलर फेंसिंग मेंटेनेंस सिक्योरिटी वर्कशॉप आयोजित की गयी। अमित कुमार ग्वासीकोटी निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा कार्यशाला में आये अतिथियों एवं स्टाफ का स्वागत करते हुए कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत विभिन्न चौकियों परिसरों में स्थापित सोलर फेंसिंग के रखरखाव सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित प्रतिभागियों से उनके चौकियों में स्थापित सोलर फेंसिंग की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गयी। संदीप नारंग कस सलूशन एवं एसके नारंग कस सलूशन रामनगर के द्वारा सोलर फेंसिंग की स्थापना की गई। सोलर फेंसिंग के वायर, पोल, कॉर्नर पोल, अर्थिंग सिस्टम, टूटे इंसुलेटर व ढीली वायर, सोलर पेनल की सफाई, बैटरी मैन्टीनेंश, फेंस लाइन की सफाई आदि पर प्रकाश डालते हुए सोलर फेंसिंग के रख रखाव व छोटी-मोटी कमियों को स्टाफ द्वारा मरम्मत कर सोलर फेंसिंग लाइन को ठीक करने की जानकारी प्रतिभागियों को दी गयी।

### बाबू राम कुमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**राजा का ताजपुर।** रवाना शिकारपुर रोड आरकेएसएम पब्लिक स्कूल के प्रेरणा स्रोत स्व. बाबू रामकुमार सिंह की पुण्यतिथि पर स्कूल स्टाफ व प्रबंध तंत्र ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर फूल चढ़ाएं। विद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्व. बाबू रामकुमार सिंह के सामाजिक सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला गया। प्रबंधक बलराम सिंह ने कहा कि यह विद्यालय उनकी स्मृति को सजोये हुए हैं। उनकी तमन्ना थी कि गरीबों बेसहारों के लिए स्कूल की स्थापना की जाए। उन्होंने यह सपना पूरा कर दिखाया था। आज भले ही वह इस दुनिया में नहीं है। मगर उनकी यादें हमेशा साथ रहेंगी। समाजोत्थान की भावना के अनुरूप यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक अच्छी संस्कारित शिक्षा देकर उनके सपनों को पूरा कर रहा हैं। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद मनोज कुमार, संदीप कुमार, प्रधानाचार्य आशाराम राजपूत, कमलजीत सिंह नूर, अनुराग त्यागी, सामर्थ सिंह आदि ने भाग लिया।

### चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन




**नहटौर।** 'स्वस्थ नहटौर' अभियान के तहत नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 22 में हाथी वाले मंदिर के निकट शाही मस्जिद के सामने एक चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 महिलाओं और पुरुषों ने शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन स्तर और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतों की नि:शुल्क जांच करवाई और लाइफ स्टाइल काउंसलिंग सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन वार्ड नंबर 22 के सभासद नबील अहमद ने 'स्वस्थ नहटौर' के सह संयोजक गिजाल मैहदी और मेजर चरण सिंह शर्मा, नवेद इकबाल, इताअत हुसैन, नाजिम अंसारी के साथ किया। जांच टीमों का नेतृत्व केंद्र के वरिष्ठ हैल्थ वालंटियर मौहम्मद हुजैफा और अब्दुल कादिर ने किया। गिजाल मैहदी ने शुगर और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की काउंसलिंग की और नि:शुल्क इलाज एवं दवा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जांच टीमों को सहयोग देने वालों में हैल्थ वॉलंटियर अनम परवीन, नौमान राशिद, अदीबा अजीम, शबे नूर, मुहम्मद आसिम, शाइस्ता अंजुम, शागिल उस्मानी आदि शामिल रहे।

### रासेयो प्रथम इकाई का तृतीय दिवस




**हल्दौर।** ग्राम इनामपुरा के प्राथमिक विद्यालय में आरएचएस इंटर कॉलेज की रासेयो प्रथम इकाई की रविवार को तृतीय दिवस मतदाता जागरुकता अभियान के रूप में मनाया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वयंसे. विकाओं द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति राय ने स्वयंसेविकाओं को राजतंत्र तथा प्रजातंत्र में अंतर बताते हुए कहा कि मतदान हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। हमें इसका उपयोग जरूर करना चाहिए एवं दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्रद्धा मिश्रा ने स्वयंसेविकाओं को कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश के स्वतंत्र नागरिक हैं, लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत जितने अधिकार नागरिकों को मिलते हैं, उनमें सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण अधिकार है। इसके पश्चात् स्वयंसेविकाओं ने ग्राम इनामपुरा में एक मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को मतदान हेतु जागरूक करना तथा विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय में घर-घर जाकर जानकारी दी गई। इस अवसर पर अवनीश कुमार, सुधीर कुमार, ज्योति रानी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पानपदास महाराज की गद्दी पर भंडारा



**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला रईसान में स्थित बाबा पानपदास महाराज की गद्दी पर रविवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ विशेष पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य यजमान विशाल महंत ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। पूजा-अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। भंडारे के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक बना रहा। आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें प्रमुख रूप से अशोक कुमार, महिपाल सिंह, सुधीर कुमार अग्रवाल, आकाश रस्तौगी, जितेंद्र शर्मा, सुरेश देवल, राजा सैनी, देव मारवाड़ी, जगदीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में सभी सहयोगियों व श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**नगीना।** शिकायती तहरीर में ग्राम धीमारेडी निवासी पवन सिंह की पत्नी कमलेश ने बताया कि उसके पुत्र दयानन्द व धर्मराज नगीना में रोजाना दुकान पर काम करने के लिए आते हैं। 6 फरवरी को उसके लड़के नगर पालिका के सामने खड़े थे, तभी मौहल्ला लुहारी सराय की बाल्मिकी बस्ती निवासी अमीचंद के लड़के अरविंद व उसके दो पुत्रों अंशु और विशु ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर महिला के दोनो पुत्रों के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से लाठी-डंडो, रोड़ व धारदार हथियारों से बुरी तरह मारपीट करने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बडी मुश्किल से उसके दोनों पुत्रों को बचाया। दोनो पीड़ितों को सिर व शरीर पर अन्य जगह काफी गम्भीर चोटें आयी है। महिला ने बताया कि उसके पुत्रों को आरोपियों से जान का खतरा है, क्योंकि आरोपियों ने उसके पुत्रों को आईन्दा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ितों का पुलिस मेडिकल कराया था, जहां सीएचसी नगीना से दोनों पीड़ितों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था, जहां वे भर्ती है। पीड़ितों की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्राली के साथ दो दबोचे

**अफजलगढ़।** बादीगढ़-कल्लूवाला मार्ग पर दिनदहाड़े आम के पेड़ काटे जाने की सूचना पर अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने छापा मारा। मौके से आम की लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर दो ठेकेदारों को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रईस निवासी रेहड़ तथा मेहर आलम कासमपुर गढ़ी के रूप में हुई। जबकि दो अन्य आरोपी फरीद व नईम मौके से फरार हो गए। वन विभाग ने बरामद लकड़ी और वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग से अमानगढ़ रेंज वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर का कहना है कि अवैध कटान के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मार्ग से अतिक्रमण हटवाया

**कोतवाली देहात।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कस्बे में पुलिस द्वारा नहटौर मार्ग पर अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान लोगों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर के नेतृत्व में नहटौर मार्ग पर कोतवाली देहात से ग्राम पित्तनहेड़ी तक अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान दुकानदारों के बोर्ड तथा दुकानदारों द्वारा सड़क के पास रखे गए सामान को हटवाया गया। थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर ने सभी को अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनिल राणा, दीपक कुमार, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

### हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**कोतवाली देहात।** गांव स्थित गैस एजेंसी के सामने गाड़ी में बाइक की टक्कर लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम शादीपुर निवासी शनि पुत्र सोनू (19 वर्ष) तथा रोहित (18 वर्ष) पुत्र धर्मवीर बाइक से आ रहे थे। उनके आगे एक कार चल रही थी। अचानक ब्रेक लगने पर बाइक कार में लग गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस गाड़ी तथा मोटरसाइकिल को पुलिस चौकी पर ले आई। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### प्रेमी के परिजनों ने प्रेमिका को पीटा

**नगीना।** स्योहारा की एक युवती को प्यार में ऐसा धोखा मिला कि उसने सोचा भी नहीं होगा। वह शादी की बात करने के लिए अपने प्रेमी के घर नगीना के ग्राम इमामपुर तिगरी में पहुंची थी। युवती द्वारा प्रेमी से शादी की बात करने पर प्रेमी व उसके परिवारजनों ने युवती के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित युवती की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। स्योहारा के ग्राम रहटौली निवासी राधेश्याम की 22 वर्षीय पुत्री किरन को प्यार में ऐसा धोखा मिला कि उसने सोचा भी नहीं होगा। प्यार के सागर में अठखोले खा रही किरन नाम की युवती को उस वक्त गहरा सदमा पहुंचा, जब वो स्योहारा से चलकर शादी की मांग को लेकर प्रेमी के घर नगीना के ग्राम इमामपुर तिगरी में पहुंची। यहां प्रेमी के परिजनों ने उसके व भाई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रेमिका किरन ने न्याय की गुहार को लेकर नगीना थाना प्रभारी के दरवाजे पर दस्तक दी, जिस पर पुलिस ने प्रेमी रोहित कुमार पुत्र चंद्र प्रकाश सहित चार युवकों शिवम, अमन व जमना के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मदरसा नूरुल में वार्षिक परीक्षा सम्पन्न

## प्रतिभा व मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मदरसा नूरुल कुरआन की वार्षिक परीक्षा हर वर्ष की तरह इस बार भी रमजान से पूर्व सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा में छात्रों ने करिआत, दीनियात नात और अन्य विषयों में अपनी प्रतिभा व मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परीक्षा की जिम्मेदारी मुफ्ती उवैस साहब इमाम मस्जिद रहमानिया तथा मुफ्ती फुरकान साहब इमाम मस्जिद लाल ने निभाई। छात्रों की तैयारी और अनुशासन से प्रभावित होकर दोनों आलिमों ने मदरसे के शिक्षण स्तर की सराहना की। परीक्षा परिणाम दर्जा हिफ्ज प्रथम रिहान पुत्र सबील अहमद, द्वितीय हमजा पुत्र रईस अहमद व तृतीय हमजा पुत्र जीशान अहमद। दर्जा नाजरा प्रथम कैफ पुत्र मतलूब अहमद, द्वितीय हाशिर पुत्र मुजफ्फर अहमद, तृतीय हुमाम पुत्र दिलशाद अहमद, दर्जा सिपारा ए-कुरआन प्रथम तल्हा पुत्र नौशाद अहमद, द्वितीय हमजा पुत्र हामिद हुसैनव तृतीय अब्दुल्ला पुत्र अफजाल अहमद। दर्जा कुरआन में प्रथम लाएबा पुत्री वसीम अहमद, द्वितीय सोफिया परवीन पुत्री रिजवान अहमद, तृतीय मुआज पुत्र सलीम अहमद। दर्जा कायदा में प्रथम सिमरा पुत्री हामिद हुसैन, द्वितीय अबरीश परवीन पुत्री जाकिर हुसैन व तृतीय समीरा परवीन पुत्री रईस अहमद रही।

परीक्षकों व मदरसा कमेटी ने उस्ताद कारी जीशान साहब और कारी वसीक साहब की मेहनत की खुलकर प्रशंसा की।

मदरसा कमेटी के खलिक चौधरी प्रबंधक, तसलीम अहमद कोषाध्यक्ष और शादाब त्यागी ने मदरसे की उन्नति और छात्रों की सुविधा के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

कार्यक्रम में खालिद हुसैन, हाजी अबरार, जावेद खान, जलीस खान, वसीम अहमद, अजमतुल्ला, जाकिर खान, हाफिज उमैर सहित आदि मौजूद रहे। मुफ्ती उवैस साहब ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य, मदरसे की तरक्की और देश में अमन-शांति के लिए दुआ कराई।

# चपरासी के घर में लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** क्षेत्र के ग्राम फीना में बेखौफ चोरों ने एक ऐसी वारदात को अंजाम दिया है, जिसने स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त के दावों की पोल खोल दी है। बदमाशों ने एक ऐसे घर को निशाना बनाया जहां आगामी 22 फरवरी को बेटे के सिर पर सेहरा बंधना था। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) पिता, जिसने जीवन भर की गाढ़ी कमाई बेटे की शादी के लिए लगा दी थी, आज सिस्टम की विफलता पर अपनी आंखों में आंसू लिए इंसाफ की गुहार लगा रहा है।



ताजा मामला ग्राम फिना निवासी अरविंद कुमार का है, जो खाद सोसाइटी में चपरासी के पद पर तैनात हैं। उनके पुत्र सौरभ चौहान की शादी की तैयारियां घर में चल रही थीं, लेकिन शनिवार रात अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और शादी के लिए जुटाए गए जेवरात व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने छत पर ले जाकर संदूक और अटैची के ताले तोड़े और वहां से सोने की चेन, कुंडल, नाक के फूल, करीब आधा किलो चांदी और कीमती साड़ियां पार कर दीं।

यह घटना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है, क्योंकि इससे पहले भी थाना शिवाला कलां से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित फोटोग्राफर इंद्रेश कुमार के घर में करीब 35 लाख रुपये की महाचोरी हुई थी। थाने के इतने नजदीक हुई उस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करने में भी पुलिस अब तक पूरी तरह विफल रही है। लगातार हो रही इन चोरियों ने ग्रामीणों के मन में असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों का सवाल है कि यदि थाने के पास भी घर सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता कहां जाए?

पीड़ित परिवार ने अब पुलिस के उच्चाधिकारियों से करबद्ध प्रार्थना की है कि 22 फरवरी को बारात रवाना होने से पहले उनके माल की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। थाना प्रभारी के अनुसार तहरीर प्राप्त हो गई है और जांच की जा रही है। अब देखना यह है कि क्या शिवाला कलां पुलिस अपनी खोई हुई साख वापस पा सकेगी या फिर यह मामला भी पुरानी फाइलों की तरह अनसुलझा ही रह जाएगा।

### युवती को बहला कर ले जाने का आरोप

**शेरकोट।** ग्राम मुबारकपुर टप्पा भारती निवासी नसरीन ने पुलिस को दी शिकायत पत्र में बताया कि उसकी करीब 17 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए निकल गई थी। काफी तलाश के बाद जानकारी मिली कि ग्राम चंडक, थाना नांगल निवासी युवक अभिषेक उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि वह ग्राम चंडक पहुंची, जहां उसकी पुत्री, आरोपी युवक और उसके माता-पिता घर पर ही मिल गए। महिला ने अपनी बेटी को वापस भेजने का आग्रह किया, लेकिन आरोप है कि युवक और उसके परिवार ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर उसे वहां से भगा दिया। महिला ने पुलिस से आरोपी युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा बेटी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कराने की मांग की है

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन

**नगीना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यह मेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना और उसके अंतर्गत आने वाले सभी न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. विशाल दिवाकर के निर्देशन में आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुष्ठ रोग, टीबी सहित अन्य संक्रामक रोगों की स्कैनिंग की। इसके अलावा, ओरल कैंसर की जांच, हीमोग्लोबिन टेस्ट और ब्लड प्रेशर नियंत्रण की जांच भी की गई। इस दौरान क्षेत्र के 7 न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएससी) व 31 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। मेले के दौरान कुष्ठ रोग और मिलन अभियान के तहत व्यापक जागरूकता फैलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और न्यू पीएससी पर तैनात सभी स्वास्थ्य कर्मियों, अधिकारियों तथा उपस्थित मरीजों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है और समय पर इलाज मिलने से इसे ठीक किया जा सकता है।

### गौकशी के मामले में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र में गोकशी व अन्य गंभीर मामलों मे आरोपी चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने उ.प्र. गिरोह एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मकसूद पुत्र मकबूल, भूरे उर्फ समीर अहमद पुत्र चिन्नू उर्फ इफ्तार, शाहरुख पुत्र अकबर उर्फ सत्तार अहमद निवासीगण ग्राम मनव्वरपुर सैद उर्फ मौहम्मदाबाद, थाना शेरकोट व सलीम पुत्र अब्दुल शमी निवासी मौहल्ला हकीमान थाना शेरकोट के विरुद्ध उ.प्र. गिरोह एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। इन लोगो के खिलाफ पहले से भी पशु क्रूरता व अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं तथा यह आरोपी गिरोह बनाकर अवैध गोकशी, हथियारों का प्रयोग और पुलिस पर हमला कर फरार होने जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त सलीम को गिरफ्तार किया गया है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण

## स्योहारा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं परखीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मेरठ से आई स्टेट रिव्यू मिशन की टीम ने अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत सीएचसी स्योहारा ब्लॉक अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं उप-केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने जमापुर, अमीनाबाद, अमीरपुर रेनी, पालनपुर, सदाफल कृष्णा, रामपुर, मंगलखेड़ा, नरावली, मेवला माफी, खानपुर, किवाड़, हिरणपुरा एवं शाहपुर खेड़ी पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी दवाओं की उपलब्धता रक्त जांच व्यवस्था टेलीमेडिसिन सेवाएं जन आरोग्य समिति दवा स्टॉक एवं चिकित्सा उपकरणों की जांच की गई। टीम द्वारा समस्त निरीक्षण बिंदुओं की आख्या ऑनलाइन ओडीके ऐप के माध्यम से भरकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई। स्योहारा ब्लॉक में कुल 8 एनक्वास सर्टिफाइड आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का कार्य संतोषजनक एवं सराहनीय पाया गया। इनमें जमापुर में रेणु, सदाफल में आकांक्षा यादव, कृष्णा रामपुर में रश्मि सैनी, मंगलखेड़ा में संगीता, खानपुर में अमित, किवाड़ में मौहम्मद सादिक, हिरणपुरा में आरती तथा शाहपुर खेड़ी में नित्य राज द्वारा किए जा रहे कार्यों की टीम ने विशेष रूप से सराहना की। इन केंद्रों पर समस्त अभिलेख भी अद्यतन पाए गए।निरीक्षण टीम ने संबंधित सीएचओ को इसी प्रकार निरंतर मेहनत व समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

डॉ. बी.के स्नेही के प्रयासों की भी प्रशंसा करते हुए ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। मेरठ से आई स्टेट टीम में एसीएमओ डॉ. कांति प्रसाद एवं एआरओ अरविंद कुमार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, डॉ. राकेश कुमार एवं बीपीएम शालिनी बिश्नोई भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मौ. अब्बास** द्वारा **संस्था मदनी मस्जिद वैल्फेयर सोसायटी, ग्राम कन्दखेड़ी तहसील धामपुर, जिला बिजनौर** का **सदर** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मौ. अब्बास- सदर, 2. फईमुद्दीन-नायब सदर, 3. मौ. मुशर्रफ- मुतावल्ली, 4. अनीस अहमद अंसारी- नायब मुतावल्ली, 5. शाहिद-खजांची, 6. मौ. शफी, 7. नदीम अहमद-सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं होगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक**

# चाइनीज मांझा बना मौत का धागा

## प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम बिक रहा जानलेवा मांझा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** चाइनीज मांझा एक बार फिर आमजन की जान के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चाइनीज मांझे से हुई मौत को हत्या करार दिए जाने के बावजूद न तो इसके अवैध कारोबार पर लगाम लग पाई है और न ही इसके इस्तेमाल पर रोक लग सकी है। अत्यंत तेज और धारदार होने के कारण यह मांझा गला कटने, हाथ-पैर गंभीर रूप से जख्मी होने और कई मामलों में मौत तक का कारण बन चुका है।



दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों, पशु-पक्षियों और आम नागरिकों के लिए यह मांझा किसी मौत के फंदे से कम नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद इसकी बिक्री और उपयोग चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम जारी है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### पशु-पक्षियों पर कहर

चाइनीज मांझे से उड़ते पक्षी, आवारा पशु और पालतू जानवर अक्सर फंस जाते हैं। इससे उन्हें गंभीर चोटें आती हैं और कई बार उनकी दर्दनाक मौत हो जाती है। पर्यावरण प्रेमियों के अनुसार यह मांझा जीव-जंतुओं के लिए भी घातक साबित हो रहा है।

### बिजली और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान

मांझा बिजली की लाइनों में फंसकर शॉर्ट सर्किट, आगजनी और लंबे समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने का कारण बनता है। इससे सरकारी संसाधनों को नुकसान के साथ-साथ आम नागरिकों की दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित होती है।

### पूरी तरह प्रतिबंधित, फिर भी बेखौफ कारोबार

उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में चाइनीज मांझे की खरीद, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद अवैध नेटवर्क के जरिए इसका कारोबार धड़ल्ले से जारी है, जिसमें छोटे विक्रेताओं से लेकर बड़े व्यापारियों तक की संलिप्तता सामने आ रही है।

### यातायात के लिए जानलेवा

सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए चाइनीज मांझा बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। कई मामलों में चलते वाहन पर अचानक गला कटने से लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। यह सीधे तौर पर सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

### बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़

पतंग उड़ाते समय बच्चों के हाथों में चाइनीज मांझा आना बड़े हादसे को न्योता देता है। मासूम बच्चों की जान खतरे में डालना समाज और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय है।

### पर्यावरण के लिए घातक

यह मांझा नष्ट नहीं होता और लंबे समय तक वातावरण में बना रहता है, जिससे प्रदूषण फैलता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके स्थान पर केवल सुरक्षित और पारंपरिक सूती धागे का ही उपयोग किया जाना चाहिए।

### पहले भी सामने आ चुकी हैं घटनाएं

नगर व आसपास के क्षेत्रों में चाइनीज मांझे से चोटिल होने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकार को मांझा लाने, बनाने और बड़े स्तर पर व्यापार करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। साथ ही अवैध रूप से संग्रहीत मांझे को तत्काल जब्त कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर पूर्ण विराम लग सके।

# हादसे में ताऊ-भतीजे की मौत से मचा कोहराम

## शादी की खुशियों पर काल की टक्कर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नहटौर-झालू मार्ग पर शनिवार देर शाम हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर बिलाई के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार ताऊ और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्राम से लेकर परिवार तक शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खजूरा जट निवासी सतवीर सिंह (48 वर्ष) पुत्र अमन सिंह और उनका भतीजा भानू (25 वर्ष) पुत्र संजीव शनिवार को बिजनौर से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नहटौर-झालू मार्ग पर सैदपुर बिलाई के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोग दृश्य देखकर सहम गए।

हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बाइक भानू चला रहा था और उसने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में हादसा कैद हो गया है, जिसके आधार पर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों का अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। परिजनों के अनुसार सतवीर सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे, जबकि भानू उनके छोटे भाई संजीव का बेटा था। भानू पूर्व में नूरपुर में शिक्षक रह चुका था और वर्तमान में अपने पिता के साथ खेती कर रहा था। वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, एक बेटी और माता-पिता को छोड़ गया है, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

भानू के पिता संजीव भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) से जुड़े हैं और पूर्व में ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं।

इस दर्दनाक हादसे ने पूरे ग्राम को गमगीन कर दिया है। हर घर में सिर्फ एक ही चर्चा है कि तेज रफ्तार और लापरवाही ने फिर दो जिंदगियां छीन लीं।

## एक नजर

### के.एस. एकेडमी में विदाई समारोह



**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में हबीब गार्डन में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी विद्यार्थियों के तिलक से हुई, जिसके बाद प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कक्षा 12वीं की छात्राएं स्वालिहा एवं नितिका त्यागी के साथ दीप प्रज्वलन किया। समारोह में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं तथा म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस, स्लिप राउंड एवं रैम्प वॉक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैम्प वॉक के दौरान पूछे गए प्रश्नों के आधार पर विभिन्न उपाधियों के लिए विद्यार्थियों का चयन कार्यक्रम जज अध्यापिका तुबा सिद्दीकी व कशिश वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें मिस फेयरवेल स्वालिहा, मिस्टर फेयरवेल अभिनव, मिस के.एस. प्रियंशी चौधरी, मिस्टर के.एस. सत्यम चौधरी, मिस ब्यूटी नितिका त्यागी, मिस्टर हैंडसम हिमांशु सिंह, मिस एटीट्यूड लुबना तथा मिस्टर एटीट्यूड अब्दुल आहद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों को सैश व क्राउन पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### एडीएम प्रशासन ने सुनी समस्याएं




**नगीना।** तहसील सभागार में आयोजित इस समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई के लिए समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। हराए। समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एडीएम ने एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, अभिलेखागार, इंतखाब खतौनी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय और कोषागार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की गहनता से जांच की और उपस्थित कर्मचारियों को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए। एडीएम ने तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाबा पानप दास समाधि स्थल पर मेला



**धामपुर।** बाबा पानप दास समाधि स्थल पर बाबा पानप दास जी की 253 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जिले एवं कई प्रदेशों से आकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। महंत ओम दास ने बताया कि मेले में श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं, अपनी मन्नत मांगते हैं और अपनी मन्नतें पूरी होने पर अपने बच्चों का मुंडन मेले में आकर करते हैं। मेले में बड़ी संख्या में खेल खिलौने और महिलाओं की श्रृंगार, सामग्रियां एवं चाट पकौड़ी बिकती हैं, जिसे खाकर श्रद्धालु आनंद उठाते हैं। मेले में प्रसाद बेचने वाले बड़ी दूर-दूर से आकर प्रसाद बेचते हैं। समाधि स्थल पर महंत लोग बाबा पानप दास की वाणी सुनाते हैं। श्रद्धालु बाबा पानप दास की वाणी सुनकर उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने का संकल्प करते हैं। मेले में महंत श्रद्धालुओं को प्रसाद देते हैं। श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाते हैं। मेले में महंत ओम दास, उपमहंत विक्रम दास, ज्ञान दास, अशोक दास, हरिदास, पुष्पेंद्र दास आदि रहे। मेले की व्यवस्था बनाने में सचिव महेंद्र सिंह, ठाकुर अभय कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, हरिकांत सुमन का योगदान रहा। मेले में बड़ी संख्या में पुलिस व्यवस्था बनाने में लगी रही।

### विद्या मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन



**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संघ के शताब्दी वर्ष समारोह की श्रृंखला में अर्जुन बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच आसीन अतिथियों सरदार आजिंदर सिंह कार्यक्रम के अध्यक्ष, सुनील कुमार प्रांतीय सह बौद्धिक प्रमुख, धर्मेंद्र सिंह धवल प्रांत शह शारीरिक प्रमुख साध्वी रिया जी दुर्गा सेवा प्रमुख संचालिका और गौर चंद्र प्रधान राय के द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्जन से किया गया। इसके बाद इस विद्यालय के पूर्व छात्र पर्व कुमार हाई स्कूल विद्यालय टॉपर के द्वारा भारत के गौरवशाली इतिहास की झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सांस्कृतिक प्रमुख आचार्य विनय कुमार शर्मा के निर्देशन में विद्यालय के छात्र मुदित, हार्दिक, तरुण, पियूष के द्वारा समूह गान- स्वर्ग से सुंदर देश हमारा प्रस्तुत किया गया और दुर्गा पब्लिक स्कूल धामपुर के नन्हे मुन्ने छात्र नैतिक कुमार और सौम्या के द्वारा होली नृत्य गीत प्रस्तुत किया। इसी विद्यालय के छात्र अनन्या, नैना, त्रिस्का कनिका द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई और विद्या मंदिर धामपुर के छात्र मुदित, प्रियांशु, शांतनु, अंकित, लकी, अभिनंदन आदि के द्वारा गीत ए हिंद के तिरंगे ऊंचा रहे जहां में प्रस्तुत किया। इसके बाद इसी विद्यालय के छात्र दश चौहान, मनीष कुमार, यथार्थ चौहान, तुषार कुमार पोसवाल, शशांक कुमार, विराट, कार्तिक, शौर्य, जितेश व देव राजपूत के द्वारा नाटक वीर हकीकत राय प्रस्तुत किया। इसके बाद अनपढ़ एकांकी नाटक मृत्युंजय व काव्यांश शौर्य, जिज्ञासु, प्रखर, दीपांशु, प्रिंस, गर्वित, भूपेंद्र एस कमलदीप आदि ने प्रस्तुत किया।

### झूठी निकली चोरी की घटना

**नांगल सोती।** गांव चंदोक निवासी अरविंद कुमार ने शनिवार की रात्रि करीब नौ बजे पीआरवी पर कॉल कर अपने घर में चोरी की सूचना दी। सूचना पर सीओ नितेश प्रताप सिंह थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। जांच के दौरान घर में मौजूद महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उनके घर में भात देने के लिए 24000 रुपए की नगदी रखी थी जो चोरों ने घर में घुसकर चोरी कर ली। पुलिस ने घर में छानबीन की तो नगदी घर में ही रखी पाई गई। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की थी, लेकिन मामला झूठा पाया गया।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा दिवस मनाया



**चांदपुर।** ग्राम केलनपुर स्थित किसान इंटर कॉलेज केलनपुर में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा दिवस मनाया। इस दिवस पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समाजसेवी चौधरी वीर सिंह ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन बिना हेलमेट लगाए न चलाये तथा चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाए। साथ ही वाहन चलाते हुए नशा न करे, मोबाइल पर बात न करे, लाल और हरी बत्ती भी ध्यान रखते हुए वाहन चलाये। चौधरी वीर सिंह ने बच्चों को बच्चों का झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा तथा कोपल रस्तौगी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लोहरपुरा, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### शिविर के दूसरे दिन सफाई अभियान



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डा. उदिता राजपूत द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। आज का यह द्वितीय एक दिवसीय शिविर स्वच्छता अभियान को समर्पित किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने अपने-अपने चयनित क्षेत्र में जाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान किया। असिस्टेंट प्रोफेसर रामविलास यादव ने स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि हमें शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण की स्वच्छता के लिए भी विशेष रूप से जागरूक होना होगा तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करना होगा। हमारे प्रयास से आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा पर्यावरण मिल पाएगा। प्रो. अशोक कुमार ने भी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि हमें न केवल शारीरिक स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि मन की स्वच्छता भी बहुत आवश्यक है। मन को स्वच्छ बनाकर हमें वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बढ़ाना होगा, जिससे एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

### हिन्दू सम्मेलन में एकता पर जोर



**नांगल सोती।** सरस्वती शिशु मंदिर खानपुर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में हिन्दुओं में जागृति और एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कैलाश उपाध्याय ने सामाजिक समरसता, स्वाभिमान का भाव, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबोधन पर जोर दिया। डा. विदित ने हिंदू संस्कृति की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज को एकजुट रहने की सलाह दी। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अखिलेश अग्रवाल की अध्यक्षता और कौशल राणा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में गगन कर्णवाल, वीरेंद्र शर्मा, सुधीर भुइयार, दीपक देशवाल, अतुल अग्रवाल, विकास तोमर, पंकज पाल, आकाश, नरपाल सिंह, कृपानाथ महाराज आदि मौजूद रहे।


### शिविर में 34 युवाओं ने किया रक्तदान

**नगीना।** नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर (दारुल शिफा) में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. मुजम्मिल अजीम द्वारा कराया गया। शिविर में 34 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर के संचालक व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मुजम्मिल अजीम ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। रक्तदान करने वालों में सय्यद यावर, शरीक सुल्तान, नौशाद, जाहिद हुसैन, आनंद भारद्वाज, अभिषेक मिश्रा, सुहैल अहमद सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# आवारा पशु बने परेशानी का सबब

## शिकायतों के बाद भी नहीं हो पा रही कार्यवाही: भाकियू





शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं का कहना है कि ब्लॉक जलीलपुर में आवारा पशुओं की भरमार है। सड़कों पर व किसान के खेतो मे मिलेगा।

यूनियन के मीडिया प्रभारी किसान मौहम्मद हनीफ ने कहा कि यह आवारा पशु जंगलों में किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं और ग्रामीण इलाकों में सड़कों पर घूम कर आए दिन एक्सीडेंट का पर्याय बने हुए है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक जलीलपुर में आवारा पशुओं का आतंक सा बना हुआ है। कई बाइक सवार घायल होने के बाद भी कोई भी अधिकारी इनकी हालत और दुर्दशा की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता द्वारा हर मासिक पंचायत में ज्ञापन दिए जा रहे हैं। अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं ले रहे है। यूनियन के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने चांदपुर तहसील के समस्त गांव में ही नहीं बल्कि ब्लॉक क्षेत्र में इन आवारा घूम रहे पशुओं को पकड़वाकर समीपवर्ती गौशालाओं में भिजवाने की मांग की है। इस मौके पर तहसील महासचिव राजीव चौधरी, पूर्व युवा ब्लॉक अध्यक्ष जसविंदर सिंह, राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सिंह नामधारी नगर अध्यक्ष बब्बू शेख, ग्राम अध्यक्ष आसिफ खान, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ तहसील चांदपुर मौजूद रहे।

# जात-पात भुलाकर एकजुट होने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित एचसीएम इंटर कॉलेज के विशाल मैदान में आयोजित हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं से जात-पात भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। हिन्दुत्व को मानव धर्म बताते हुए सनातन संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, हिन्दुत्व की मजबूती व सनातन संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया।




सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख पदम मुख्य अतिथि एवं विभाग कार्यवाह बिजनौर मुकेश मुख्य वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वह जात-पात भुलाकर एकजुट रहें और भारतीय हिंदू संस्कारों व संस्कृति को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण की भूमिका में अपना योगदान दें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की उपलब्धियां गिनाते हुए वक्ताओं ने कहा कि आरएसएस किसी पार्टी विशेष से नहीं है। बल्कि हिंदू हितों की रक्षा के लिए बना है और अपने उद्देश्य पर काम कर रहा है। वक्ताओं ने आरएसएस के उद्देश्य एवं योगदान को विस्तृत रूप से बताते हुए आरएसएस द्वारा लोगों की मदद में महत्वपूर्ण भूमिका को याद दिलाया और हिंदुओं से अपने परिवार के बीच बेहतर तालमेल रखते हुए अपने संस्कारों पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

सम्मेलन स्वामी जगन्नाथ आश्रम ऋषिकेश के महंत लोकेश दास की अध्यक्षता व मनोज चौहान के संचालन में हुआ सम्मेलन में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह, खेल सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार, मेघनाथ सिंह, सतेन्द्र कुमार, राजेंद्र सिंह, गौरव कुमार, बृजेश सिंह, कपिल चौहान, डॉ. वीके सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, संजीव गहलौत, ठाकुर रामवीर सिंह, सुंदर चौहान, मोंटी गहलौत, देवराज सिंह चौहान, लवली गहलौत, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, आदित्य चौहान, मोहित चौहान, खुशदीप सिंह, उदित राजपूत, महिपाल सिंह, कुलदीप सिंह, मुकेश चौहान, कोमल चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# खारी में सनातन शक्ति का शंखनाद

## पंच परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण का ऐलान

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू।** निकटवर्ती ग्राम खारी स्थित झारखण्डी शिव मंदिर परिसर सनातन चेतना के विराट रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। जब हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के बैनर तले आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन में समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्रबोध का आक्रामक शंखनाद हुआ।




सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी कपिल मुनि जी (सिद्धस्थान, भूरिया स्रोत, नांगल) ने की। मंच से स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब केवल चर्चा नहीं, बदलाव अनिवार्य है और सनातन समाज को संगठित होकर राष्ट्रहित में निर्णायक भूमिका निभानी होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवगाथा को केंद्र में रखते हुए सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील कुमार जी ने कहा कि संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का विचार है, जिसने सेवा, संस्कार और समर्पण से देश की आत्मा को मजबूत किया है।

विभाग प्रचारक क्रान्ति जी ने पंच परिवर्तन विषय पर दो-टूक शब्दों में कहा कि यदि समाज को सुरक्षित, सशक्त और स्वाभिमानी बनाना है तो सोच, व्यवहार और जिम्मेदारी तीनों स्तर पर परिवर्तन जरूरी है। उनके शब्दों पर पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। मुख्य वक्ता वैदिक सनातनी प्रवक्ता बहन मीनाक्षी सहरावत (हरिद्वार) ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि वे देशभर में घूमकर सनातन संस्कृति पर हो रहे प्रहारों के विरुद्ध जनजागरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सनातन केवल परंपरा नहीं, जीवन पद्धति है, जिसे बचाना आज हर हिंदू की जिम्मेदारी है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) ने कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को सोई हुई चेतना से जगाने का काम करते हैं और युवाओं को राष्ट्रवाद की ठोस दिशा देते हैं। कृष्ण कुमार के संयोजन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वीरता, परंपरा और संस्कार का प्रभावशाली संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी को सार्वजनिक रूप से सम्मानित कर समाजसेवा के प्रति उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में डॉ. कर्मेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार सेठ (सालमाबाद), गोपाल प्रधान (हसनपुर), समर पाल सिंह (जलालपुर), मंडावली खंड के खंड कार्यवाह उमंग काकरान एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र प्रधान (धर्मपुरा) के नेतृत्व में अनुशासित और प्रभावी ढंग से किया गया। व्यवस्थाओं की कमान उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, बिन्द्र सिंह जाटव, आर्य नरेन्द्र प्रधान और हेमेन्द्र भगत ने संभाली। सचिव ललित सहारन, सह-सचिव संजीव उर्फ लल्ला प्रधान व नवयुग चहल ने संगठनात्मक समन्वय किया, जबकि कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र, सह-कोषाध्यक्ष पवन कुमार प्रधान और शुभम कुमार ने आर्थिक प्रबंधन संभाला।

महिला शक्ति के रूप में श्रीमती रंजना प्रधान, योग प्राधिकृत सुनीलामन और श्रीमती अंशु चौधरी की सक्रिय सहभागिता ने सम्मेलन को नई ऊर्जा दी। सम्मेलन का समापन 'सनातन संस्कृति अमर रहे, हिंदू समाज संगठित रहे' के गगनभेदी उद्घोष और निर्णायक संकल्प के साथ हुआ।

# 25 लाख की आबादी फिर भी इलाज को तरसता है सम्भल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिले में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव गंभीर मानवीय संकट झेलता आ रहा है। लगभग 25 लाख की आबादी वाले सम्भल जिले और 12 लाख से अधिक जनसंख्या वाली सम्भल तहसील में आज तक न तो एम्स की सुविधा है और न ही कोई सुपर स्पेशियलिटी सरकारी अस्पताल। इस गंभीर स्थिति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार में औपचारिक शिकायत दर्ज कर। एम्स अथवा उच्च स्तरीय सरकारी अस्पताल की स्थापना की जोरदार माँग की है।

## ०एम्स की स्थापना नहीं तो सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की हो व्यवस्था

सामाजिक कार्यकर्ता सैयद गुलजार अहमद हाशमी ने कहा कि सम्भल जैसे बड़े और घनी आबादी वाले जिले में गंभीर मरीजों को इलाज के लिए मुरादाबाद, अलीगढ़ और दिल्ली तक रेफर किया जाना यहाँ की स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। सड़क दुर्घटनाओं, हृदय रोग, प्रसव संबंधी जटिलताओं और अन्य आपात स्थितियों में समय पर इलाज न मिलने से कई मरीज रास्ते में ही अपनी जान गंवा देते हैं, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सम्भल सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है, जहाँ अधिकांश नागरिक महंगे निजी अस्पतालों में इलाज कराने में असमर्थ हैं। सरकारी स्तर पर एम्स या कम से कम एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना न केवल सम्भल बल्कि आसपास के जनपदों के लाखों नागरिकों के लिए जीवन रेखा साबित होगी। सैयद गुलजार अहमद हाशमी ने केंद्र सरकार से अपील की कि जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और जनहित को धयान में रखते हुए सम्भल को प्राथमिकता दी जाए और यहाँ शीघ्र एम्सै अथवा आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी सरकारी अस्पताल की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि आम जनता को समय पर सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके।



सम्भल। भ्रष्टाचार मामलों को लेकर चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में बोलते राभद्रप अध्यक्ष।

# चाइनीज मांझे की जांच को अभियान आरम्भ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जानलेवा साबित हो रहे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ जांच अभियान शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन बिक्री से लेकर थोक विक्रेताओं के गोदामों तक जांच चल रही है। इससे होने वाली घटनाओं के लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भी जिम्मेदार माना जाएगा। मुख्यमंत्री ने पतंगबाजी में चाइनीज मांझे से किसी भी व्यक्ति की मौत होने पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। चाइनीज मांझे की सप्लाई के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने और इसे बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। हर जिले में 24 घंटे इसकी निगरानी के लिए एक-एक नोडल अधिकारी तैनात किया जाएगा।

## ०सीएम के निर्देशों के बाद हुई सख्ती

ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया ग्रुप और औपचारिक चौनलों के जरिए होने वाली अवैध बिक्री पर सख्त नजर रखी जाएगी, जिससे किसी भी तरह की आपूर्ति को रोका जा सके। राज्य सरकार इस अभियान को जन-जन तक जोड़ने के लिए स्कूल व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएगी। यहां बच्चों व युवाओं को बताया जाएगा कि चाइनीज मांझा प्रतिबंधित होने के साथ ही जानलेवा भी है। बाजारों व पतंग विक्रेताओं को अगाह किया जा रहा है कि कहीं भी चाइनीज मांझा मिलता पाया गया तो तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चाइनीज मांझे से अगर कोई घटना होती है तो केवल विक्रेता ही नहीं बल्कि स्थानीय पुलिस व प्रशासन भी जिम्मेदार माना जाएगा। किसी भी कीमत पर प्रदेश में चाइनीज मांझा न बिके इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।अब इस सख्ती से घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा।

# लोनिवि लिपिक इंजीनियरों की चल अचल सम्पत्तियों की हो जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रा. भृष्टाचार दमन परिषद की बैठक में रेलवे लाइन के विस्तारीकरण पर चर्चा करते हुए जल्द ही डीआरएम को ज्ञापन देने व लोनिवि के इंजीनियर, प्रबंधक और लिपिकों की चल व अचल सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की। आदमपुर रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के मजबूती के साथ चलाये जा रहे भृष्टाचार विरोधी कार्यक्रमों की समीक्षा की। जबकि रा. अध्यक्ष के के मिश्र ने कहा कि भृष्टाचार समाप्त करने को पिछली सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाये। बैठक में लोनिवि इंजीनियर, क्लक और प्रबंधकों की चल व अचल सम्पत्ति की जांच में अवैध सम्पत्ति मिलने पर जब्त कर राष्ट्रीय कोष में जमा कराने की मांग की। इस मौके पर शाहिद हुसैन, डी पी शर्मा, मौ. अली, राकेश कुमार, ब्रजेश यादव, रामवीर यादव, रविन्द्र यादव, तेजपाल सिंह, जीमलर्रहमान, जरीफ अहमद, तजीम, इकराम वारसी, साजिद, योगेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सम्भल से आगे नही बढ़ेंगी रेल की पटरियां

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट में देश के राज्यों को वित्त मंत्री ने कोई न कोई सौगत दी है,लेकिन सम्भल के हत्थे एक बार फिर निराशा लगी। बजट में रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को धनराशि मंजूरी नहीं होने पर लोगों में एक बार फिर मायूसी छा गयी।

देश के दुर्गम रास्तों पर भी रेल दौड़ रही है,लेकिन बद किस्मत सम्भल जहां रेल की पटरियां इससे आगे को नहीं जाती हैं। दिन में दो बार आने-जाने वाली ट्रैन उल्टे वापस लौट जाती है। जबकि ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी सम्भल से गजरोला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग दश्कों से चली आ रही है। कभी राजनैतिक कारणों से तो भी ढंग से पैरवी न होने से हर बार बजट में निराशा ही हाथ लगती है, जबकि रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग को बजट से पूर्व धरना-प्रर्दशन, पोस्ट कार्ड अभियान और आला अधिकारियों को ज्ञापन देकर बजट में धनराशि मंजूर करने की मांग भी बराबर की जाती रही है। इस बार भी कई स्वयंसेवी संगठन की ओर से रेलवे लाइन विस्तारीकरण के लिए बजट में धनराशि आवंटित करने की मांग कई महीनों से करते चले आ रहे थे। जब संसद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2025-26 का अंतरिम बजट पेश करना शुरू किया वैसे ही लोग टी वी चिपक गए थे और रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को हर हाल में बजट आवंटित होने की आस लगाकर देखते रहे, मगर उन्हे निरशा ही हाथ आयी। बजट पेश करते पूरे समय वित्तमंत्री ने देश के किसी न किसी राज्य को कोई न कोई सौगत दी, मगर सम्भल से गजरोला तक रेलवे लाइन विस्तारीकरण को धनराशि आवंटित करना तो दूर बजट में कोई नाम तक नहीं लिया गया। इससे बजट में धनराशि आवंटन करने की मांग कर रहे लोगो में मायूसी छा गयी। हालांकि जिस तरीके से विस्तारीकरण के लिए प्रयास किये जा रहे थे लेकिन परिणाम सार्थक नहीं हुए।

## ०केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट में नहीं जारी की धनराशि इस बार भी हाथ लगी निराशा

# निराश नहीं लगातार जारी रखा जाएगा अभियान

## ०जिला संघर्ष समिति की बैठक में विस्तारीकरण की मांग जारी रखने का लिया निर्णय

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला संघर्ष समिति, की आवश्यक बैठक में गजरोला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की गई। जबकि बजट में निराशा मिलने के बाद भी जागरूकता अभियान को जारी रखकर चरणबद्ध तरीके से मांग को जारी रखने का निर्णय लिया।

तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ मे अधिवक्ता व समाजसेवी चौ रविराज चाहल के आवास पर आयोजित बैठक में उन्होने कहा कि इस वर्ष के आम बजट में भी हमें निराशा मिली है। लेकिन हमें निराश व हताश नहीं होना है और अपने जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपनी मांग को चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रखना है। हम क्षेत्र के साधु संतों, ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों व क्षेत्र के जागरूक लोगों के द्वारा अपनी मांग को उचित माध्यम से प्रधानमंत्रे व रेल मंत्री तक लगातार पहुंचाते रहेंगे। पाक्षिक एक ज्ञापन अवश्य भेजा जाएगा। ताकि हमारी मांग लगातार भारत सरकार तक पहुंचती रहे। सम्भल के सर्वांगीण विकास के लिए रेल लाइन विस्तारीकरण किया जाना बहुत जरूरी है। हर वर्ग,हर संप्रदाय को इससे भारी लाभ प्राप्त होगा।संजीव शर्मा ने कहा कि हमारी यह मांग जनहित में है सरकार को रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए बजट अवश्य मंजूर करना चाहिए। इससे क्षेत्र का सर्वाधिक विकास होगा। ग्रामीण क्षेत्र से यह मांग लगातार प्रधानमंत्री तक पंहुचाई जाएगी। ताकि सरकार इस पर संज्ञान ले सके। कामेश चौधरी ने कहा की सरकार न जाने क्यों हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। प्रधानमंत्री द्वारा देश में रेल का जाल बिछाया जा रहा है। लेकिन सम्भल की लगातार अनदेखी की जा रही है। महावीर सिंह ने कहा कि इस मांग को करते हुए हैं हमारे पूर्वजों ने काफी प्रयास किए हैं लेकिन आज तक यह मांग पूर्ण नहीं हो सकी है। हमारा लगातार प्रयास जारी रहेगा। इस बार के आम बजट में हमें काफी निराशा मिली है। इस दौरान चौ रविराज चाहल, महावीर सिंह, योगेश कुमार,चंद्रभान जाटव, शीशपाल सिंह, बंसी, संजीव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, रामावतार सिंह, मोहम्मद यामीन आदि रहे



सम्भल- रेलवे लाइन के विस्तारीकरण अभियान पर चर्चा करते।

# श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन ठाकुर जी का अभिषेक व महारास कथा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीमद् भागवत कथा का छठवें दिवस में ठाकुर जी का अभिषेक महारास की कथा भोले बाबा कैलाश पर्वत से रास करने के लिए माता पार्वती के साथ आते हैं उनका स्वरूप और उसका रहता है तो ब्रह्म कुंड में स्नान कर उनका स्वरूप भी गोपी जैसा बन जाता है कथा में सुंदर झांकियां निकाली जाती हैं और उसके पश्चात रुक्मणी विवाह भी कराया जाता है भगवान ख्रष्ण और माता रुक्मणी का विवाह उत्सव को सभी भद्रगणों ने भक्ति में रस कर आनंदमय और भजनों पर नृत्य करके मनाया इस शुभ अवसर पर कथा श्रवण करने के लिए माधव मिश्रा कुलदीप वार्ष्णेय उमाकांत शर्मा अभिनव शर्मा, भुवनेश शर्मा पुलेद्र यादव चंदन माली अशोक शर्मा रामसेवक पाठक सत्यवान शर्मा कौशल पाठक विनायक शर्मा विकास सिंह बबलू शर्मा दुर्गेश कुमार शर्मा विकास सिंह सौरभ दीक्षित,शिवराम वत्स और काफी संख्या में महिलाएं शक्ति भी उपस्थित रही।

# डॉग शो में विभिन्न प्रजातियों के कुत्तों ने लोगों को किया आकृषित



सम्भल। हिंद स्टेडियम में डॉग शो का फीता काटती यूक्रेन की ओल्गा हेमलेश



सम्भल- डॉग शो में प्रथम पुरस्कार लेते पूर्व चेयरमैन के भतीजे शारिक कुरैशी।

## ०पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही के डॉग ने रिंग में उतरकर लिया शो में भाग, प्रथम पुरस्कार से भतीजे शारिक को किया सम्मानित जिला व प्रदेशों से आए कुत्तों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के हिन्द स्टेडियम के मैदान मे रविवार को डॉग शो का आयोजन किया गया। जिसमे बड़े-बड़े शहरों एवं राज्यों से बेहद खूबसूरत कुत्तों ने शो मे भाग लिया। विजयी डॉक के स्वामियों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कैनल क्लब के तत्वावधान मे डॉग शो का आयोजन किया गया। शो का मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट व यूक्रेन ओल्गा हेमलेश व रजी अब्बास ने फीता काटकर उदघाटन किया। शो में उच्च कोटी के कुत्ते देखने को मिले। डॉग शो मे प्रदर्शन करने के लिए एक के बाद एक बेहद खूबसूरत कुत्ते रिंग के अन्दर उतरे और दर्शकों का मन मोह लिया। डॉग शो को देखने के लिए भारी तादात मे लोग हिन्द स्टेडियम पहुंचे। जबकि दिल्ली, जयपुर, पंजाब, चंडीगढ़, पटियाला, हरियाणा, लखनऊ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, बरेली, मुजफ्फरनगर और बड़े बड़े शहरो के स्वामी अपने कुत्तों को लेकर पहुंचे। इसके अलावा हिंद स्टेडियम के मैदान में कुत्तों से सम्बंधित खाना, दवा आदि के स्टाल भी लगाए गए। जबकि विभिन्न प्रजातियों के कुत्तों और उनके बच्चों के साथ पहुंचे लोगों ने अपने-अपने स्टाल पर लोगों को जमकर आकृषित किया। इसके अलावा डा. सचिन सक्सैना चैरिटेबल ब्लड बैंक की डा. रितु सक्सैना ने किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, डा. नीरज शर्मा, विर्नम गुप्ता, आदेश शर्मा, प्रयंक शर्मा, नावेद हसन, अमन, मौ. इमरान, डा. बीबी सिंह, मौ. आसिफ, आशिक अली, वामिक कमर, योगेश कुमार, फारूक जमाल, अमित चन्द्रा, हर्षित शर्मा, रहबर, सैयद शाहजेब, काशि आदि रहे। डॉग शो मे पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही का कुत्ता भी देखने को मिला। भतीजे मौ. शारिक ने रिंग मे कुत्ते करे उतारकर शो कराया। इस दौरान उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जिला व ग्राम पंचायत के सम्भावित प्रत्याशी प्रचार में जुटे

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य की तारीखें और आरक्षण की अंतिम सूची अभी तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में चुनावी माहौल गरमाने लगा है। वर्तमान ग्राम प्रधानों और ग्राम प्रधान व जिला पंचायत के संभावित उम्मीदवारों ने गांवों जाकर जनसंपर्क, विकास कार्यों का प्रचार और समर्थन जुटाने की गतिविधियां तेज कर दी हैं।वैसे पंचायती राज मंत्रीने चुनाव समय पर होने और इसकी अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को होने की संभावना जताई है। अब चुनाव चाहे कभी भी हों लेकिन जिला पंचायत सदस्यों के उम्मीदवारों ने गांवों में प्रचार तेज कर दिया है। वह गाँव गाँव पहुँचकर ग्रामीणों से विकास कार्य का आश्वासन देकर वोट मांग रहे हैं। गुन्नौर विधानसभा के कई वार्डो से उम्मीदवार अपने प्रचार में जुट गये हैं। ग्रामों में प्रधान चुनाव के प्रत्याशी भी सक्रिय हो गये है। वह कह रहे हैं कि हमारो ध्यान रखियो भइया।

## ०हमारा ध्यान रखियो भइया, गांवो में जगह-जगह लगे पोस्टर व बैनर, सलाम और नमस्ते करना हुआ आरम्भ

# ठंड का असर कम होते मच्छरों का बढ़ता आतंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जैसे-जैसे ठंड का असर कम हो रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की। मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोर्टीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

# अधिवक्ताओं ने उठाई एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील में बैठने वाले अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की है। उनका कहना है कि अधिवक्ताओं पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले लगातार हो रहे हैं। इसलिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को प्रदेश सरकार को लागू कर देना चाहिए। अगर उत्तर प्रदेश सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करती है तो अधिवक्ता और उनके परिवार के सदस्यों को किसी प्रकार की क्षति व चोट पहुंचाने की धमकी देना, दबाव पुलिस अथवा किसी अन्य पदाधिकारी से दिलवाना, वकीलों को किसी केस में पैरवी करने से रोकना, वकील की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, किसी वकील के खिलाफ अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल कर कार्यों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। ये सभी अपराधा गैर-जमानती अपराध होंगे। ऐसे अपराध के लिए छह माह से दो वर्ष की सजा के साथ-साथ दस लाख रुपये जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। इन अपराधों के लिए पुलिस को 30 दिनों के भीतर अनुसंधान पूरा करना होगा। जिसकी सुनवाई जिला व सत्र न्यायाधीश करेंगे। बार वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने कहा कि आजकल अधिवक्ताओं के विरुद्व फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। एक्ट के लागू होने से अधिवक्ता का हित सुरक्षित रहेगा। गुन्नौर बार महासचिव सुरेश यादव ने कहा कि अधिवक्ता ने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट प्रदेश सरकार को जल्द प्रदेश में लागू करना चाहिए। ताकि अधिवक्ताओं का शोषण बंद हो सके। यह एक्ट अब जरूरत बन गया है। बार कोषाध्यक्ष चंद्रभान सिंह पाल व अधिवक्ता जयचंद ने कहा कि अधिवक्ता एक्ट के तहत छह माह से दो वर्ष तक की सजा और दस लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया जाये।









## एक नज़र इधर भी



सम्भल- पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना के कार्यालय का उदघाटन करते चेयरपर्सन पति।

# सब्सिडी के साथ लें सूर्यघर मुफ्त योजना का लाभ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यालय का भव्य रूप से उद्घाटन किया गया। बिजली बचत के साथ भरपूर बिजली हर समय पाने के लिए सोलर पैनल की सुविधा मे सब्सिडी के साथ मिलेगी।

नगर के मौहल्ला चौधरी सराय स्थित चारा मण्डी मे जेडट्रेक एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड पीएम सूर्य घर मुफ्ती बिजली योजना के कार्यालय का उद्घाटन रविवार को नगर पालिका परिषद सम्भल की चैयरपर्सन आसिया के पति चौधरी मुशीर अली खां ने फीता काटकर किया। अक्बर चौधारी बब्लू, चौधारी हुमायूं ने बताया कि सब्सिडी के साथ सोलर पैनल लगा सकते हैं। इस योजना का जनता को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना है। 73 हजार रूपये 40 किस्तो मे जमा करने होंगे। एक किलो वाट से तीन किलो वाट तक सब्सिडी दी जाती है। इस मौके पर संसार सिंह, चौधरी मुदब्बिर, रागिब सभासद, मौ. इब्राहीम, प्रमोद कुमार, रविशंकर भारती, चौधारी मुबश्शिर, आशकार हुसैन, हाजी फैसल, सैयद मौहम्मद मेराज, मौहम्मद फाजिल आदि मौजूद रहे। लाईट के बढ़ते हुए बिलो पर यह अच्छा काम है। एक लाख आठ हजार की छूट है।

# संगठित होकर आगे बढ़े हिंदू समाज



सम्भल- हयात नगर में हिंदू सम्मेलन में प्रतिभाग करते संत व हिंदू समाज के लोग।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज से संगठित होने व जाति-पांति को छोड़ एकता पर बल दिया।

हयात नगर बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में महंत शिवम महाराज ने हिंदत्व पर अपने विचार रखे। रवि देव शास्त्री ने हिंदू समाज को संगठित होने और समाज को आगे बढ़ने पर ज़ोर दिया। अरूण कांत ने संघ के 100 वर्ष और पंच परिवर्तन पर परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य पर समाज को प्रेरणात्मक विचार रखें। दयानंद वार्ष्णेय ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी का आभार प्रकट किया, आयोजन समिति हयातनगर बस्ती के सहयोग से सफल सम्मेलन हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष दयानंद वार्ष्णेय, कोषध्यक्ष मनोज वार्ष्णेय, परशुराम कृष्ण पाठक, नगर प्रचारक गगन कमल कौशल, गोपी चन्द्र, अमित वार्ष्णेय, अरविंद कुमार, पारुल शर्मा, निशि वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय, दीपा, लक्ष्मी, अरविंद वार्ष्णेय, राजेश सिंघल, रतनदीप शर्मा, हरिओम तोमर, विपिन गुप्ता, विष्णु, जयप्रकाश गुप्ता, मूलचंद, महावीर, प्रदीप, शोभित, राहुल शर्मा, राजीव, अरविंद वार्ष्णेय अंकिल, संजीव शर्मा, जितेन्द्र सैनी, चन्द्रसैन प्रजापति, गौरव वाल्मीकी पीयूष बाल्मीकी, निक्की बाल्मीकी, श्रवण कुमार, कुमार, नीतीश कुमार, सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बसंत कालीन गन्ने की करायी बुवाई



सम्भल- बसंतकालीन गन्ने की बुवाई कराते मिल उपाध्यक्ष।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ग्राम अकबरपुर गहरा में कृषक भुवनेश शर्मा ध्रुव उमेश शर्मा के यहां बसंत कालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ असमोली चीनी मिल के उपाध्यक्ष अभय यादव की मौजूदगी में गन्ना विभाग द्वारा करवाया गया। कृषक के द्वारा गन्ना प्रजाति को. 0118 की 2 एकड़ गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि से की गई। कृषक के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाए गए गन्ना मूल्य के कारण वह गन्ने का रकबा बढ़ा रहा है। उपाध्यक्ष अभय यादव ने बताया कि चीनी मिल के द्वारा कृषकों को गन्ना बुवाई हेतु प्रेरित करने के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं, जिसमें नए गन्ना कृषक को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध करवाना एवं विभिन्न कृषि रसायनों को छूट पर किसान को देना आदि शामिल हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील की के इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा रखने में गन्ने की बुवाई करें, ताकि किसान की आमदनी बढ़ सके। गन्ना महा प्रबंधक प्रवीण सिंह ने मौके पर बताया कि किसानों के द्वारा बुवाई करते समय गन्ना प्रजाति का विशेष ध्यान रखा जाए तथा केवल उन्हीं प्रजातियों की बुवाई की जाएं, जो प्रदेश सरकार द्वारा बुवाई हेतु संस्तुत की गई हैं, किसी भी अनुपयुक्त प्रजाति की बुवाई ना करें क्योंकि उसका रेट अगेती एवं सामान्य से काफी कम है। गन्ना प्रबंधक अमित धाम के द्वारा कहा गया कि किसान गन्ने की बुवाई करते समय लाइनों से लाइन की बीच की दूरी का विशेष ध्यान रखें ताकि किसान को उचित पैदावार मिल सके।

# युवक के लापता होने की पुलिस में की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** मोदीनगर। नगर के एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई के लापता होने की शिकायत पुलिस से की है। ऋषभ विहार के समीप रहने वाले भीष्म शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उनका छोटा भाई अखिलेश शर्मा पुत्र श्री देवकीनंदन शर्मा उम्र 46 वर्ष 7 फरवरी से घर से सहारनपुर के लिए निकला था लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। कृपया उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जाए,पुलिस ने शिकायत लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम पासपोर्ट में MOHAMMAD RAFI KHAN S/O MOHAMMED YASIN है। जबकि वास्तव में मेरा नाम MOHAMMED RAFI KHAN S/O MOHAMMAED YAMIN है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**MOHHAMED RAFI KHAN s/o** MOHAMMAD YAMIN

नि. मौ. चमन सराय निकट बाल विद्या मंदिर सम्भल जि. सम्भल

# सील अस्पताल में आधी रात ऑपरेशन की तैयारी

## झोलाछाप की दबंगई ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल

■ मीडिया कर्मीयो को देखते ही मरीज किए बंद तीमारदारों को बाहर निकाला, सील होने के बाद बादस्तूर संचालित मिला अस्पताल

**ठाकुरद्वारा।** अवैध अस्पताल संचालको में स्वास्थ्य विभाग का कोई डर नही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सह पर नगर व देहात क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित है बिना रजिस्टेशन और चिकित्सकों के अस्पताल। अधिकारियों मिलीभगत के कारण नगर व देहात में अवैध अस्पतलों को मंक्कड़ जाल है। कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम रामूवाला गणेश से एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है जो जिसने स्वास्थ्य विभाग के ऊपर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। दरअसल राम.ूवाला गणेश मे एक झोलाछाप द्वारा सील अस्पताल मे मरीजों को भर्ती करके आपरेशन किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है,हालांकि मौके पर पहुंचे पत्रकारों को देखकर झोलाछाप ने मरीजों को तो दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे बंद कर दिया,जबकि मरीज के तीमारदारों को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

**सील अस्पताल का संचालन विभाग के लिए चुनौती**

बता दें कि उक्त एजेएस हेल्थ केयर नामक अस्पताल को अवैध रूप से संचालित होने पर हाल ही मे स्वास्थ विभाग द्वारा सील करने की बड़ी कार्यवाही की गई थी, जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों को ये पता था कि उक्त अस्पताल पूर्ण रूप से बंद है,लेकिन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर शनिवार की रात्रि लगभग 12 बजे जैसे ही मीडियाकर्मी उक्त अस्पताल पर पहुंचे तो नजारा देखकर दंग रह गए,अस्पताल के अंदर भर्ती एक गर्भवती महिला व एक अन्य मरीज के ऑपरेशन की तैयारी चल रही थी,लेकिन मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों को अस्पताल के बाहर देखकर अस्पताल संचालक ने मरीजों को दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे बंद कर दिया जबकि मरीज के तीमारदारों को आधी रात मे ही बाहर का रास्ता दिखा दिया।





**विभाग पर लगाए गंभीर आरोप**

मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियों के द्वारा सील अस्पताल मे ऑपरेशन किए जाने के मामले मे सवाल करने पर अस्पताल संचालक ने दबंगई दिखाते हुए कहा कि जबसे अस्पताल सील हुआ है तब से हम बिना सेटिंग के कोई काम नहीं करते,सील तो दो तीन दिन मे हट जाएगी हम अपने ग्राहक वापस थोड़ी भेजेंगे,सीएमओ साहब से डायरेक्ट सेटिंग कर रखी है तो फिर कोई कैसे हमें रोक सकता है।

**अस्पताल सील पर उठ रहे सवाल**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन न होने व योग्य चिकित्सकों के न होने पर अस्पताल को सील करने की कार्यवाही की गई थी। बता दें कि सील प्रक्रिया के दौरान बाहरी शटर के ताले पर तो सील लगा दी गई लेकिन पास मे लगे लोहे के दरवाजे पर कोई सील नहीं लगाई गई,जबकि अंदर बने केबिनों पर मात्र मास्कीन टेप लगाकर सील लगाई गई जिसको हटाकर आसानी से उनके अंदर बाहर आना जाना किया जा सकता है।कुल मिलाकर अस्पताल संचालक की बातों व सील अस्पताल के संचालन होने से एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं,जिनका जवाब स्वास्थ्य विभाग की आगामी कार्यवाही के बाद ही सामने आ सकता है।

## तेज रफ्तार वैन की चपेट में आने से छात्रा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी अमित जैन की 13 वर्षीय बेटी नितिका जैन को एक तेज रफ्तार वैन चालक ने लाप.रवाही से वाहन चलाते हुए घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की है जब नितिका स्कूल से पढ़ाई कर घर लौट रही थी।

बताया गया कि रास्ते में अचानक तेज गति से आई वैन ने छात्रा के पैर पर टायर चढ़ा दिया। हादसे के बाद चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलने पर परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और चोट को मामूली समझते हुए स्थानीय स्तर पर उपचार कराया, बाद में नितिका का दर्द बढ़ता गया। दर्द असहनीय होने पर रविवार को परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने इलाज किया। इधर घटना को लेकर परिजनों ने वैन चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# नवनिर्मित पुलिस चौकी गागन तिराहा का प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कुंदरकी।** रविवार को थाना मैनाठेर क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी गागन तिराहा का विधिवत उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री तथा जनपद मुरादाबाद के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार के करकमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल कुमार ने नवनिर्मित पुलिस चौकी का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि गागन तिराहा क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना से कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। इससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार और आम जनता को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस चौकी के निर्माण को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम के समापन पर स्थानीय नागरिकों ने पुलिस चौकी के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## समाधान दिवस में न्याय की गुहार दबंगों पर धमकी देने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम सौदासपुर निवासी एक व्यक्ति ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अपने परिवार पर पुश्तैनी कृषि भूमि को लेकर दबंगों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न और मारपीट की शिकायत की है। प्रार्थी नरेश पुत्र रामसुख ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु के बाद पारिवारिक भूमि का बंटवारा हुआ था, जिसमें उसकी माता के हिस्से में साडे तीन बीघा कृषि भूमि आई थी। वर्ष 2017 में उक्त भाग से एक बीघा भूमि की रजिस्ट्री गांव के मोहम्मद हारुन , मोहम्मद यूसुफ , मासूक को कराकर अपनी शेष भूमि पर लंबे समय से उस पर खेती करता आ रहा है। उसके भाई वंटी की मृत्यु कैंसर की बीमारी से हुई थी, जिसके बाद उसकी मां घर पर ही रहती है। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही कुछ लोगकृमोहम्मद हा रुन, मोहम्मद यूसुफ अली और मोहम्मद मासूद अलीकृउस भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास करने लगे। शिकायत में बताया गया कि 21 जनवरी 2026 को सुबह करीब 11 बजे उक्त लोगों ने खेत में घुसकर कब्जा करने की कोशिश की। जब इसका विरोध किया गया तो प्रार्थी और उसके परिजनों के साथ लात-घूंसे और डंडों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने से बड़ी घटना टल सकी। पीड़ित का आरोप है कि थाना डिलारी में शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे दबंगों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। मजबूर होकर पीड़ित परिवार ने समाधान दिवस में अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने मांग की है कि दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी माता की कृषि भूमि पर अवैध कब्जा रोका जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे बिना भय के खेती कर सकें।

## हुसैनपुर में रात के अंधेरे में डीजल माफिया सक्रिय, 750 लीटर डीजल उड़ाया

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में डीजल चोरों ने बेखौफ होकर दो टैंकरों को निशाना बनाया। बदमाशों ने करीब 750 लीटर डीजल चोरी कर लिया और विरोध करने पर चालक को तमंचा दिखाकर डराया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित अंकित पुत्र कुलदीप सिंह निवासी संदलपुर थाना मैनाठेर ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात टैंकर खड़ा कर सो रहा था। देर रात चोरों ने उसकी गाड़ी से 450 लीटर और पास खड़े दूसरे टैंकर से करीब 320 लीटर डीजल निकाल लिया।

चोरी के दौरान आवाज सुनकर जागने पर जब अंकित नीचे उतरा तो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसके साथ अभद्रता की और मौके से फरार हो गए। भागते समय चोरों ने पीछा कर रहे वाहन को टक्कर मारने का प्रयास भी किया। बताया जा रहा है कि पीछा करने पर आरोपी रास्ते में ही कार छोड़कर फरार हो गए, जिसमें डीजल से भरी केन का होना बताया गया है। वहीं पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ बिलारी अशोक कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, कार्रवाई की जा रही है।

## एसआरएम स्टेट रिव्यू मिशन की टीम ने कुन्दरकी में परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

**कुन्दरकी।** एसआरएम स्टेट रिव्यू मिशन के अंतर्गत बागपत से आई स्टेट टीम ने कुंदरकी ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक जायजा लिया। टीम ने सीएचसी कुंदरकी, पीएचसी मैनाठेर, डींगरपुर, हरियाणा, रतनपुर कलां सहित कुल 15 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्वास्थ्य गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, स्टाफ की उपस्थिति, रिकॉर्ड रखरखाव एवं उपचार व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। टीम में एसीएमओ डॉ. मुकेश कुमार एवं डिस्ट्रिक्ट अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर विकास कुमार शामिल रहे। उन्होंने 6 फरवरी से 8 फरवरी तक कुंदरकी ब्लॉक के कुल 20 स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया। निरीक्षण रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।



# सोनकपुर पुल पर डंपर से कुचलकर प्रॉपर्टी डीलर की मौत, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोनकपुर पुल पर देर रात एक दर्दनाक और सनसनी खेज घटना सामने आई, जहां डंपर से कुचलकर एक प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। हादसे में मृतक का एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, डंपर चालक कार को ओवरटेक कर रहा था। इस पर कार चालक ने वाहन रोककर डंपर चालक से ओवरटेक करने का कारण पूछा। आरोप है कि इसी दौरान डंपर चालक ने जानबूझकर डंपर से कार सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक की पहचान सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मऊ निवासी राज.कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से प्रॉपर्टी डीलर था। वह रिटायर्ड राजकीय पॉलीटेक्निक कर्मी मुन्नालाल का इकलौता बेटा था। इस घटना में राजकुमार का दोस्त जोनी, निवासी लाइनपार, घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक के पिता मुन्नालाल ने मझोला थाने में डंपर चालक मोहम्मद शाकिर और उसके हेल्पर उमर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि राजकुमार ने अपने निर्माणाधीन मकान में बालू डलवाने के लिए शाकिर और उमर से संपर्क किया था। बालू डालने को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हो चुकी थी।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डंपर चालक और हेल्पर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# काशीराम आवासों से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई, 50 आवास कराए गए खाली

**चन्दौसी।** नगर में स्थित काशीराम आवासों पर लंबे समय से अपात्र लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया जिनमें वे काफी समय से रह रहे थे। कब्जाधारियों ने आवासों के अंदर लगे पाइप, खिड़की आदि उखाड़ लिए तथा चोरी की बिजली का खुलेआम उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा कई बार प्रयास किए गए, लेकिन अपात्र लोग आवास खाली करने के बजाय समय की मांग करते रहे।

वहीं फिलहाल में ही 29 आवा.सों में 'भीख से सीख' अभियान के तहत उम्मीद संस्था के माध्यम से 29 परिवारों को अस्थायी रूप से बसाया गया। संस्था की संयोजिका रैना शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर ऐसे परिवार, जो सड़क किनारे रहकर भीख मांगकर जीवन यापन करते थे और जिनके पास कोई आवास नहीं था, उन्हें इन आवासों में अस्थायी रूप से स्थापित किया गया। रविवार को अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, नायब तहसीलदार, आरआरएफ व कोतवाली पुलिस के साथ काशीराम आवास पहुंचे। करीब चार घंटे चली कार्रवाई के दौरान नगरपालिका टीम की मौजूदगी में 50 आवासों को खाली कराया गया, जिन पर बाद में ताले लगा दिए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में आवासों से सामान बाहर निकाला गया। आवा.सों में रह रहे लोगों ने तीन दिन का समय मांगा, लेकिन अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने स्पष्ट किया कि केवल उम्मीद संस्था के माध्यम से रखे गए 29 अस्थायी परिवारों को ही फिलहाल रहने दिया जाएगा। हालांकि प्रशासन को नोंकझोंक का भी सामना करना पड़ा।

## विराट हिन्दू सम्मेलन में सनातन संस्कृति पर दिया गया जोर

**मुरादाबाद।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में रविवार को एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें सनातन संस्कृति, वैदिक सनातन धर्म और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया गया।सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइंस बंगला गांव, जिगर कॉलोनी स्थित दयानंद आर्य गर्ल्स महाविद्यालय स्टेट बैंक के पास में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने सहभागिता की और सामाजिक एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के सम्मेलन समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने और सनातन धर्म की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## महानगर में आईएमए के तत्वावधान में आयोजित मेडिकॉन में जुटे देशभर के नामचीन डॉक्टर

**मुरादाबाद।** रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए की मुरादाबाद शाखा के तत्वावधान में वार्षिक मेडिकॉन एवं मेगा सीएमई का भव्य आयोजन किया गया। दिल्ली रोड स्थित होटल ड्राइविंग 24 में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से आए ख्याति प्राप्त चिकित्सकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया, जिससे शहर और आसपास के चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र की नवीन जानकारियां प्राप्त हुईं। आईएमए मुरादाबाद ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह ने बताया कि इस मेगा सीएमई का उद्देश्य चिकित्सकों को बदलती जीवनशैली के कारण शरीर और मन पर बढ़ते रोगों के खतरों से बचाव के आधुनिक तरीकों से अवगत कराना है। सम्मेलन में दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, लखनऊ सहित देश के कई बड़े शहरों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कैंसर सहित अन्य जटिल और गंभीर बीमारियों के नवीनतम निदान और उपचार तकनीकों पर व्याख्यान दिए।मेडिकॉन का मुख्य आकर्षण विशेषज्ञों के लेक्चर, पोस्टर प्रेजेंटेशन और इंटरएक्टिव सत्र रहे, जिनमें नई चिकित्सा तकनीकों और शोधों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## करनपुर चौराहा में संत निरंकारी मिशन के सत्संग का आयोजन, मानवता व एकता का संदेश प्रसारित

**डिलारी।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनपुर चौराहा पर संत निरंकारी मिशन की स्थानीय शाखा में मासिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे महात्मा सुरेंद्र सिंह रावत ने मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मानवता, एकता और परोपकार का उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि संत महापुरुषों का जीवन समाज के कल्याण व मार्गदर्शन के लिए समर्पित होता है। उनका तप और त्याग प्रत्येक व्यक्ति को सच्चाई, प्रेम और सहनशीलता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, ताकि वह एक बेहतर मानव और समाज का निर्माण कर सके। उन्होंने लोगों से वैर, घृणा, ईर्ष्या, नफरत और हिंसा के मार्ग को त्यागकर प्रेम, शांति और भाईचारे का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। महात्मा जी ने कहा, संतजन वही पथ दिखाते हैं, जिस पर वे स्वयं चले हैं - सच्चाई, प्यार, सहनशीलता और अपनेपन का पथ, जो दूसरों को सुख, चौन और सहायता प्रदान करता है। उन्होंने एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ के नारे के साथ विश्व भाईचारे और मानवीय एकता पर जोर दिया तथा बताया कि महापुरुषों का यही संदेश सारे विश्व को एक सूत्र में बाँध सकता है। सत्संग कार्यक्रम का कुशल संचालन विकास कुमार ने किया। प्रवचन समाप्ति के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने पवित्र लंगर का प्रसाद श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस पावन संत समागम में ब्रांच करनपुर चौराहा के ( इंचार्ज )डॉ. बाबू सिंह , कमल कुमार, त्रिवेणी शंकर, महेंद्र सिंह, होती सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष कुमार, पूरन सिंह, भजन सिंह, पवन कुमार, ध्यान सिंह, रामवीर सिंह, कृष्णपाल, राजकुमार डॉ दीपक (कृषि वैज्ञानिक अधिकारी),ओमप्रकाश सिंह,रामकुमार सिंह,आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, रामकली, सविता देवी, निशि देवी, नीतू देवी, पूनम, कामिनी, निशा, आस्था, वंशिका आदि महिला श्रद्धालुओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।



## सड़क हादसे में बाइक सवार सात वर्षीय मासूम सहित दंपत्ति घायल

**ठाकुरद्वारा।** विवाह समारोह से लौट रहे बाइक सवार को मंडी समिति के निकट तेज रफ्तार कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी सात वर्षीय बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार को रोक लिया। आरोप है कि कार में सवार अन्य युवकों ने घायल परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने कार को मंडी समिति परिसर में खड़ा कराया और पीड़ित परिवार का छीना गया मोबाइल वापस दिलवाया। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव जयनगर निवासी राहुल कुमार अपनी पत्नी पूजा और सात वर्षीय पुत्री गीता के साथ बाइक से उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। लौटते समय रतुपुरा गांव की ओर जाते हुए मंडी समिति के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल तीनों घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोग तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं।

## चन्दौसी में एम्स निर्माण की मांग को लेकर हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड ने की सभा

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की एक महत्वपूर्ण सभा घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में सम्पन्न हुई। सभा में केंद्र एवं राज्य सरकार से एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) को चंदौसी में स्थापित किए जाने की पुरजोर मांग की गई। सभा को संबोधित करते हुए बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि इस वर्ष के बजट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स बनाने की घोषणा की गई है और भौगोलिक व यातायात की दृष्टि से चंदौसी इसके लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। सभा में एड. संजय गुप्ता, योगेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, एड. मुकेश अग्रवाल, दिनेशचंद्र गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**
मैनें तथा मेरे बाकि परिवार वालों ने अपनी पुत्री सोमा कौर के अमर्यादित आचरण के कारण अपने सभी प्रकार के आपसी सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल अंचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। सोमा कौर के किसी भी अच्छे बुरे कार्यों से मेरा तथा मेरे बाकि परिवार का कोई मतलब वास्ता नही है। **गुरनाम कौर पत्नी स्व. परमजीत सिंह निवासी ग्राम कुआंखेड़ा खदरी थाना बढ़ापुर तह० नगीना जिला बिजनौर।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान किराया प्राधिकारी/एडीएम सिटी महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 28 सन् 2026
**D202613540000028**
**तारीख पेशी:** 18.2.2026
**धारा:** 21(2) उ.प्र.किराया नगरीय परिसर अधिनियम 2021
**शम्भू दत्त तिवारी बनाम श्रीमती मोनी शर्मा उर्फ मोनिका शर्मा आदि।**
शम्भू दत्त तिवारी उम्र 65 वर्ष लगभग पुत्र नरोत्तम तिवारी निवासी मीरपुर निकट पेप्सी गोदाम बर्फानी ट्रेडर्स ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के पीछे उत्तरांचल कालौनी मझौली थाना मझौला जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमती मोनी शर्मा उर्फ मोनिका शर्मा पत्नी मोनू शर्मा, 2. मोनू शर्मा उर्फ रविन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामदास शर्मा निवासीगण मीरपुर निकट पेप्सी गोदाम बर्फानी ट्रेडर्स ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के पीछे उत्तरांचल कालौनी मझौली थाना मझौला जिला मुरादाबाद, मो. नं0 8534959967
चूंकि उपरिनामांकित **उपर्युक्त** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **धारा:** 21(2) उ.प्र.किराया नगरीय परिसर अधिनियम 2021 अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 02 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता आपके विरूद्व एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 06 को निकाली गयी है।
**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट (नगर), मुरादाबाद।**

KRIBHCO Cooperative and beyond...
**कृषक भारती कॉआपरेटिव लिमिटेड**
**क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ**
**उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना**
वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/SWC/SKVS/ रैक पाइन्ट-मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, चन्दौसी एवं गजरौला से कृषक भारती सेवा केन्द्र-बिलारी, कॉठ, स्योंडारा, सम्भल, बहजोई एवं जोया को अनुमा.नित 15,000 मैट्रिकटन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की माँग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सीलबन्द निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ मे दिनांक 27.02.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 25,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वर्षो की आई0टी0आर0 की प्रति, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनाँक 27.02.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्ह 3:00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ मे खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तो की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।
**क्षेत्रीय प्रभारी कृभको-मेरठ**
**email: aomeerut@kribhco.net**

# हिन्दू सम्मेलन में एकता और संस्कारों पर दिया गया जोर

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मीदेवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर पर रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बाबा बच्चा बफर्घनी महाराज व मुख्य वक्ता मीनाक्षी शेरावत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन उपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि बाबा बच्चा बफर्घनी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि हिन्दुओं को जातिपाती में न बटकर एक रहना है। यदि जाती पाती में बटे तो निश्चित रूप से किसी न किसी रूप में मारे जाओगे। अपने घर परिवारों में बच्चो द्वारा मोबाइल पर बेहूदी रील बनाना रोकना होगा। अपने सनातन का अध्यन अति आवश्यक है।

मुख्य वक्ता मीनाक्षी शेरावत ने कहा कि हम प्रत्येक हिन्दू घर में शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व बनाने निकले हैं लेकिन शिवाजी तभी पैदा होंगे जब माँ जीजाबाई जैसी हर माँ बनेगी। उस जैसी ममता के साथ राष्ट्रप्रेम का भाव संस्कारो में देना होगा।



अपने बच्चे को सिंह जैसा बनाने के लिए हर माँ को अपने बच्चों को हर वो बुरी आदतों से बचाना होगा जिससे वो स्वयं का समाज का देश का संरक्षण कर सके। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बोला जो लोग महिला की चूडिय्यों को कमजोरी का मानक समझते हैं वे समझ लें ये चूडिय्याँ कमजोर नहीं ये हमारा गहना है और लड़की को कोई अबला न समझे। कार्यक्रम में अध्यक्षता मधुलिका सिंह ने की और विशिष्ट अतिथि पंकज सर्राफ रहे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। समापन पर सबको प्रोत्साहन हेतु सभी बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा टंडन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह अशोक, जिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तण्ड, उदय तिवारी, संजय, अजय, मुकेश गुप्ता, मनोज कठेरिया, शुभम अग्रवाल, मनमोहन, सुधीर, विक्रम सिंह एड0, नेपाल शर्मा, रामपत सिंह व मातृशक्ति में नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, सुषमा यादव, नीतू चौधरी, ऋचा तिवारी, रंजना शर्मा आदि समेत हजारों कार्यकर्त्ताओ द्वारा इस सम्मेलन को सहभागिता की।

जिला भर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने के बारे में सहजिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तण्ड ने बताया कि संभल जिले में हर मण्डल व बस्ती स्तर पर ये हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिनका मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना है और अपने सनातन संस्कृति से अवगत कराते हुए सभ्य, जागरूक व राष्ट्रप्रेमी समाज का निर्माण करना है। अभी तक 40 से ज्यादा हिन्दू सम्मेलन जिले भर में हो चुके हैं और लगातार हो रहे हैं।

# रेलवे फाटक पर पुल की मंजूरी की सूचना से क्षेत्र में खुशी का माहौल

■ नगर पंचायत अध्यक्ष ने जताया विधायक का आभार



**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कांठ।** रेलवे के गेट नंबर 432 बी पर पुल बनाए जाने की मंजूरी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी छा गई नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने विधायक कमाल अख्तर का इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। बतादें कि विधायक कमाल अख्तर ने नियम 51 के अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग 432 बी पर पुल बनाए जाने को लेकर विधानसभा में सवाल उठाया था।

उन्होंने कहा था कि मुरादाबाद से हरिद्वार मार्ग पर कांठ होकर बंगाल बिहार पूर्वी उत्तर प्रदेश आदि से बड़ी संख्या में भक्तजन हरिद्वार गंगाजल व कावड़ लेकर अपने परिजनों के अस्थि विसर्जन करने हेतु गुजरते हैं परंतु रेलवे क्रॉसिंग संख्या 432 बी पर लाखों वाहनों का आवागमन प्रतिदिन होता है यहां अत्यधिक ट्रेन गुजरने के कारण फाटक बंद होने से घंटों जाम लगा रहता है। इससे जनमानस व कावड़ियों को आने-जाने में काफी समय लगता है और कभी-कभी एंबुलेंस फँस जाने के कारण मरीजों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है। उन्होंने इस संबंध में सवाल उठाया तो जानकारी मिली कि रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा निर्गत नीति 2022 में लेवल क्रॉसिंग हेतु लागत सहभागिता और कार्यों की स्वीकृति के संबंध में यह व्यवस्था की गई है कि 3 लाख से अधिक टीवीयू से आच्छादित लेवल क्रॉसिंग रेल मंत्रालय की प्राथमिकता में सम्मिलित होगी तथा ऐसी परियोजनाओं की लागत का शत प्रतिशत बहन रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार हुआ तो प्रमुख सचिव अजय चौहान ने रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय को पत्र लिखकर बताया कि इस पुल की लागत 3 लाख से अधिक टीवीयू पाई गई है इसलिए इसका निर्माण रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जाना है उन्होंने रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय से रेल उपगिरामी सेतु का निर्माण प्राथमिकता पर कराए जाने के लिए पत्र लिखा।

इसके बाद वरिष्ठ मंडल अभियंता चतुर्थ उत्तर रेलवे मुरादाबाद ने विधायक को पत्र जारी करके इसकी जानकारी दी उन्होंने कहा कि कांठ नगरीय क्षेत्र में पडने वाले लेवल क्रॉसिंग संख्या 432 बी पर उपगिरामी सेतु आर ओ बी का कार्य स्वीकृत हो गया है तथा इस कार्य को उपमुख्य अभियंता निर्माण रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट द्वारा किया जाना है। इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी छा गई जिसको पता चला उन्होंने विधायक को शुभकामनाएं प्रेषित की नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने भी विधायक कमाल अख्तर का इस पुल निर्माण की स्वीकृत होने पर आभार व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह यादव और फुरकान अहमद ने भी विधायक कमाल अख्तर का आभार जताया है।

## ब्राह्मण के सामाजिक उत्थान के लिए ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की उठी मांग



**कांठ( शाह टाइम्स )** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रति. निधिमंडल ने आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व एक बैठक का आयोजन कर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श भी किया गया। ज्ञापन में महासभा द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि भगवान श्री परशुराम भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म, शौर्य और राष्ट्र चेतना के प्रतीक हैं तथा उनका जन्मोत्सव सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा हुआ है। महासभा ने यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2017 से निरंतर संगठन द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) को प्रशासनिक/सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा ब्राह्मण समाज के लिए पृथक "ब्राह्मण कल्याण बोर्ड" के गठन की मांग सरकार के समक्ष उठाई जाती रही है, किंतु अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए कल्याण बोर्डों का गठन किया गया है, ऐसे में ब्राह्मण समाज के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक हितों के संरक्षण हेतु ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, यतेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, अंबरीष शर्मा, राहुल शर्मा, आशु शर्मा, अमित कौशिक, प्रमोद शर्मा, केशव शर्मा, अनिल शर्मा, आकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, संदीप, शिव शर्मा, सोमदत्त कौशिक राजेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### यात्री टीन शेड बन सकता है खतराए जान, किसी का नहीं है इस और ध्यान



**कांठ( शाह टाइम्स )** यात्री टीन शेड जर्जर होने के कारण इस समय लोगों के लिए खतराए जान बना हुआ है लेकिन किसी का ध्यान अभी इस और नही गया है। बतादे कि कई साल पहले नवादडी मोड पर सड़क किनारे यात्रियों के बैठने के लिए यात्री टीन शेड की स्थापना की गई थी।

इसका कई सालों तक लोगों को लाभ ही मिला रात को कुछ बेसहारा लोगों ने यहां रुक कर अपनी रातें भी गुजारी मगर देखरेख के अभाव में यह जर्जर हालत में पहुंच गया आठ खम्बो पर टिका यह शेड अब खंबे गल जाने के कारण मात्र चार पर टिका हुआ है। और किसी भी समय यह गिरकर लोगों की जान के लिए खतरा बन सकता है आसपास के लोगों का ध्यान इस और गया तो उन्होंने लोगों को आगाह करना शुरू कर दिया है मगर जिम्मेदारों का ध्यान अभी इस और नहीं है आसपास के लोगों ने टीन शेड की मरम्मत कराकर इसे सुरक्षित बनवाए जाने की मांग की है।

### आईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष ने रवाना में किया जनता को संबोधित



**कांठ( शाह टाइम्स )** जिला पंचायत चुनाव में जान डालने के लिए आज आईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली छजलैट क्षेत्र के गांव रवाना पहुंचे और वहां उन्होंने जनता को संबोधित किया उन्होंने समाजवादी कांग्रेस और बीजेपी पर निशाना साधा कहा कि सरकारों में दलित और मुसलमान के साथ भेदभाव किया जा रहा है मुसलमान और दलितों की मॉब लींचिंग की जाती है जनता ने सभी पार्टियों की सरकार देखी है लेकिन एक बार आई एम आई एम को भी मौका देकर देखें। इस मौके पर मेहताब चौहान पूर्व जिला पंचायत सदस्य मतलूब अहमद, रईसउद्दीन मलिक, जुल्फिकार अहमद नईम कुरैशी इंतजार आलम सद्दाम हुसैन मंजूर अहमद सलीम अहमद आदि काफी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य की पोल खुली तो शिकायतकर्ता को मिली झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

**मूंढापांडे।** रविवार को थाना कटघर में दिए गए एक शिकायती पत्र के द्वारा लक्ष्मन सिंह पुत्र रामवीर सिंह निवासी गोविंदनगर मुरादाबाद ने बताया



कि मैंने बीते दिनों सीएमओ मुरादाबाद, डिप्टी सीएमओ मुरादाबाद और एम ओ आई सी अमित कुमार के खिलाफ मुख्यमंत्री दरवार में संपत्ति की जांच और अवैध अस्पतालों को बंद कर बाद में मोटी रकम वसूल कर दोवारा खुलवाने की शिकायत की थी,जिस पर संज्ञान लेकर जांच मुरादाबाद के अधिकारियों को सौपी गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिससे बौखलाकर अमित कुमार के लिए अवैध अस्पतालों से उगाही करने वाले झोलाछाप डॉक्टर जावेद के द्वारा मुझे फोन पर धमकी दी गई,कि तू तीनों की शिकायत वापस ले ले वरना तुझे झूंठे मुकदमे फंसाकर जेल भिजवा देंगे अगर हमारी बात नहीं मानी तो तुझे जान से मरवा भी सकते हैं, जिस पर मैंने थाना कटघर पुलिस को लिखित शिकायत दी है, पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांठ के 9 प्रतिभागियों ने गोल्ड तो 4 ने सिल्वर जीत कर किया नाम रोशन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता में नगर के आकाश कोरियन तायक्वोंडो के 9 खिलाड़ियों ने अपने अपने भार वर्गों में सवर्ण पदक, 4 खिलाड़ियों ने रजत पदक तथा 1 ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन किया है।वर्धमान कॉलेज बिजनौर में जनपद स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना, धामपुर, नजीबाबाद, कांठ सहित अनेक क्षेत्रों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। नगर के आकाश कोरियन ताइक्वांडो के मृत्युंजय सिंह, अथर्व विश्नोई, एनी चौहान, प्रणिका शुक्ला, शौर्या प्रताप, शौर्या विश्नोई, पोरस चौहान, उन्नति माहेश्वरी, मौ. अर्श ने अपने अपने भार वर्गों में गोल्ड मेडल प्राप्त किए। साकेत मोहन अग्रवाल, प्रत्यक्ष चंदेल, ऋषिका शर्मा, जीविशा शर्मा ने अपने-अपने भार वर्गों में सिल्वर मेडल तथा अक्षिता ने कांस्य मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर कांठ क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन कर दिया। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजयी खिलाड़ियों ने एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा को जीत का श्रेय दिया। कोच हर्ष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



### एसएम कॉलेज विवाद: न्यायालय के आदेश पर सात पर एफआईआर

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज में प्रबंध समिति और प्राचार्य के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब गंभीर होता जा रहा है कभी प्राचार्य की ओर से प्रबंध समिति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है, तो कभी प्रबंध समिति पलटवार करती दिखाई देती है। इस आपसी टकराव के बीच करोड़ों रुपये के कथित हेर-फेर और धन उगाही के आरोप सामने आए हैं, जिससे कॉलेज की छवि को गहरा आघात पहुंचा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन द्वारा कॉलेज के प्राधिकृत नियंत्रक के रूप में जिलाधिकारी संभल को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में प्रबंध समिति ने न्यायालय की शरण लेते हुए कॉलेज के प्राचार्य सहित पांच नामजद एवं एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर में करोड़ों रुपये की धन उगाही का आरोप लगाया गया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 305 एवं 308(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की विवेचना में जुटी हुई है। कॉलेज से जुड़े इस विवाद का अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा, लेकिन वर्तमान हालात ने एक समय में प्रदेश स्तर पर पहचान बना चुके इस महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

## एसपीईएल-3.0 के तहत छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**चन्दौसी।** एसपीईएल-3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं को बीट आरक्षी के साथ हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस कराया गया। इस दौरान महिला बीट, सीसीटीएनएस प्रणाली का परिचय देते हुए मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई। साथ ही एसपीईएल में आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों और साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। जिन्होंने बच्चों के प्रश्नों का समाधान कर उन्हें जागरूक किया।

## अलग-अलग मामलों को लेकर थाना छजलैट में कई पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रमपुरा निवासी सुधीर का आरोप है कि पहली फरवरी को घर पर उसकी बूढ़ी मां अकेली थी उसी समय दीक्षा पत्नी नितिन और नितिन पुत्र राजेंद्र निवासी खानपुर उसके घर में आए और इसके बाद कमरे में रखे घ्6000 चार चूड़ी सोने की और अन्य जेवर गायब हो गए घर आकर देखा तो उक्त लोगों से पूछताछ की मगर उन्होंने सामान देने से इनकार करते हुए धमकी देने शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना रजपुरा की है वहां के धन सिंह का कहना है की 30 जनवरी की दोपहर को उसका पुत्र मोहित सड़क के नीचे कच्चे में खड़ा था तभी जावेद बाइक लेकर लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसके पुत्र को टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोटे आई बाइक सवार मौके से भाग गया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जावेद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तीसरा मामला सलावा गांव का है वहां के गुलहसन का आरोप है कि 5 फरवरी को शाम 4:00 बजे उसकी पोती माहिरा को गांव का हसन मार रहा था जिसकी शिकायत करने वह नबी हसन के घर गया तो उक्त लोग घर में घुस गए और उसकी पुत्री के साथ मारपीट और गाली गलोज करनी शुरू कर दी यह लोग उसके परिवार से पहले भी झगड़ा कर चुके हैं पुलिस ने शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। एक घटना रामपुर निवासी व्यक्ति की है दिवाकर पुत्र चंद्रपाल का कहना है कि वह रामपुर का रहने वाला है 6 फरवरी को उसका भाई करन अपनी बाइक से हरिद्वार से घर आ रहे थे जैसे ही लदावली के पास पहुंचे सामने से ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी टक्कर लगने से उसके गंभीर चोट आई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई घायल को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने इस मामले में भी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। राणा नगला निवासी नरेशों का कहना था कि वह सुबह 11:30 बजे घर पर अकेली थी तभी गांव का रिंकू आया और गाली देने लगा गाली देने को मैंने किया तो उसने मारपीट शुरू करके गला दबा दिया।

शोर मचाने पर गांव वाले आ गए और वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पुलिस ने हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## अनधिकृत शपथपत्र पर हाईकोर्ट सख्त एसएम कॉलेज प्रबंधन पर अर्थदंड कायम

**चन्दौसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की प्रबंधन समिति द्वारा दायर विशेष अपील का निस्तारण करते हुए एकल पीठ द्वारा लगाए गए 50 हजार रु. के अर्थदंड को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह एवं न्यायमूर्ति इन्द्रजीत शुक्ला की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मूल याचिका के समर्थन में दाखिल शपथपत्र देने वाले पंकज सिसोदिया प्रबंधन समिति से संबंधित नहीं थे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही न्यायालय में शपथपत्र दाखिल किया जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने यह राहत दी कि यदि प्रबंधन समिति का प्रबंधक 50 हजार रु. की लागत एक माह के भीतर जमा कर देता है तो प्रबंधन समिति को स्वतंत्र रूप से नई और विधिसम्मत याचिका दाखिल करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिस पर पूर्व आदेश का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि शासन द्वारा प्रबंध तंत्र को भंग कर जिलाधिकारी संभल को कॉलेज का प्राधिकृत नियंत्रक बनाया गया है।

# सिविल लॉयर्स फोरम का हुआ शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लॉयर्स फोरम मुरादाबाद का पदभार ग्रहण समारोह यूथ बार एसोसिएशन के सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी को विधिवत माल्यार्पण के पश्चात पदभार ग्रहण कराया गया। फोरम के अध्यक्ष मोहम्मद जुनेद एजाज, सचिव श्याम कुमार सक्सेना, उपाध्यक्ष राकेश जौहरी, अनिल कुमार व विकास सक्सेना, कोषाध्यक्ष जाफर अली तथा संयुक्त सचिव मीनाक्षी सेठी, मैहजबी लियाकत, विजय गोयल व दीपक जैन बनाए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कई अधिवक्ताओं को शामिल किया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष इब्ने हैदर नकवी व राम मोहन श्रीवास्तव ने नवगठित कार्यकारिणी को पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की एल्डर्स कमेटी के सदस्य महेश चंद्र त्यागी, अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता, पारूल जैन (अग्रवाल) सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने सिविल लॉयर्स फोरम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। नवगठित अध्यक्ष मोहम्मद जुनेद एजाज व निवर्तमान सचिव राम मोहन श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं से न्यायालय में पूरी तैयारी व गरिमा के साथ उपस्थित होने तथा कनिष्ठ अधिवक्ताओं को सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता इब्ने हैदर नकवी ने की तथा संचालन राम मोहन श्रीवास्तव ने किया।

# होली के जुलूसों की संचालन समिति के अध्यक्ष बने कौशल ठाकुर, 27 फरवरी से शुरू होंगे जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में होली के तीनों जुलूसों की संचालन समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कौशल ठाकुर को सौंपी गई, तीस सदस्य इनका सहयोग करेंगे। नगर में शाहबाद रोड स्थित कमेटी के कार्यालय पर आहूत बैठक में होली पर्व धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया।

बैठक में तय पाया कि इस बार पहला जुलूस शोक की एकादशी पर 27 फरवरी की शाम को 6:00 बजे निकलेगा तीन मार्च की शाम को गुलाल का जुलूस भी शाम को 6:00 बजे और मुख्य जुलूस 4 मार्च को साढ़े दस बजे से निकलेगा। सभी जुलूस नगर के ऐतिहासिक झंडा चौक से आरंभ होकर निर्धारित मार्गो से गुजरेंगे। कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने आह्वान किया कि जल ही जीवन है इसलिए सूखे रंगों का प्रयोग करें ताकि पेयजल की बर्बादी ना हो सके इसके अलावा त्योहार को गरिमा के अनुसार शालीनता से मनाएं। बैठक में शामिल पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि होली सनातन धर्म के मुख्य त्योहारों में एक है इसको सभी लोग मिलजुल कर प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं। सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने कहा कि यह सभी नगर वासियों का पर्व है सभी लोग इसमें बराबर की जिम्मेदारी समझे और मिलजुलकर प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं। बैठक में सुरेंद्र कुमार चुग सुधीर अग्रवाल अजय अग्रवाल दुष्यंत चौहान दिनेश प्रजापति राजेश प्रजापति रामनिवास शर्मा मनोज ठाकुर दीपक यादव अंशुल मनोज अग्रवाल निहाल सिंह लाठर अभिषेक शर्मा गिरीश गर्ग आकाश बंसल भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता आदि शामिल रहे।

## सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में आइ क्यू टेस्ट का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रविवार को सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में द इंटेलिजेंस चौंपियनशिप आई क्यू टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा प्रात: 8 बजे से तथा द्वितीय पाली कक्षा यू के जी से कक्षा 5 तक के



विद्यार्थियों की परीक्षा दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की दिमागी तथ्यों का आंकलन करना है, और विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को परखना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। स्कूल उभरती प्रतिभाओं को अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए एक मंच देता है ऐसी परीक्षाएं छात्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती है और सामान्य ज्ञान,विज्ञान और अंग्रेजी के ज्ञान में वृद्धि करती है। प्रतियोगिता में कक्षा यू के जी से 12 वीं तक के कांठ,स्योहारा, धामपुर, करनपुर, सहसपुर, अगवानपुर, हरथला, उमरीकला, मुरादाबाद,छजलेट, अमरोहा आदि क्षेत्रों के हजारों विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित थी । परीक्षा का परिणाम 22 मार्च रविवार, को घोषित होगा। स्कूल चौयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी अभिभावक एवं आगंतुकों का स्कूल आगमन पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अनवर हुसैन, विकास यादव,चंचल देवी,आमिल सैफी,शिवम, असद,आमिल सैफी, वंदना गौर, अनुजा सहगल,विवेक चौहान, शाहरुख, दीपिका विश्नोई,माही खान, काजल त्यागी,सारिका विश्नोई, मुस्कान,आभा विश्नोई, राजन विश्नोई, एवं अन्य समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सर्विसेज ने 8वां खिताब जीता फाइनल में केरल को हराया

**ढाकुआखाना, वार्ता।** सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी।

### सात्विक-राधिका शर्मा ने जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती हुई महिला सिंगल्स खिलाड़ी देविका सिहाग ने रविवार को बाकू में अजरबैजान इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंटरनेशनल सर्किट पर अपना लगातार दूसरा टाइटल जीता, जबकि सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा ने मिक्स्ड डबल्स का टाइटल जीता। देविका, जो पिछले हफ्ते थाईलैंड मास्टर्स में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी थीं, ने फाइनल में हमवतन नव्या कंडेरी को 21-10, 21-13 से हराकर अपना टाइटल जीतने का सिलसिला जारी रखा। टाइटल जीतने के बाद बाई मीडिया से बात करते हुए, देविका ने कहा कि वह इन दो हफ्तों में जिस तरह से खेलीं, उससे खुश हैं, भले ही उन्होंने ज्यादा ट्रेनिंग नहीं की हो।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर लाहौर में तीन पार्टियों की मीटिंग

- **बीसीबी के प्रेसिडेंट इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं**
- **पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है, मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात**

**लाहौर, वार्ता।** भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान के हिस्सा लेने के मुश्किल मुद्दे पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के बीच रविवार को लाहौर में मीटिंग होनी है। मीटिंग में बांग्लादेश के भी शामिल होने की उम्मीद है, जिसे पीसीबी ने बुलाया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, जिसके लिए आईसीसी के कुछ अधिकारी भी आने वाले हैं। बांग्लादेश का शामिल होना समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि पूरा टी20 विश्व कप का झगड़ा तब शुरू हुआ जब बीसीबी ने लिटन दास की टीम के लिए जगह बदलने की मांग की, यह कहते हुए कि वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि आईसीसी ने उस रिक्वेस्ट को ठुकरा दिया और स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश की जगह ले ली, लेकिन पाकिस्तान ने उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए विरोध में कोलंबो में भारत का मैच नहीं खेलने की कसम खाई। जैसा कि क्रिकबज ने शनिवार को बताया, पाकिस्तान का यह कदम एक बड़े मुद्दे में बदल गया है, जिसमें दुर्लभ फ़ोर्स मेज्योर क्लॉज का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वैधता को आईसीसी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत का मैच न खेलने के लिए भारी फ़ाइनेंशियल नुकसान और संभावित सजाओं की संभावना का सामना करते हुए - जिससे मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट का अपमान होता है - पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है। मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात है, लेकिन यह डेवलपमेंट इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान टीम बड़े कोलंबो मैच पर अपने रुख पर फिर से सोच रही है। इस कदम की श्रीलंका ने पहले ही आलोचना की है, जिसने बताया है कि बॉयकॉट की वजह से टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में देश को भारी फाइनेंशियल नुकसान हो सकता है। श्रीलंका ने पाकिस्तान को उस समय की भी याद दिलाई जब उसे इंटरनेशनल बॉयकॉट का सामना करना पड़ा था और कैसे श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को पाक में वापस लाने में मदद की थी।

# कीवियों ने अफगानिस्तान को हराया




- **टिम साइफर्ट 65 और फिलिप्स की 42 रनों की शानदार बल्लेबाजों की बदौलत न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की**

**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (65) और ग्लेन फिलिप्स (42) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप 2026 के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजीब उर रहमान ने दूसरे ही ओवर में फिन ऐलन (एक) और रचिन रविंद्र (शून्य) को आउटकर न्यूजीलैंड को दो झटके दिए।

इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने टिम साइफर्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में राशिद खान ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में मोहम्मद नबी ने टिम साइफर्ट को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 65 रन बनाए। मार्क चैपमैन 17 गें. दों में 28 रन को 16वें ओवर में ओमरजई ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 17-5 ओवर में 183 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में (25) और कप्तान मिचेल सैंटनर आठ गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने दो विकेट लिए । अजमतउल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। छठें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन ने पहली गेंद पर इब्राहिम जदरान (10) और छठी गेंद पर रहमानउल्लाह गुरबाज (27) का शिकार कर लिया। इसके बाद गुलबदीन नईब और सेदिघुल्लाह अटल की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़कर अफगानिस्तान के बड़े स्कोर की नींव रखी। 15वें ओवर में जेकब डफी ने सेदिकुल्लाह अटल (29) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 18वें ओवर में रचिन रविद्र गुलबदीन नईब को आउटकर पवेलियन भेज दिया। गुलबदीन नईब ने 35 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली (20) और अजमतउल्लाह ओमरजई (10) रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिए। मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत ने आखिरी दिन जीते नौ स्वर्ण पदक

- **बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 की अगुवाई कर रहे है लवलीना व अरुंधति**



**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता। ला नुसिया, एलिकांटे में हुए बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज्यादा बॉक्सर्स ने हिस्सा लिया, जिससे सीजन की शुरुआत में ही एक हाई-क्वालिटी इंटरनेशनल टेस्ट मिला। भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ कॉम्पिटिशन का सबसे सफल देश रहा। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, बॉक्सम एलीट ने ठीक वैसा ही मौका दिया जैसा हम सीजन के इस स्टेज पर ढूंढ रहे थे, जिसमें मजबूत इंटरनेशनल मुकाबले, अलग-अलग वेट कैटेगरी में गहराई और हाई-प्रेशर वाले मुकाबले शामिल थे। स्पेन में परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में कन्वर्जन रेट, हमारे प्रोग्राम की प्रोग्रेस को दिखाता है। आने वाला साल मुश्किल होने के साथ, यह टूर्नामेंट हमारे बॉक्सर्स को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक अहम कदम रहा है। पूरे दल को शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारत की महिलाओं ने आखिरी दिन बेंचमार्क सेट किया। मंजू रानी (48किग्रा) और नीतू (51) ने स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर एकमत से जबरदस्त जीत के साथ शुरुआत की, इससे पहले पूनम (54) ने कड़े मुकाबले वाले ऑल-इंडियन फाइनल में हमवतन प्रीति को हराया। प्रिया (60) और अरुंधति (70) ने यूक्रेनी विरोधियों पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि लवलीना (75) ने अपना खास कंट्रोल और संयम दिखाते हुए इंग्लैंड की मैरी-केट स्मिथ को 4-1 से हराया। नैना (80) ने यूक्रेन की रईसा पिस्कुन पर आसान जीत के साथ स्वीप पूरा किया। महिलाओं के प्रदर्शन पर बात करते हुए, भारतीय महिला टीम के हेड कोच सैंटियागो नीवा ने कहा कि यह महिलाओं का शानदार प्रदर्शन था।

# दिल्ली में भारतीय टीम से जुडेंगे सुंदर: सूर्या



- **वाशिंगटन सुंदर साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वॉशिंगटन सुंदर 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले अगले टी-20 विश्व कप मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वॉशिंगटन साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेला था। उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने चार फरवरी को हुए अभ्यास मैच में उन्हें नहीं खिलाने का निर्णय किया। जसप्रीत बुमराह भी अभ्यास मैच और शनिवार को अमेरिका के खिलाफ हुए मैच में नहीं खेले। अमेरिका के खिलाफ उम्मीद से अधिक कड़े मैच के बाद सूर्यकुमार ने दोनों खिलाड़ियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वॉशिगटन सुंदर हमारे साथ दिल्ली में जुड़ रहे हैं। वह ठीक हैं और सब कुछ सही है। मौजूदा हालात में वॉशिंगटन, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बैक-अप हैं। अक्षर पटेल ने अमेरिका के खिलाफ 162 रन के बचाव में 24 रन देकर दो विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर और वरुण चक्रवर्ती के अलावा जब तक तीसरे स्पिनर की जरूरत न हो, फिट होने के बावजूद वॉशिंगटन एकादश से बाहर रह सकते हैं। फिट होने पर बुमराह टीम में वापस आएंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि मौसम की वजह से उन्हें तेज बुखार था। जिसका असर मुंबई में पहले मैच से पहले अभिषेक शर्मा पर भी पड़ा था। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज की वापसी हुई।

# मनीषा ने जागरेब ओपन में जीता स्वर्ण पदक



- **एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्रा को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की**

**क्रोएशिया, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्रा डेलमिर को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर-फाइनल में कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा के खिलाफ 14-4 से शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय पहलवान ने जर्मनी की एमोरी एंड्रिच को 11-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उन्होंने शनिवार को जापान की पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियन हिमेका तो. कुहारा को 3-0 से हराकर जागरेब ओपन में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक और ओलंपियन अंतिम पंघाल ने भी 53किग्रा वर्ग में पोडियम फिनिश के साथ जागरेब में भारत की पदक संख्या में इजाफा किया। उन्होंने क्वार्टर में अमेरिका की केटी गोमेज को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में एक और अमेरिकी पहलवान और आखिर में चैंपियन बनी एवरेस्ट लेडेकर से हार गईं। यह मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा, लेकिन अंतिम क्राइटेरिया के आधार पर हार गईं। कांस्य पदक मुकाबले में, अंतिम पंघाल ने अपनी ही देश की अंजली कछवा को 10-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की, जो क्वार्टर फाइनल में एवरेस्ट लेडेकर से हार गई थीं। इस बीच, दीक्षा मलिक ने भी 72किग्रा महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत जीता। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया की वेरोनिका विल्क को 4-0 से और सेमीफाइनल में क्रिस्टीना ब्रात्चिकोवा को 4-2 से हराया। फाइनल में, दीक्षा मलिक को तुर्की की पेरिस 2024 की कांस्य पदक विजेता बुसे तोसुन कैवुसोग्लू से 5-2 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रिया भी महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में कांस्य मुकाबले में पहुंचीं, लेकिन फ्रांस की केंड्रा डाचर से 6-0 से हार गईं। ग्रीको-रोमन स्पर्धा में, भारत के अमन 77 किग्रा वर्ग में क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए, जबकि रोहित 87 किग्रा वर्ग में क्वालिफायर से आगे नहीं बढ़ पाए।

# द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली को दिखाई हरी झंडी



- **इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को बहुप्रतीक्षित द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली के 59वें आयोजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली यहां बाराखंभा रोड पर स्टेट्समैन हाउस से शुरू हुई। इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे। द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली एक वार्षिक समारोह है जिसका दिल्ली और कोलकाता में आयोजन होता है। यह भारत और उपमहाद्वीप में सबसे पुराने लगातार चलने वाली स्पर्धाओं में से एक है।

रैली की शुरुआत 1964 में दिल्ली में हुई थी । रैली में हिस्सा लेने वाली मशहूर विटेज और क्लासिक कारों में 1936 रोल्स रॉयस, 1926 स्टडबेकर एर्स्किन, 1906 रेनॉल्ट रेरेस, 1935 राइटक्राफ्ट, और 1938 मर्सिडीज, 1937 वोल्सेली, 1932 बेबी ऑस्टिन, 1938 एडलर, 1937 डॉज, 1929 ऑस्टिन 7 टूरर, 1919 सिट्रोएन टॉरपीडो, 1913 स्टोवर, 1912 स्टैंडर्ड कोवेंट्री और कई अन्य कारें शामिल हैं। रैली के 59वें आयोजन में 100 से अधिक गाड़ियां हिस्सा ले रही हैं।

इस स्पर्धा का मुख्य आकर्षण विटेज और क्लासिक कारों का जमावड़ा है, जिसे बाद में शहर में चलाया जाता है जहां कारों की मौलिकता और सड़क पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। एक शानदार परेड और लाइव संगीत होता है। रोल्स रॉयस, बेंटले, रेल म्यूजयिम की 1914 जॉन मॉरिस फायर इंजन, छोटी विटेज और क्लासिक कारें, और बाहर से आई कारें इस साल के कार्यक्रम की कुछ खास बातें होंगी। हिस्सा लेने वाली विटेज और क्लासिक कारें दोपहर एक बजे इंडिया गेट के पास मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम पहुंचेंगी। पुरस्कार वितरण समारोह मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे होगा। गाड़ियों के मालिक हर साल इस रैली का बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि यह उन्हें पुराने जमाने की अपनी अच्छी तरह से मेंटेन की गई मशीनों को आज की सड़कों पर चलाने का एक अनोखा मौका देती है। यह रैली राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को विटेज गाड़ियों के जरिये एक शानदार दौर की झलक देखने का मौका देती है। इन गाड़ियों को विटेज, क्लासिक, पोस्ट-वॉर और दूसरी कैटेगरी में बांटा गया है।

# शिखर धवन को दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड एंबेसडर बनाया



- **टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए यूथ आइकन और अर्जुन अवॉर्डी, शिखर धवन को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय का उद्देश्य इस मंच के जरिये राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेलों के विकास के लिए एक बदलाव लाने वाले मंच के तौर पर देखा गया है।

ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शिखर धवन का जुड़ना इस पहल को बहुत अधिक भरोसा और प्रेरणा देता है, और यह जमीनी स्तर पर विकास, बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और भविष्य के स्पोर्ट्स टैलेंट की पहचान करने के हमारे मकसद के साथ पूरी तरह से जुड़ता है। शिखर धवन ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं और इस सम्मान के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा एवं खेल निद. शालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली खेल महाकुंभ इस क्षेत्र में खेल के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो टैलेंट से भरा हुआ है और सही मौके और प्रदर्शन की तलाश में है। एक प्रोफेशनल एथलीट के तौर पर, मैं अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलने की अहमियत समझता हूं और अपने वेंचर दा वन स्पोर्ट्स के जरिये, मैं युवाओं के लिए अपने सपने पूरे करने का रास्ता और इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहा हूं। भारतीय खेलों में दिल्ली की एक समृद्ध विरासत है और मुझे उम्मीद है कि इस एसोसिएशन के जरिये मैं उभरते हुए टैलेंट को स्वयं पर विश्वास करने और भाग लेने के लिए प्रेरित कर पाऊंगा।

# रातों-रात भारत के विश्व कप स्टार बने सिराज

- **अमेरिका टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनालाइकली स्टार के तौर पर उभरे**




**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जर्मनी में एक लंबी छुट्टी और रियल मैड्रिड का मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया था। उन्होंने हैदराबाद में अपने दोस्तों को इस प्लान के बारे में बताया और जब इंडियन टीम के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स का कॉल आया, तो उन्होंने डिस्टर्ब न करने की रिक्वेस्ट की। मुंबई शुक्रवार रात तक उनके आईपीएल से पहले के प्लान में नहीं था। चौबीस घंटे बाद, वह अमेरिकी टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनलाइकली स्टार के तौर पर उभरे। फिर अचानक, सूर्या भाई (कप्तान सूर्यकुमार यादव) ने मुझे कॉल किया। उन्होंने कहा, 'तैयार हो जाओ, अपना बैग पैक करो, और आओ।' मैंने कहा, 'सूर्या भाई, मजाक मत करो, क्योंकि ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, 'मैं तुम्हें सच बता रहा हूं - तैयार हो जाओ।' जैसे ही उन्होंने फ़ोन रखा, मुझे नेशनल सिलेक्टर (प्रज्ञान) ओझा का कॉल आया। तो अचानक, मुझे शॉकिग न्यूज मिली। मोहम्मद सिराज के पास अपना बैग पैक करने और मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए बहुत कम समय था, जहां वह चोटिल हर्षित राणा की जगह भारतीय टीम में शामिल हुए। भगवान ने जो लिखा है उसे कोई नहीं बदल सकता। मैं आया, मैच खेला - सब कुछ लिखा था। भगवान महान हैं। इससे आगे कोई कुछ नहीं कर सकता। लेकिन सिराज ने कल रात जो किया, शायद बहुत कम खिलाड़ी कर सकते हैं। सीधे प्लेइंग ग्प में चुने जाने के बाद, उन्होंने नई गेंद से सबसे अच्छे स्पेल में से एक डाला, जिससे टीम को कुछ अहम सफलताएं मिलीं - खासकर तब जब भारत 161 के मामूली टोटल का बचाव कर रहा था। अमे. रिका का स्कोर 11 रन पर दो विकेट और फिर 13 रन पर तीन विकेट था, और मैच असल में पहले चार भारतीय ओवरों में ही जीता और हारा गया। सिराज ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए, और मैच की आखिरी गेंद पर एक विकेट और जोड़ा, जो उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। सिराज ने 18 महीनों से कोई टी20 नहीं खेला था, उनका आखिरी मैच जुलाई 2024 में श्रीलंका में था। उन्होंने खुद को इस बात से समझौता कर लिया था कि वह वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा नहीं होंगे और उन्होंने इंडियन टीम के ट्रेनर से कहा था कि उन्हें एक ब्रेक की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने अभी-अभी कुछ रणजी मैच खत्म किए थे जिनमें उन्होंने हैदराबाद टीम की कप्तानी की थी। बाद में, उन्होंने कहा, ष्भगवान ने मेरी किस्मत बदल दी। सिराज की वापसी परियों की कहानियों जैसी है, वैसी ही खेल की सफलता की कहानियां बनती हैं। उन्हें न सिर्फ़ कम समय में टीम में शामिल होना पड़ा, बल्कि तैयारी के लिए बहुत कम समय में मैच भी खेलना पड़ा, क्योंकि लीड करने वाले जसप्रीत बुम. राह ठीक नहीं थे। सिराज खास तौर पर तब चमकने के लिए जाने जाते हैं जब वे बुमराह की छाया में नहीं होते, और उन्होंने टी20 में वापसी करते हुए अपने पहले दो ओवरों में विकेट लेकर अपनी इस पहचान को बनाए रखा। 18 महीने का ब्रेक कोई रुकावट नहीं था क्योंकि सिराज ने तुरंत लय पकड़ ली।

# दूसरे दिन भी दुकानदारों ने बाजार बंद कर नगर निगम के खिलाफ जताया अपना विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र में नगर निगम की 488 दुकानों को लेकर हालात दूसरे दिन भी बेहद तनावपूर्ण बने रहे। नगर निगम द्वारा वर्षों से पट्टे पर संचालित दुकानों का किराया स्क्वायर फीट के आधार पर वार्षिक रूप से वसूलने के फैसले से दुक. ानदारों में भारी आक्रोश है।





व्यापारियों का कहना है कि अचानक की गई भारी-भरकम किराया बढ़ोतरी उनकी रोजी-रोटी पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।नगर निगम प्रशासन के इस निर्णय के विरोध में शनिवार से ही व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन बाजार बंद रखने का ऐलान किया था। इसका असर रविवार को भी बाजारों में साफ नजर आया। अधिकांश दुकानें बंद रहीं और व्यापारिक गतिविधियां ठप पड़ी रहीं। इसी बीच बड़ी संख्या में व्यापारी पीली कोठी स्थित नगर निगम के कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मेयर विनोद अग्रवाल और उनके प्रतिनिधियों से किराया वृद्धि को लेकर वार्ता की।हालांकि वार्ता के बाद बाजार में हालात और उलझते नजर आए। एक ओर जहां नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

वहीं दूसरी ओर कुछ दुक. ानदारों ने चुपचाप अपनी दुकानें खोलकर व्यापार शुरू कर दिया। यह देख पहले से बाजार बंद कर विरोध कर रहे व्यापारियों में नारा. जगी फैल गई।जैसे ही खुली दुकानों की सूचना फैली, बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंच गए। खुली दुकानों को बंद कराने की कोशिशें शुरू हो गईं। पूरे घटनाक्रम में यह साफ दिखा कि व्यापारी दो खेमों में बंट चुके हैंख्रएक खेमा नगर निगम के फैसले को पूरी तरह खारिज कर रहा है, जबकि दूसरा मजबूरी में बढ़ा किराया स्वीकार करने को तैयार नजर आ रहा है।

# हिंदू संगठन के पदाधिकारी पर किया जानलेवा हमला पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत हरथला इलाके में हिंदू संगठन के एक पदाधिकारी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। घटना में घायल वंश चौधरी, जो अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल में चंद्रनगर के मंत्री पद पर तैनात हैं, को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आई हैं और सिर में करीब आधा दर्जन टांके लगाए गए हैं।



पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पीड़ित के साथ कुछ लोगों ने घेरकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का कहना है कि करीब छह माह पूर्व उसने कथित तौर पर गोवंश से भरी एक गाड़ी को रोकने का प्रयास किया था, तभी से आरोपी उससे रंजिश रख रहे थे और इसी रंजिश के चलते हमला किया गया। पीड़ित और उसके भाई ने पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराए हैं। उनका दावा है कि इन फुटेज में आरोपी युवक घटना से पहले पीड़ित की रेकी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि प्राप्त फुटेज की जांच की जा रही है और सभी तथ्यों को संकलित किया जा रहा है।फिलहाल सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों की तलाश जारी है और मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

## एमआईटी सभागार में वार्डन व स्वयं सेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा दिन



**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र के तीसरे दिन आज दिनांक 8/02/2026 को प्रशिक्षण का शुभारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना से किया गया। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में ष्हाउस फायर पार्टी संगठन के बारे में बताया गया। दूसरे सेशन में एस डी आर एफ के अभिषेक पंवार द्वारा बचाव के विभिन्न आधुनिक यंत्रों को प्रदर्शित किया गया और उनके उपयोग की विधि को समझाया गया। तीसरे दिन के अंतिम सेशन में फायरमैन द्वारा अग्निशमन कर्मियों के लिए स्थाई अग्निशामक प्रणाली, पी पी ई किट आदिष् पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से तुषार अग्रवाल स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ शफीक अहमद, आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

## बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन, 259 ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल के तत्वावधान में आज स्कॉलरशिप टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के कुल 259 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी शैक्षिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सबसे सशक्त माध्यम है।



शिक्षा न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण और जीवन-दृष्टि को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की स्कूली शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बच्चों के लिए उपयुक्त विद्यालय का चयन और उनकी शिक्षा के अनुरूप सकारात्मक पारिवारिक एवं शैक्षिक वातावरण का निर्माण ही उनकी प्रतिभा को सही दिशा देने में सहायक होता है। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक सम्भव जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सही समय पर प्राप्त सही शिक्षा जीवन में सही मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में पुस्तकों का जितना महत्व है, उससे कहीं अधिक महत्व उस परिवेश का है, जिसमें वे रहकर सीखते और विकसित होते हैं। जैसा वातावरण और संस्कार बच्चों को मिलते हैं, उनका व्यक्तित्व भी उसी अनुरूप विकसित होता है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक और शिक्षक मिलकर विद्यार्थियों के लिए ऐसा प्रेरणादायी वातावरण तैयार करें, जहाँ आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा प्रणाली और वैदिक मूल्यों का समन्वय हो। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि जीवन के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना होना चाहिए। जब यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा क्यों आवश्यक है और वह हमें किस दिशा में आगे बढ़ाएगी, तभी जीवन एक सफल और सार्थक यात्रा बनता है। इस अवसर परप्रधानाचार्य राजीव गुप्ता, निदेशक सम्भव जैन सहित मेधाव्रत, मेधावी आर्य, संजय प्रकाश, उत्कर्ष, शैवाली वार्ष्णेय, अलका गुप्ता, सोनम यादव, रुचि वार्ष्णेय, नव्या गुप्ता, चंचल, शीतल, मनोज, कुश, नागेश, अखिलेश, नेत्रपाल, अंकित, अमित एवं अक्षय सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई कि स्कॉलरशिप टेस्ट में सफल विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा का परिणाम विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा।कार्यक्रम का समापन अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचानने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## एक नजर

### होम्योपैथी सिविल में रोगियों का परीक्षण कर बांटी दवाएं



**मुरादाबाद।** श्री परशुराम सेना तथा एवं ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रेम शंकर शर्मा पार्क दीनदयाल नगर में किया गया। इस शिविर में डॉक्टर अंशुमान व डॉक्टर नूतन आर्य ने रोगियों की जांच करके दवाइयों का वितरण किया। तथा वायरल वायरल रोगों खासतौर पर डेंगू से बचाव की दवाइयों का भी वितरण किया गया उपरोक्त शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा विधि द्वारा रोगियों के विभिन्न रोगों का इलाज करके तुरंत लाभ दिलाया गया।

शिविर में ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ आर. के शर्मा ने बताया की आयुष चिकित्सा पद्धतियों के साथ एक्यूप्रेशर चिकित्सा का समावेश करने से सभी प्रकार के रोगों यहां तक की गंभीर एवं असाध्य रोगों में बहुत लाभ दिलाया जा सकता है। शिविर में बड़ी संख्या में संचारी रोगों के बचाव की दवाई का नि:शुल्क वितरण किया गया तथा सफल एक्यूप्रेशर चिकित्सा से रोगियों को तुरन्त लाभ दिलाया। शिविर का संचालन पुष्कर राम द्वारा किया गया।एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ चरण सिंह, दीपाली, गीता, निशि,करन कोहली , सिद्धार्थ तथा रूद्राक्षी ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा की।

### विधायक प्रतिनिधि ने दौड़ प्रतियोगिता का फीता काटकर किया उद्घाटन



**मुरादाबाद।** रविवार को गांव मंगूपुरा झगड़ा में यादव उत्थान समिति द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में बिलारी विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी ने फीता काटकर उद्घाटन किया इसमें अनेक क्षेत्रों से आए युवाओं ने 800 मी व 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया विधायक प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस खेल भावना को बढ़ाना है और ऐसी प्रतियोगिता क्षेत्र में होती रहे प्रतिभा करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए मुझे उम्मीद है कि ऐसी प्रतियोगिता युवाओं को प्रेरित करेंगे और युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी और विधायक प्रतिनिधि ने विजेता युवा व युवतियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया इसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान क्रमश: दीपक चौधरी 1600 मी, राजू यादव 1600 मी, अभिषेक 1600 मी, तनिष्का 800 मी, शिवानी यादव 800 मी, सोयम 800 मी विजेता रहे। इसमें मुख्य रूप से विजय यादव ,सतवेंद्र यादव ,मुकुल यादव, राजेश्वर सिंह ,चंद्रकेश यादव ,राज यादव ,कृपा शंकर यादव ,सुमित यादव, अरुण कुमार, जितेंद्र यादव ,जसवीर सिंह ,विश्वजीत उर्फ चीकू यादव, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में पांच पद निर्विरोध निर्वाचित

**बिलारी।** ब्लाक सभागार में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव हुआ। जिसमें पांच पदों पर नामांकन कराया गया। जिसमे पांचो पदों पर निर्विरोध नाम निर्वाचित किए गए। रविवार को हुए चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सत्य प्रकाश ने नॉमिनेशन कराया, ब्लॉक महामंत्री राधे मोहन, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार, ब्लॉक संगठन मंत्री पद पर लल्लू सिंह ,ब्लॉक सम्प्रेरक पद पर प्रेमपाल सिंह ने नामांकन कराया। जिसके बाद कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। सभी पदाधिकारी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव कार्यक्रम में बृजपाल सिंह, मनोज कुमार ,नरेश पाल ,अजय चौहान, रामव. ीर ,कृष्ण पाल, गंगा सिंह, नेम सिंह, प्रमोद, प्रेमपाल, अखिलेश, अतर सिंह ,विकास ,धर्मवीर ,अरविंद, पंकज, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# महानगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई सीटेट परीक्षा

**मुरादाबाद।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का आयोजन दूसरे दिन रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से कराने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं।जिले में कुल 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जो शहर के विभिन्न विद्यालयों में स्थित थे। परीक्षा के दिन सुबह से ही केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। अभ्यर्थियों को सख्त चेकिंग और पहचान सत्यापन के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया।सीटेट परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संपन्न हुई, जबकि दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम



5:00 बजे तक चली। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर प्रशासनिक अधिकारी और उड़नदस्ते सक्रिय रहे, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नियंत्रित और अनुशासित बनी रही।परीक्षा समाप्ति के बाद अभ्यर्थियों के एक साथ बाहर निकलने के कारण शहर के कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ। विशेष रूप से प्रमुख चौराहों और परीक्षा केंद्रों के आसपास जाम की स्थिति देखने को मिली।हालांकि यातायात पुलिस द्वारा स्थिति को संभालते हुए धीरे-धीरे यातायात को सामान्य कराया गया।कुल मिलाकर मुरादाबाद में परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई, जिससे प्रशासन और परीक्षा आयोजन से जुड़े विभागों ने राहत की सांस ली।

# श्रीमती वीरवाला सक्सेना स्मृति पुस्तकालय में चयनित छात्राओं का सम्मान

**बिलारी।**श्रीमती वीरवाला सक्सेना स्मृति पुस्तकालय, निकट पौंडाखेड़ा मंदिर बिलारी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पुस्तकालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुं. शिवलेश और कुं. नीरज के उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम में चयन तथा कुं. शैली के मैकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक एप्लायंसेज विभाग में चयन होने पर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। ब्रजरत्न बैंकट हॉल, स्टेशन रोड बिलारी में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने नगर में बालि. काओं के लिए नि:शुल्क पुस्तकालय की स्थापना को एक सराहनीय पहल बताया। वक्ताओं ने स्वर्गीय श्रीमती वीरवाला सक्सेना की स्मृति में पुस्तकालय की स्थापना करने वाले उनके पुत्र डॉ. राकेश रफीक, उनकी पत्नी डॉ. मीनाक्षी तथा उनकी बेटियों तराना और डॉ. झरना की सराहना करते हुए इसे बालिका शिक्षा को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण



कदम बताया। कार्यक्रम में कोतवाली मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक छाया ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति की जानकारी दी और कहा कि पुलिस से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्राओं को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में छात्राएं आयुर्वेद अस्पताल में उपचार करा सकती हैं। डॉ. राकेश रफीक ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समारोह में उपस्थित अतिथियों और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैनिक परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, किसान नेता अशोक सिरोही, देवेंद्र गांधी, एडवोकेट आसिफ कमल, अब्दुल कुद्दूस, व्यापारी नेता राकेश जैन, सभासद राकेश यादव, डॉ. जितेंद्र कुमार दक्ष सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण के सामाजिक उत्थान के लिए ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की उठी मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व एक बैठक का आयोजन कर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श भी किया गया। ज्ञापन में महासभा द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि भगवान श्री परशुराम भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म, शौर्य और राष्ट्र चेतना के प्रतीक हैं तथा उनका जन्मोत्सव सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा हुआ है। महासभा ने यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2017 से निरंतर संगठन द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) को प्रशासनिक/सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा ब्राह्मण समाज के लिए पृथक "ब्राह्मण कल्याण बोर्ड" के गठन की मांग सरकार के समक्ष उठाई जाती रही है, किंतु अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए कल्याण बोर्डों का गठन किया गया है, ऐसे में ब्राह्मण समाज के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक हितों के संरक्षण हेतु ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, यतेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, अंबरीष शर्मा, राहुल शर्मा, आशु शर्मा, अमित कौशिक, प्रमोद शर्मा, केशव शर्मा, अनिल शर्मा, आकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, संदीप शर्मा, शिव शर्मा, सोमदत्त कौशिक राजेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## दारोगा से 12 लाख की साइबर ठगी

**गाजियाबाद।** पुलिस लाइन में तैनात दारोगा लोकेंद्र सिंह से निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 12 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठग ने हर माह आठ से 20 प्रतिशत तक रिटर्न देने का दावा किया था। दारोगा का दावा है कि ठग ने देशभर में अन्य लोगों के साथ भी करोड़ों रुपये की ठगी की है। वह अब दुबई भाग गया है। दारोगा ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दारोगा करीब दो वर्ष पहले अपने कुछ परिचितों के जरिये से एनपे बक्स प्राइवेट लिमिटेड और कैप्टर मनी सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनियों की जानकारी मिली थी।

# पुलिस की इंसानियत आई सामने: सड़क हादसे में घायल फोटोग्राफर को पांच मिनट में पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के प्रतिष्ठित फोटोग्राफर आसिफ गुल मंगलवार सुबह मुरादाबाद रोड पर तेवर खास गांव के पास हुए एक गंभीर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह सुबह लगभग 8 बजे मुरादाबाद से बिलारी लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे को एक राहगीर ने देखकर तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सुबह 8:17 बजे सूचना मिलते ही मात्र 5 मिनट के भीतर, 8:23 बजे डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम में कांस्टेबल चंद्रपाल, हेड कांस्टेबल दयाल सिंह (चालक) और कांस्टेबल मनजीत शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने खेत में दुर्घटनाग्रस्त कार देखकर स्थिति की गंभीरता को समझा और बिना समय गंवाए घायल आसिफ गुल को बाहर निकालकर सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि यदि एंबुलेंस की प्रतीक्षा की जाती तो कीमती समय नष्ट हो सकता था। सीएचसी में



प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद रेफर किया गया।

जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली भेज दिया। परिजनों के अनुसार, ओवरटेक कर रही एक तेज रफ्तार गाड़ी से बचने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में आसिफ गुल के सिर, नाक और टांग में फ्रैक्चर, जबकि चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद क्षेत्र में डायल 112 पुलिस टीम की तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवे. दनशीलता की सराहना की जा रही है।

## पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने राजकिरन अस्पताल का किया उद्घघाटन



**मूंढापांडे।** रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व एम एल शशांक यादव ने हाईवे पर टोल प्लाजा नियायतपुर इकरोटिया के पास स्थित राजकिरन हॉस्पिटल का पूर्व एम एल सी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा में सेवाभाव से कार्य करें,क्योंकि गरीबों की मदद से ईश्वर प्रसन्न होते है, सपा जिला जयवीर सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में सुविधाओ से लैस इस अस्पताल की लोगों को लाभ होगा, हॉस्पिटल प्रबंधक प्रमोद यादव ने बताया कि हॉस्पिटल में आधुनिक सुविधा दी जाएगी। इसमें सीओ हाईवे राजेश कुमार, विधायक रामवीर सिंह की पत्नी जिला पंचायत सदस्य संतोष कुमारी, पूर्व प्रधानाचार्य बृजपाल यादव ,रामपुर चमरौआ के ब्लाक प्रमुख जगपाल यादव, पीलीभीत के डी डी राजेश यादव, रंजीत यादव, आदेश यादव, आयुष यादव , सोदान सिंह यादव , डाक्टर प्रीति माहौर, डाक्टर मुदस्सर अफताब, डाक्टर आरिफ उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 9 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लापता लोगों की संख्या

सभी जानते हैं कि एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। राष्ट्रीय राजधानी में इस वर्ष जनवरी माह के दौरान ही देश की 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर, तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है, अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें , तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थातद्द हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में आनॅलाइन और एप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया।

## ट्रेड डील लेबर ऑफ लव



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ट्रेड डील एक लेबर ऑफ लव है, इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है और किसी भी संवेदनशील कृषि उत्पाद पर कोई रियायत नहीं दी गई है, भारत के किसानों और उत्पादकों के हितों का 100 प्रतिशत ध्यान रखा गया है, भारत ने मांस, पोल्ट्री, जीएम फूड्स या उनके उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी है, इसके अलावा सोया मील, मक्का, चावल, गेहूं जैसे अनाज और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों पर भी कोई छूट नहीं दी गई है, भारत में पैदा होने वाले फल जैसे केला, स्ट्राबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसी दालें, तिलहन, मूंगफली और शहद जैसे उत्पादों पर भी कोई समझौता नहीं किया गया है, ये सभी उत्पाद भारत के लिए संवेदनशील हैं और इनके मामले में नरमी नहीं बरती गई है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

# मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती





**योगेश कुमार गोयल**

हर वर्ष फरवरी के दूसरे सोमवार को 'अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 9 फरवरी को वैश्विक स्तर पर मनाया जाएगा। यह केवल एक स्वास्थ्य-दिवस नहीं बल्कि उस मानवीय संघर्ष की सामूहिक अभिव्यक्ति है, जिसे दुनियाभर में करोड़ों लोग प्रतिदिन जीते हैं। मिर्गी एक ऐसी चिकित्सीय स्थिति है, जो शरीर से अधिक समाज के व्यवहार से पीड़ित करती है। इसी गहरे यथार्थ को सामने लाने के लिए यह दिवस स्थापित किया गया ताकि मिर्गी के प्रति फैली भ्रांतियों, भय और कलंक को तोड़ा जा सके और इसे एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा सके। इस दिवस का आयोजन इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2015 में प्रारंभ हुआ था। तब से यह दिन न केवल जागरूकता का प्रतीक बना बल्कि नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और समाज को एक साझा मंच पर लाने का माध्यम भी बन गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस की थीम 'मिर्गी प्रतिज्ञा Epilepsy Pledge रखी गई है। यह विषय केवल सहानुभूति तक सीमित नहीं है बल्कि ठोस प्रतिबद्धता की मांग करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम मिर्गी को समझने, स्वीकार करने और उसके साथ जी रहे लोगों के लिए सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक वातावरण बनाने की व्यक्तिगत और सामूहिक प्रतिज्ञा लें। यह थीम इस विचार को केंद्र में रखती है कि वास्तविक परिवर्तन केवल जागरूकता अभियानों से नहीं बल्कि व्यवहार, नीति और सामाजिक .ष्टिकोण में बदलाव से आता है। जब एक शिक्षक कक्षा में मिर्गी से पीड़ित बच्चे को समान अवसर देता है, जब एक नियोक्ता योग्यता के आधार पर निर्णय करता है और जब एक नागरिक दौरे के समय घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार देता है, तभी मिर्गी प्रतिज्ञा साकार होती है। मिर्गी एक दीर्घकालिक मस्तिष्क संबंधी विकार है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। ये दौरे मस्तिष्क में अचानक उत्पन्न होने वाली अनियंत्रित विद्युत गतिविधि के कारण होते हैं। सामान्य अवस्था में मस्तिष्क की कोशिकाएं संतुलित और क्रमबद्ध विद्युत संकेतों के माध्यम से शरीर के सभी कार्यों का संचालन करती हैं लेकिन मिर्गी के दौरे के दौरान यही प्रणाली अस्थाई रूप से बाधित हो जाती है। इसका प्रभाव हर व्यक्ति में अलग-अलग रूप में दिखाई दे सकता है, किसी में हल्का कुछ सैकेंड का शून्य भाव तो किसी में पूरे शरीर में तीव्र झटके और बेहोशी। यह स्थिति किसी भी उम्र में हो सकती है और यह न तो संक्रामक है, न ही किसी पाप, अभिशाप या मानसिक कमजोरी का परिणाम। इसके बावजूद, मिर्गी के साथ जीने की सबसे बड़ी चुनौती चिकित्सा नहीं, सामाजिक व्यवहार है। भय, अज्ञानता और मिथकों के कारण मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को अक्सर अलग-थलग कर दिया जाता है। समाज में यह गलत धारणा आज भी मौजूद है कि मिर्गी व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, कार्यक्षमता या विश्वसनीयता को कम कर देती है। इसी सोच का परिणाम है कि बच्चों को स्कूल में उपेक्षा झेलनी पड़ती है, युवाओं को नौकरी में अवसर नहीं मिलते और व्यस्कों को विवाह व सामाजिक स्वीकृति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह कलंक स्वयं दौरे से अधिक पीड़ा का कारण बन जाता है क्योंकि यह व्यक्ति के आत्मसम्मान, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की संभावनाओं को सीमित कर देता है। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस इसी सामाजिक कलंक को तोड़ने का एक वैश्विक प्रयास है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मिर्गी का सही इलाज संभव है और लगभग 70 प्रतिशत मामलों में उचित दवाओं से दौरे नियंत्रित किए जा सकते हैं। फिर भी, विश्व स्तर पर एक बड़ा उपचार अंतर मौजूद है, विशेषकर विकासशील देशों में, जहां मिर्गी से पीड़ित लगभग 80 प्रतिशत लोग रहते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और आर्थिक बाधाएं इस अंतर को और गहरा कर देती हैं। यह दिवस सरकारों और स्वास्थ्य प्रणालियों पर यह नैतिक दबाव बनाता है कि वे मिर्गी को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में देखें। भारत जैसे देश में, जहां एक करोड़ से अधिक लोग मिर्गी से पीड़ित हैं, यह दिवस विशेष महत्व रखता है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में मिर्गी की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है और जागरूकता का स्तर अपेक्षाकृत कम। कई स्थानों पर आज भी झाड़-फूंक, अंधविश्वास और सामाजिक बहिष्कार जैसी प्रथाएं देखने को मिलती हैं, जो रोगी को समय पर चिकित्सा सहायता से वंचित कर देती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस ऐसे समाजों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और करुणा आधारित सोच को स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। मिर्गी के विभिन्न प्रकार होते हैं, जो इस बात पर निर्भर करते हैं कि दौरे मस्तिष्क के किस हिस्से से और कैसे शुरू होते हैं।

कुछ मामलों में व्यक्ति पूरी तरह सचेत रहता है और केवल आंशिक लक्षण अनुभव करता है जबकि अन्य मामलों में पूरे मस्तिष्क के प्रभावित होने से बेहोशी और तीव्र झटके होते हैं। कई बार दौरे का आरंभिक स्रोत स्पष्ट नहीं हो पाता, जिससे निदान जटिल हो जाता है। इसके बावजूद, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने दवाओं, शल्य-चिकित्सा, न्यूरोस्टिमुलेशन उपकरणों और विशेष आहार जैसे विकल्पों के माध्यम से उपचार की संभावनाओं को काफी विस्तृत किया है। मिर्गी का उपचार केवल दवा तक सीमित नहीं है बल्कि जीवनशैली प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पर्याप्त नींद, तनाव नियंत्रण, ट्रिगर कारकों से बचाव और नियमित चिकित्सकीय परामर्श से व्यक्ति अपने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकता है किंतु यह सब तभी संभव है, जब समाज सहयोगी हो, न कि निर्णयात्मक। जब परिवार, विद्यालय, कार्यस्थल और समुदाय मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाते हैं, तभी उपचार वास्तव में प्रभावी होता है। कलंक का सबसे गहरा प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। निरंतर भेदभाव और गलतफहमियों के बीच जीने से व्यक्ति में चिंता, अवसाद और आत्मग्लानि की भावना पनप सकती है। कई लोग अपनी स्थिति को छुपाने का प्रयास करते हैं, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल पाता और जोखिम बढ़ जाता है। यह एक दुष्चक्र है, जिसे तोड़ने के लिए सामाजिक स्वीकृति अनिवार्य है। मिर्गी प्रतिज्ञा का सार यही है कि हम केवल सहानुभूति न दिखाएं बल्कि व्यवहार में बदलाव लाएं। प्राथमिक उपचार सीखना, समावेशी भाषा का प्रयोग करना, भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाना, यह सभी छोटे कदम बड़े परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। जब हम मिर्गी रोगी के बजाय 'मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति' कहते हैं तो हम अनजाने में ही उस व्यक्ति की गरिमा को केंद्र में रखते हैं। स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं बल्कि सामाजिक वातावरण का प्रतिबिंब है। एक ऐसा समाज, जो ज्ञान, करुणा और समानता पर आधारित हो, वही किसी भी चिकित्सीय स्थिति से जूझ रहे लोगों को वास्तविक सशक्तिकरण दे सकता है। मिर्गी के संदर्भ में यह और भी आवश्यक है क्योंकि यहां अज्ञानता के कारण होने वाला नुकसान चिकित्सा सीमाओं से कहीं अधिक है। मिर्गी दिवस हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है। क्या हम डर से दूर रहेंगे या समझ के साथ आगे बढ़ेंगे? क्या हम चुप रहेंगे या अन्याय के विरुद्ध बोलेंगे? इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होगा, जब मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को समाज में दया का नहीं, समानता का स्थान मिलेगा। यही इस दिवस की आत्मा है, यही इसका संदेश है और यही एक अधिक मानवीय, समावेशी और जागरूक विश्व की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अधिक परागकण प्राप्त करने का अनोखा तरीका

**वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं।**

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पता चला है कि बंबलबी जिन फूलों का परागण करती है, उन पर ज्यादा माथा पटकती है। परिणाम यह होता है कि परागकोशों में भरे परागकण ज्यादा मात्रा में बाहर निकलते हैं। यह सही है कि कई फूलों में परागकोशों में परागकण बाहर ही होते हैं और यहां सिर पटकने की जरूरत नहीं होती। लेकिन कई फूलों में परागकण कोश के अंदर होते हैं। ऐसे फूलों के मामले में परागण की क्रिया बहुत आसान नहीं होती। यहां गुंजन परागण काम आता है। गुंजन परागण का मतलब होता है कि बंबलबी ध्वनि कंपन पैदा करती है ताकि उस फूल में कंपन हो और परागकोश के अंदर भरे परागकण बाहर आ जाएं। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 9 प्रतिशत पौधे इसी तरह के परागण के भरोसे हैं और इनमें आलू, टमाटर व मटर जैसे कई फसली पौधे भी शामिल हैं। वैसे कीटों के लिए गुंजन-परागित फूलों के परागकणों को बटोरना आसान नहीं होता। क्योंकि ऐसे फूलों में परागकण नलीनुमा परागकोशों में भरे होते हैं और इनमें एक बारीक सा सुराख होता है, लेकिन कुछ मधुमक्खियां (बंबलबी सहित) ऐसे फूलों पर बैठ जाती हैं और अपने पंखों को जमकर फड़फड़ाती हैं। यानी वे गुंजन करती हैं और इसके कंपन परागकोश को कंपायमान कर देते हैं। ऐसा होने पर परागकण बाहर छलकने लगते हैं। वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं। तो, वुडरो और उनके साथियों ने एक बंबलबी (Bombus terrestris) का वीडियो बनाया। उन्होंने खास तौर से उस समय के वीडियो रिकॉर्ड किए जब वे दो तरह के गुंजन-परागित फूलों के परागकोशों पर पहुंचीं। इस तरह की वीडियोग्राफी में शोधकर्ता यह भी मापन कर पाए कि बंबलबी के कंपनों के जवाब में फूलों में कितने कंपन हुए। पता चला कि जब गुनगुनाती बंबलबी परागकोश को काटती हैं तो तीन गुना अधिक कंपन फूलों तक पहुंचते हैं। यह भी देखा गया कि काटने वाली बंबलबी ने परागकोश से ज्यादा परागकण छलकाए। अलबत्ता, इन अवलोकनों ने कई नए सवालों को भी जन्म दिया है। जैसे बंबलबी फूलों पर पहुंचकर लगातार परागकोशों को काटती नहीं रहती हैं। यह पता करना रोचक होगा कि वे कब ऐसा करती हैं। दूसरा अवलोकन यह था कि जब वे काटती हैं तो उनका सिर सिर चकरा देने की हद तक कंपन करता है। यह जानना दिलचस्प होगा कि वे ऐसा कैसे कर पाती हैं। यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि क्या बंबलबी के व्यवहार का फूल के प्रकार से भी कुछ सम्बंध है।



**-स्रोत फीचर्स**

# रिसर्च: क्या बिल्लियों को अपने कद का अंदाजा होता है!



बिल्लियां इतनी लचीली होती हैं कि लोगों ने उन्हें पानी की उपमा दे डाली है जो कितनी भी कम जगह से बाहर निकल जाता है, किसी भी आकार में ढल जाता है। बिल्लियों के ऐसे करतब कभी न कभी आपने भी देखे होंगे, लेकिन क्या बिल्लियां खुद को लचीला मानती हैं? क्या वे किसी छोटे छेद या संकरी संद में से गुजरने के पहले अपने शरीर के आकार को ध्यान में रखकर यह सोचती हैं कि वे इसमें से निकल पाएंगी या नहीं? कुल मिलाकर सवाल है कि क्या बिल्लियों को अपने डील-डौल के बारे में बोध होता है? ओटवोस लोरैंड विश्वविद्यालय के पीटर पोंग्रेज, जिन्होंने कुत्तों और बिल्लियों की समझ-बूझ पर काफी शोध किए हैं, ने इस बार बिल्लियों पर अध्ययन के लिए यही सवाल चुना। अध्ययन के लिए उन्होंने 30 पालतू बिल्लियां चुनी। बिल्लियों के साथ प्रयोगशाला में अध्ययन करना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए अध्ययन उन्होंने सभी बिल्लियों के घर जा-जाकर किए। अध्ययन के लिए उन्होंने कमरे में एक ऐसा लकड़ी के पैनल का पार्टीशन लगाया जिसमें एक आयताकार छेद बना हुआ था, और इस आयताकार छेद को (लंबाई और चौड़ाई में) छोटा-बड़ा किया जा सकता था। इस छेद के अलावा, कमरों की सारी ऐसी जगहों को ठीक से बंद कर दिया गया था, जहां से बिल्लियों के निकलने की संभावना हो सकती थी। पार्टीशन के एक तरफ बिल्ली को रखा जाता था और दूसरी तरफ बैठे उनके मालिक उन्हें पुकारते थे। इस पुकार प्रक्रिया में, जब पैनल में छेद बड़ा था। इतना बड़ा कि छेद की ऊंचाई और चौड़ाई बिल्लियों की ऊंचाई (पंजे से लेकर कान के ऊपरी छोर तक) और चौड़ाई (छाती की) से अधिक थी, तो बिल्लियां बेहिचक फर्राटे से उसमें से निकल रही थीं। फिर छेद की चौड़ाई को उतना (आरामदायक) ही रखा, लेकिन ऊंचाई थोड़ी-थोड़ी कम की गई और दूसरी ओर से बिल्लियों के मालिक उन्हें पुकारते रहे। अब बिल्लियां थोड़ा हिचकिचाने लगीं, शायद उन्हें लग रहा था कि उनका कद इस छेद से बहुत अधिक है। लेकिन हिचकिचाहट के बाद भी वे इस छेद से निकलने की कोशिश करती रहींय तब भी जब छेद उनके कद का आधा था। इससे लगता है कि बिल्लियों को अपने शरीर के साइज (ऊंचाई) के बारे में कुछ तो अंदाजा है, लेकिन चौड़ाई के मामले में नतीजे अलग रहे। शोधकर्ताओं ने ऊंचाई को आरामदायक स्थिति में स्थिर रखकर चौड़ाई को थोड़ा-थोड़ा कम किया। छेद चाहे कितना भी संकरा क्यों न हो गया हो . यहां तक कि बिल्लियों की चौड़ाई का आधा भी, बिल्लियां छेद से निकलने से पहले कभी नहीं हिचकिचाई। छेद से निकलने में उनकी गति जरा भी धीमी नहीं हुई। इससे लगता है कि बिल्लियां अपनी चौड़ाई का अंदाजा नहीं लगा पातींय वे तो बस अपने लचीले शरीर का फायदा उठाती हैं, कोशिश करती रहती हैं और संकरी से संकरी जगह से निकल लेती हैं। ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि बिल्लियां अधिक लचीली होती हैं, इसलिए उन्हें केवल कुछ ही मामलों में अपने शरीर के आकार का ध्यान रखना होता होगा, लेकिन वास्तव में बिल्लियां अपने शरीर की साइज के बारे में क्या सोचती हैं यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल जितना भी पता चला है, उस जानकारी का इस्तेमाल बिल्लियों के मालिक उनके लिए घर, खेल के मैदान वगैरह को सुरक्षित रखने में कर सकते हैं, ताकि बिल्लियां किसी छोटी-संकरी जगह में न फंस जाएं। ए नतीजे आईसाइंस में प्रकाशित हुए हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# टापुओं के चूहों के विरुद्ध वैश्विक जंग

वर्ष 1959 में, एक छोटे समुद्री पक्षी व्हाइट-फेस्ड स्टॉर्म पेट्रेल को बचाने के एक प्रयास में न्यूजीलैंड के मारिया द्वीप से चूहों का सफाया किया गया था। यह अनुभव कई टापुओं पर घुसपैठी चूहों को खत्म करने के एक वैश्विक अभियान की प्रेरणा बना। एक गैर-सरकारी संस्थान आइलैंड कंजर्वेशन के अनुसार, पिछले पचास वर्षों में 666 द्वीपों से चूहों को खत्म करने के लिए 820 प्रयास किए गए हैं और सफलता लगभग 88 प्रतिशत रही है। गौरतलब है कि चूहे आम शहरी जीव हैं, लेकिन टापुओं पर यह काफी विनाशकारी हो जाते हैं। वास्तव में टापू जैसे अलग-थलग पारिस्थितिकी तंत्र जोखिमग्रस्त प्रजातियों के घर हैं और चूहे इन टापुओं पर रहने वाले पक्षियों, स्तनपाइयों, उभयचरों और सरीसृपों की लगभग 75 प्रतिशत विलुप्ति के लिए जिम्मेदार हैं।

चूहों की तीन सबसे आम प्रजातियां, काला चूहा, ब्राउन या नॉर्वे चूहा और प्रशांत चूहा इस उन्मूलन का लक्ष्य हैं। यह कृंतक, अक्सर जहाजों पर सवार होकर टापुओं पर पहुंच जाते हैं और तेजी से संख्यावृद्धि करते हैं। एक मादा चूहा एक साल में सैकड़ों-हजारों संतानों को जन्म दे सकती है। गैलापागोस से लेकर अंटार्कटिका के दक्षिण जॉर्जिया द्वीप तक उन्मूलन अभियान सफल रहे हैं। दक्षिण जॉर्जिया के टापुओं को चूहों से मुक्त करने के लिए 10 साल तक 135 करोड़ डॉलर का अभियान चला। इसमें हेलीकॉप्टर की मदद से 3000 टन जहरीला चारा फैलाया गया। चूहों को खत्म करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। उष्ण कटिबंधीय द्वीपों पर चूहे साल भर प्रजनन करते हैं और उन्हें प्रचुर मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। ऐसे में बार-बार प्रयास करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, गैलापागोस के उत्तरी सीमोर द्वीप पर प्रारंभिक अभियान के बाद चूहों की आबादी में फिर से इजाफा दिखा था, जिसके बाद उन्मूलन प्रयास फिर से शुरू करना पड़ा। आसपास चूहों की आबादी होने से या मानव निवास वाले द्वीपों पर पुनरू घुसपैठ की संभावना अधिक होती है। उन्मूलन प्रयासों का पैमाना बढ़ रहा है। 2019 तक उन्मूलन के लिए लक्षित द्वीपों का औसत क्षेत्रफल 1700 हैक्टर था, लेकिन टोंगा स्थित लेट आइलैंड (11,600 हैक्टर) और गैलापागोस में फ्लोरियाना द्वीप (17,900 हैक्टर) जैसे बड़े द्वीप नए केंद्र बन गए हैं। फिलहाल, सबसे बड़ा द्वीप उन्मूलन प्रयास दक्षिण जॉर्जिया द्वीप (1,00,000 हैक्टर) पर हुआ है। हाल ही में, न्यूजीलैंड ने एक योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य 2050 तक पूरे देश को चूहों, फेरेट्स और पोसम जैसी प्रजातियों से छुटकारा दिलाना है।

**-स्रोत फीचर्स**


# यौन अपराधी एपस्टीन के बेबी रैंच का खुलासा

## यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यगी ने बनाई थी अपने डीएनए से सुपर रेस मानव बनाने की योजना

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी जेफ्री एपस्टीन हमेशा विवाद और अपराध के कारण सुर्खियों में रहा। 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उनकी मौत से पहले, एपस्टीन ने कथित तौर पर एक चौंकाने वाली योजना बनाई थी। उनका लक्ष्य था अपने डीएनए के जरिए 'सुपर रेस' के मानव तैयार करना।

एपस्टीन ने न्यू मेक्सिको में अपने विशाल रैंच, जिसे जीरो रैंच कहा जाता है, का इस्तेमाल महिलाओं को गर्भवती करने और अपनी संतान उत्पन्न करने के लिए करने का इरादा जताया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कई वर्षों तक वैज्ञानिकों और व्यापारिक सलाहकारों को यह योजना साझा की। कुछ लोगों ने इसे निजी रूप से 'बेबी रैंच' कहा। हालांकि, कोई सबूत नहीं है कि यह योजना कभी लागू की गई या कानूनी रूप से अवैध होती। एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया। इसमें नोबेल विजेता भौतिक विज्ञानी मरे गेल-मान, थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट

■ **एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया**



स्टीफन हाकिंग, विकासवादी जीवविज्ञानी स्टीफन जे. गुल्ड और आनुवंशिकी विशेषज्ञ जार्ज एम. चर्च शामिल थे। एपस्टीन ने शोध निधि, सम्मेलनों और उच्च स्तर की बैठकों का आयोजन किया, ताकि वैज्ञानिक विचार विमर्श में उसका प्रभुत्व रहे। एपस्टीन ट्रांसह्यूमनिज्म के प्रति बेहद उत्साहित थे, जो तकनीक और जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए मानव क्षमताओं को बढ़ाने की विचारधारा है। उन्होंने अपने शरीर के संरक्षण और मृत्यु के बाद शरीर को फ्रीज करने की क्रायोनिक्स तकनीक में भी रुचि दिखाई। हाल के वर्षों में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों में संकेत मिलते हैं कि एपस्टीन ने कथित रूप से बच्चों को जन्म दिलवाया। एक महिला ने दावा किया कि उसने 2002 के आसपास 16-17 वर्ष की उम्र में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे जन्म के तुरंत बाद एपस्टीन के पूर्व सहयोगी घिस्लेन मैक्सवेल द्वारा कब्जा लिया गया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जेफ्री एपस्टीन का जन्म और शुरुआती जीवन न्यूयार्क में बीता। बताया जाता है कि 1970 के दशक में एपस्टीन ने न्यूयार्क में ही डाल्टन स्कूल में गणित (मैथ्स) से लेकर भौतिकी (फिजिक्स) तक पढ़ाया। उसने खुद भी एक यूनिवर्सिटी से इनकी पढ़ाई की थी, हालांकि वह कभी ग्रैजुएशन पूरा नहीं कर पाया। जिस दौरान एपस्टीन स्कूल में पढ़ा रहा था, तभी एक छात्र के पिता उससे इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने जेफ्री को वाल स्ट्रीट में स्थित निवेश बैंक 'बीयर स्टियर्न्स' के एक सीनियर पार्टनर से मिलाया। यहां पहुंचने के बाद जेफ्री ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### ओलंपिक्स के पहले हमले आयोजन को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश'

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश' करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसं. रचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गई, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। इसी मार्ग के उच्च-रफ्तार रेलवे खंड पर बिजली के केबल काटे गए।



**नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र अरब अमीरात के प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) छात्रों से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

### मैरी कॉम और द फैमिली मैन के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का निधन

**काठमांडू।** 'मेरी कॉम' और 'द फैमिली मैन' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का शनिवार को यहां 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। थापा को बेहोशी की हालत में काठमांडू के नॉर्विक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ईसीजी के बाद डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। डॉक्टरों ने हृदयगति रुकने का संदेह जताया है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने थापा परिवार और उनके दोस्तों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए नेपाली सिनेमा में उनके योगदान की प्रशंसा की।

### रूसी जनरल पर जानलेवा हमले के बाद हिरासत में दो आरोपी

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गई थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया। सभी संदिग्ध रूसी नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेएव को मॉस्को में उनके आवास पर कई गोलियां मारी गई थीं, जिसके बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में अहम अंग में गोली लगने के घाव के लिए उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि उनके ठीक होने की उम्मीद है। एलेक्सेएव रूस की जीआरयू सैन्य खुफिया एजेंसी के मुख्य निद. शालय में नंबर दो के अधिकारी हैं।

# ड्रैगन की बड़ी साजिश का खुलासा!

## गलवां तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण, अमेरिका के आरोपों से हलचल

**वाशिंगटन।** 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी और दूसरी ओर गलवाल घाटी में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था। इसी दौरान तनाव की आड़ में चीन अपने नापाक मंसूबे को अंजाम देने की तैयारी में लगा हुआ था। आरोप है कि गलवां घाटी में भारतीय सैनिकों की शहादत के कुछ ही दिनों बाद चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किए। ये आरोप अमेरिका ने लगाए हैं। ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है।

इतना ही नहीं ऐसे संवेदनशील समय में चीन की यह कथित गतिविधि उसकी मंशा और दीर्घकालिक रणनीति पर अहम सवाल भी खड़े करती है। बता दें कि अमेरिका ने बीते शुक्रवार को चीन पर यह आरोप लगाए हैं। अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थामस जी डिनैनो ने कहा है कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु विस्फोट परीक्षण किए, ताकि दुनिया को इसकी भनक न लगे। अमे. रिका का दावा है कि चीन ने ऐसे तरीके अपनाए जिससे भूकंप मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रणालियां (सीस्मिक मानिटरिंग) भी इन परीक्षणों को ठीक से पकड़ न सकें। डिनैनो के मुताबिक, 22 जून 2020 को चीन ने ऐसा ही एक परमाणु परीक्षण किया था। यह तारीख इसलिए भी अहम है क्योंकि यह परीक्षण गलवां घाटी में भारत-चीन हिंसक झड़प के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ था। गलवां संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि खुफिया रिपोर्ट्स के अनुसार 30 से ज्यादा चीनी सैनिक भी मारे गए थे। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि चीन ने जिस तकनीक का इस्तेमाल किया, उसे 'डिकपलिंग' कहा जाता है। इस तकनीक में विस्फोट को इस तरह अंजाम दिया जाता है कि उसके झटके कम महसूस हों और अंतर्राष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों को शक न हो। अमेरिका का कहना है कि चीन सैकड़ों टन क्षमता वाले परमाणु परीक्षणों की तैयारी और उन्हें अंजाम दे चुका है। इतना ही नहीं डिनैनो ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिल. सिलेवार पोस्ट में बताया कि चीन का यह कदम पूरी दुनिया के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परमाणु समझौते आज की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हो चुके हैं। इस दौरान डिनैनो ने न्यू स्टार्ट संधि का भी जिक्र किया, जो 2010 में अमेरिका और रूस के बीच हुई थी। इस संधि का मकसद परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करना था। लेकिन डिनैनो के मुता. बिक, 2026 तक यह संधि अप्रासंगिक हो जाएगी क्योंकि चीन बहुत तेजी से अपना परमाणु जखीरा बढ़ा रहा है। रूस के पास बड़ी संख्या में ऐसे हथियार हैं जो इस संधि के दायरे में नहीं आते और चीन के एक भी परमाणु हथियार पर इस संधि का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां अमे. रिका के ज्यादातर परमाणु हथियार न्यू स्टार्ट के तहत सीमित थे, वहीं रूस और चीन पर इसका असर बेहद कम या न के बराबर रहा। अमेरिकी अधिकारी ने साफ कहा कि अब अमेरिका को अपने नागरिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए नई परमाणु नीति और नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो आज के खतरों को ध्यान में रखे, न कि पुराने दौर की परिस्थितियों को। गौरतलब है कि इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ऐसे संकेत दे चुके हैं। बीते साल अक्तूबर में उन्होंने कहा था कि अगर रूस और चीन परमाणु परीक्षण करते हैं, तो अमेरिका भी उसी स्तर पर परीक्षण शुरू कर सकता है, हालांकि तब उन्होंने कोई ठोस जानकारी नहीं दी थी। डिनैनो का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका न्यू स्टार्ट संधि के खत्म होने के बाद रूस और चीन के साथ तीन देशों की नई बातचीत शुरू करना चाहता है, ताकि परमाणु हथियारों पर नए सिरे से सीमाएं तय की जा सकें।



■ **ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है**

### चीन में 18 साल से कम उम्र वाले तिब्बती बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक

**बीजिंग।** चीन सरकार ने तिब्बती समुदाय के धार्मिक जीवन पर नियंत्रण और कड़ा करते हुए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से तिब्बती संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस प्रतिबंध की जानकारी तब सामने आई जब चीनी मैसेजिंग ऐप वीचौट पर एक वीडियो सामने आया। इसके बाद तिब्बती अधिकारों के उल्लंघन को लेकर चिंता बढ़ गई। तिब्बत और निर्वासित तिब्बतियों से जुड़े समाचार पोर्टल फायुल के अनुसार, खाम क्षेत्र के एक मठ के प्रवेश द्वार पर स्पष्ट रूप से लिखा नोटिस लगाया गया है 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का ईबी में प्रवेश वर्जित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह पाबंदी ऐसे समय लागू की गई है, जब तिब्बती इलाकों में सर्दियों की छुट्टियों के चलते स्कूल बंद रहते हैं। आमतौर पर इस दौरान बच्चे अपने माता-पिता के साथ मठों में धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते थे।

# चंद्रमा के सुदूर हिस्से से मिले प्रमाण नई वैज्ञानिक दिशा

**बीजिंग।** वैज्ञानिकों ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि चंद्रमा के निकटवर्ती और सुदूर हिस्सों पर क्रेटर बनने की दर अनिवार्य रूप से एक समान है। यह खोज विश्व स्तर पर एकीकृत चंद्र कालक्रम प्रणाली की स्थापना के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी डेली' के अनुसार, चीनी विज्ञान अकादमी के भू-विज्ञान एवं भू-भौतिकी संस्थान के नेतृत्व में अनुसंधान टीम ने रिमोट सेंसिंग तस्वीरों का विश्लेषण कर दशकों पुराने चंद्र प्रभाव क्रेटर कालक्रम नमूने को सफलतापूर्वक संशोधित किया है। उनका यह अध्ययन दोनों गोलार्द्धों में समान प्रभाव प्रवाह का खुलासा करता है।

यह इस बात का प्रमाण है कि शुरुआती चंद्र प्रभाव की घटनाएं धीरे-धीरे कम होने के सहज रुझान का पालन करती हैं, न कि उन नाटकीय उतार-चढ़ाव जैसा पहले अनुमान लगाया गया था। उनके निष्कर्ष गुरुवार को 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित हुए। चंद्रमा की सतह की उम्र जानना उसके भू-वैज्ञानिक विकास को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दशकों से वैज्ञानिक प्रभाव क्रेटरों की गणना कर उन क्षेत्रों की आयु का अनुमान लगाते रहे हैं, जहां से नमूने नहीं लिए गए हैं।

■ **खोज विश्व स्तर पर एकीकृत चंद्र कालक्रम प्रणाली की स्थापना के लिए एक ठोस आधार**

इसमें क्रेटरों का अधिक घनत्व पुरानी सतह का संकेत देता है। क्रेटर कालक्रम की वर्तमान पद्धति पूरी तरह से चंद्रमा के निकटवर्ती हिस्से से लिए गए नमूनों पर निर्भर थी और सबसे पुराने नमूने चार अरब वर्ष से अधिक के नहीं हैं। इस सीमा ने चंद्रमा के प्रारंभिक प्रभाव इतिहास के बारे में चल रही बहस को जन्म दिया था, जिसमें 'लेट हैवी बॉम्बार्डमेंट' जैसी अलग-अलग परिकल्पनाएं शामिल थीं। जून 2024 में एक बड़ी सफलता तब मिली, जब चीन के चांग ई-6 अभियान अपोलो बेसिन से 1935 ग्राम चंद्र नमूने वापस लाया। यह बेसिन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर स्थित 'साउथ पोल-ऐटकेन' बेसिन के भीतर मौजूद है। इन नमूनों के विश्लेषण से दो प्रमुख प्रकार की चट्टानों की पहचान हुई। पहली 2.807 अरब वर्ष पुरानी 'यंग बसाल्ट' और दूसरी 4.25 अरब वर्ष पहले बनी 'एनसिएंट नोराइट'। विशेष रूप से नोराइट उस मैग्मा से जन्मा था, जो 'साउथ पोल-ऐटकेन बेसिन' बनाने वाली विशाल प्रभाव घटना के बाद जम गया था।

# दुनियाभर मे आलीशान होटलों में तब्दील हो गई कई जेल

**नई दिल्ली।** कभी कठोर अनुशासन, संकरी कोठरियों और साधारण भोजन के लिए पहचानी जाने वाली जेलें अब दुनिया के कुछ हिस्सों में विलासिता, आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं।

विरासत इमारतों को होटल के रूप में पुनर्जीवित करने की प्रवृत्ति के तहत कई ऐतिहासिक जेलों को पंचतारा और बुटीक होटलों में बदला जा रहा है। इस कड़ी में जापान के नारा शहर की पूर्व किशोर जेल एक नया आकर्षण बनने जा रही है। मेइजी काल में 1908 में स्थापित यह जेल 2017 तक कार्यरत रही और बाद में इसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति घोषित किया गया। अब एक प्रतिष्ठित जापानी होटल ब्रांड इसे जून 2026 में ऑल-सूट होटल के रूप में खोलने जा रहा है। प्रत्येक सुइट के लिए नौ से 11 पुरानी कोठरियों को मिलाया गया है, जबकि पूर्व निरोध विग में जापानी-फ्रेंच रेस्तरां होगा। परिसर में नारा प्रिजन म्यूजियम भी खोला जाएगा, जहां आगंतुक इस इमारत के इतिहास और वास्तुकला से रूबरू हो सकेंगे। नारा जेल ऐसा पहला कारावास नहीं है जिसे होटल में बदला गया हो, बल्कि पूरी दुनिया में यह चलन बढ़ता हुआ दिख रहा है। तुर्की के इस्तांबुल में स्थित सुल्तानाहमेत क्षेत्र की एक पूर्व जेल आज फोर सीजन्स होटल के रूप में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित होटलों में गिनी जाती है। सन् 1918 में तुर्की नवशास्त्रीय शैली में निर्मित यह भवन 1969 तक जेल रहा, जहां अधिकतर लेखक, पत्रकार और बुद्धिजीवी बंद रहे।



■ **अब विलासिता आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं जेलें**

### फिल्म बॉर्डर-2 ने की 300 करोड़ क्लब में एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में 301 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'बॉर्डर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 224.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में भारतीय बाजार में 70.15 करोड़ का कारोबार किया। फिल्म ने 15वें दिन 2.85 करोड़ की कमाई की।

# सस्ते भारतीय टीके नहीं मिलने से पाक अर्थव्यवस्था पर दबाव

## पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन है

**कराची।** पाकिस्तान में भारत से किफायती टीके नहीं मिलने के कारण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य दबाव में है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन हैं। मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

इससे पहले वैश्विक सार्वजनिक-निजी स्वास्थ्य साझेदारी के तहत पाकिस्तान ग्लोबल अलायंस फार वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) के जरिये सस्ते टीके लेता था। गावी दुनिया के सबसे गरीब देशों के बच्चों को टीके दिलाती है। कमाल बोले, फिलहाल पाकिस्तान 40 करोड़ डालर की वार्षिक लागत पर टीके मंगाता है व 51 प्रतिशत लागत वहन करता है। इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो रहा है। गावी की भूमिका को स्वीकार करते हुए पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने कहा, यह संगठन खरीद मध्यस्थ और वित्तपोषण भागीदार के रूप में पाकिस्तान को मुख्य रूप से भारत से टीके प्राप्त करने में मदद करता रहा है। वह बोले, दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद, गावी ने पाकिस्तान को भारतीय दवा कंपनियों के जरिये मदद की। कोविड में भी गावी ने भारत से लाखों टीके जुटाने में मदद की थी। सरकार वर्तमान में नागरिकों को 13 प्रकार के टीके मुफ्त में दे रही है, लेकिन इनमें से किसी का भी उत्पादन देश नहीं होता है। पाकिस्तान विश्व का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी लगभग 24 करोड़ है और यहां प्रति वर्ष 62 लाख जन्म होते हैं, जिससे टीकों की मांग में काफी वृद्धि हुई है। कमाल ने कहा: अंतर्राष्ट्रीय सहायता के कारण वार्षिक आयात लागत को नियंत्रण में रखा गया है, लेकिन यदि टीकों का स्थानीय उत्पादन शुरू नहीं होता है तो यह स्थिति बदल सकती है। भारत ने पिछले साल 7 मई को पहलगाम हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इन हमलों के कारण दोनों देशों के बीच चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के साथ समाप्त हुईं।



■ **मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है**

# अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन की चेतावनी

## ट्रम्प प्रशासन की नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचाया: किसान नेता व संगठन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कृषि नेताओं और संगठनों ने कई चेतावनियां जारी करते हुए कहा है कि अगर मौजूदा प्रशासन की नीतियां जारी रहीं तो वे 'अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन' का कारण बन सकती हैं। अमेरिका के प्रमुख कृषि संघों और अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के 27 पूर्व नेताओं के एक गठबंधन ने हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस को एक औपचारिक पत्र जारी किया। इस पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की अपनाई गई नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचाया है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से कहा कि इस साल सभी फार्मों में से मुश्किल से आधे ही फार्म मुनाफा कमा पाएंगे। उनकी यह बात अमेरिकन फार्म ब्यूरो फेडरेशन के डेटा से मेल खाती है। इस डेटा में भी पाया गया है कि अमेरिकी किसान पिछले तीन सालों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के नुकसान में है। इस खत में लिखा गया है कि खेती में इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री (इनपुट) पर आयात शुल्क लगाया गया है। उर्वरक से लेकर, खेती के रसायन, से लेकर मशीनरी के पुर्जों तक, प्रशासन के शुल्क ने खेती में इनपुट की कीमतें बढ़ा दी हैं और पैदावार की लागत को जिंसों की कीमतों से काफी ऊपर कर दिया है। इसमें कहा गया कि खेती में इनपुट की लागत बढ़ाना अमे. रिकी किसानों की जेब से पैसा निकालना है। पत्र में आगे कहा गया है कि इस प्रशासन की व्यापार नीतियों और कांग्रेस की कार्रवाई की कमी ने हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करके, निर्यात बाजारों को बाधित करके और कमोडिटी कीमतों को कम करके अमे. रिकी किसानों को भी नुकसान पहुंचाया है। यह दो पिछली चेतावनियों के बाद आया है। पहली चेतावनी अक्टूबर 2025 में 215 से अधिक कृषि संगठनों का एक पत्र के जरिए दी गई और बाद में इस साल 15 जनवरी को 56 कृषि समूहों का एक पत्र जारी किया गया। इनमें देश में बिगड़ती कृषि अर्थव्यवस्था के मुख्य कारणों के रूप में व्यापार संरक्षणवाद, श्रम की कमी और संघीय कर्मचारियों की छंटनी का हवाला दिया। कांग्रेस नेतृत्व को जनवरी के पत्र में चेता. वनी दी गई थी कि बड़ी संख्या में किसान आर्थिक रूप से कर्ज में डूबे हुए हैं, फार्म दिवा. लियापन लगातार बढ़ रहा है, और कई किसानों को अपनी अगली फसल उगाने के लिए धन हासिल करने में कठिनाई हो सकती है।



### 10 अप्रैल को रिलीज होगी अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। 14 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन फिर से एक साथ आए हैं। 'भूत बंगला' से पहले अक्षय और प्रियदर्शन 'हेराफेरी', 'गरम मसाला', 'भागम भाग', 'भूल भुलैया', 'दे दना दन' और 'खट्टा मीठा' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म में दिवंगत अभिनेता असरानी भी नजर आएंगे। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

